ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 09 • विक्रम संवत 2079 • मंगलवार, 28 फरवरी 2023 • वर्ष-24 • अंक-29 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



आखिरकार रणदीप राय को 'बड़े अच्छे लगते... पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक एक मार्च को

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक एक मार्च को बुलाई गई है। शाम पांच बजे विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित कैबिनेट कार्यालय में होगी। इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सोमवार को सूचना जारी कर दी है।

### ममता कुमारी बनाई गईं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य

**रांची।** झारखंड के गोड्डा जिले की रहनेवाली ममता कुमारी को राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है। वे पूर्व विधायक प्रशांत मंडल की पत्नी हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से इस संबंध में 24 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक आयोग में ममता के अलावा मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स की डेलिना खोंगडुप और चेन्नई की खुशबू सुंदर को भी सदस्य बनाया गया है। ममता कुमारी के पति प्रशांत मंडल पोड़ैयाहाट से तीन बार विधायक रह चुके थे।

### वीरेंद्र राम को वाहन देने वाले ठेकेदारों को समन

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गाड़ी उपलब्ध कराने वाले ठेकेदारों को ईडी ने समन भेज दिया है। ईडी की छापेमारी के दौरान वीरेंद्र राम के पास से मेसर्स परमानंद सिंह बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर रजिस्टर्ड टोयटा फार्चूनर सिग्मा चार व राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन की इनोवा कार बरामद की गई थी। राजेश कंस्ट्रक्शन की इनोवा पर तो बकायदा झारखंड सरकार का बोर्ड लगाकर वीरेंद्र राम चला करते थे। ईडी दोनों ठेकेदारों के पूछेगी कि आखिर क्यों उन्होंने अपने वाहन वीरेंद्र राम को दिए थे। कमीशनखोरी व लेन देने के पहलूओं पर भी दोनों ठेका फर्म के संचालकों से पूछताछ होगी।

### सीएम के सुरक्षा प्रभारी से आज होगी पूछताछ

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास में तैनात सुरक्षागार्ड श्यामल होरो और मुकेश कुमार के एके-47 प्रेम प्रकाश के आवास से बरामदगी मामले में ईडी आज मुख्यमंत्री के सुरक्षा प्रभारी विमल कुमार से पूछताछ करेगी। ईडी ने समन भेजकर विमल को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में दिन के 11 बजे बुलाया है। गौरतलब है कि सत्ता के गलियारों में चर्चित पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के यहां ईडी ने जब 1000 करोड़ के अवैध खनन से जुड़े केस में छापेमारी की थी, तब उसके ठिकानों से एके-47 व 60 कारतूस मिले थे।




## रामगढ़ विस उपचुनाव : ईवीएम में कैद हुई प्रत्याशियों की किस्मत

### आजसू और कांग्रेस आमने-सामने, मतगणना 2 मार्च को

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। 67.96 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सभी 18 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। वोटिंग के बाद आजसू और कांग्रेस उम्मीदवार अब आमने-सामने हैं। जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा, यह तो दो मार्च को ईवीएम का पिटारा खुलने के बाद सबके सामने होगा। लेकिन मतदान के बाद जो रुझान सामने आए हैं, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि आजसू और कांग्रेस उम्मीदवार के बीच कड़ी लड़ाई है। निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सभी पुख्ता इंतजाम किये गए थे। रामगढ़ उपचुनाव में विधानसभा क्षेत्र के कुल 3,35,734 मतदाताओं में 1,15,931 पुरुष मतदाताओं ने और 1,12,221 महिला वोटरों ने अपने मत का प्रयोग किया।

(पेज 02 और 05 भी देखें)।

### यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो ने किया मतदान



**यूपीए** उम्मीदवार बजरंग महतो ने गोला प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय डभातू में बने बूथ नंबर 335 पर अपना वोट डाला है। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि सच और न्याय की लड़ाई में उन्होंने अपना योगदान दिया है। उन्हें उम्मीद है कि आज ममता देवी को न्याय मिलेगा।

### सुनीता चौधरी ने परिवार के साथ डाला वोट



**रामगढ़** विधानसभा उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी अपने पति और बेटी के साथ मतदान करने पहुंची। उन्होंने राजबल्लभ उच्च विद्यालय में बने बूथ नंबर 199 पर वोट डाला है। इस दौरान उम्मीदवार चौधरी ने कहा कि रामगढ़ की जनता इस बार उन्हें सेवा करने का मौका जरूर देगी।

# रांची एयरपोर्ट का होगा विस्तार

## झारखंड विस का बजट सत्र शुरू : राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में गिनाईं राज्य सरकार की उपलब्धियां

### धनबाद, गुमला, लोहरदगा में बनेंगे समाहरणालय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के साथ सोमवार को झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की जमकर तारीफ की और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपने अभिभाषण की शुरुआत हिंदी में की। उन्होंने झारखंड के शहीदों को नमन किया। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा भाषण अंग्रेजी में दिया। राज्यपाल ने कहा कि रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का विस्तार किया जायेगा। इसके अलावा धनबाद, गुमला और लोहरदगा में नये समाहरणालय के निर्माण की भी बात उन्होंने कही। उन्होंने झारखंड के विधायकों से कहा कि उम्मीद है कि झारखंड के विकास में आप अपनी भूमिका निभायेंगे।

**सरकार के दूरदर्शी निर्णय से कोरोना की तीसरी लहर कहर नहीं बन पाई :** सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान झारखंड में प्रति व्यक्ति आय 71 हजार रुपये से अधिक थी। बाद में बढ़कर 78 हजार से अधिक हो गयी। यह बताता है कि राज्य की सरकार विकास के लिए काम करती है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार के दूरदर्शी एवं सशक्त निर्णयों के कारण कोरोना की तीसरी लहर कहर नहीं बन पाई। सरकार ने जहां कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के सभी संभव उपाय किये, वहीं अर्थव्यवस्था को भी पटरी से नहीं उतारने दिया। सरकार ने जितना काम कोविड रोकथाम, कोविड अनुकूल व्यवहार और अस्पताल प्रबंधन के लिए किया उतना ही काम गरीबों की रोजी रोटी, बच्चों की शिक्षा, युवाओं के रोजगार, विकास के काम और जन कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए भी किया। कोरोना महामारी के काल में जहां वर्ष 2020-21 में देश की आर्थिक विकास दर ऋणात्मक (-6.6) प्रतिशत रही, वहीं झारखंड की विकास दर ऋणात्मक (-5.5) ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### राष्ट्रगान के वक्त बैठे रहे पांच अधिकारी

**विधानसभा** के बजट सत्र को संबोधित करने के लिए राज्यपाल सभा में प्रवेश के बाद आसन ग्रहण किया और उसके बाद राष्ट्रगान शुरू हुआ। राष्ट्रगान के सम्मान में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्पीकर समेत सभी मंत्री विधायक और आला अधिकारी अपनी-अपनी जगह पर खड़े हो गए। इस दौरान अधिकारी दीर्घा में राज्य प्रशासनिक सेवा के पांच अधिकारी राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े नहीं हुए और अपनी जगह पर बैठे रहे। इस बात को राज्यपाल के अभिभाषण से पहले विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने उठाया और वैसे अधिकारी कर कार्रवाई करने की मांग की।

# यूपी पुलिस ने किया एक का शिकार

### उमेश पाल हत्याकांड : एनकाउंटर में अतीक का करीबी ढेर

**एजेंसी। प्रयागराज**

राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके सरकारी गनर की दिनदहाड़े हत्या करने वाले एक बदमाश को पुलिस ने ढेर कर दिया है। प्रयागराज पुलिस ने दावा किया कि उमेश पाल हत्याकांड में शामिल अरबाज को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। इसके साथ ही उमेश हत्याकांड में शामिल बाकी आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। बताया जा रहा है कि एसओजी और प्रयागराज पुलिस ने यह एनकाउंटर नेहरू पार्क के जंगल में किया है। उमेश पाल की हत्या में जिस क्रेटा कार का इस्तेमाल किया गया था, उसे अरबाज ही चला रहा था। मारे गए बदमाश अरबाज को पूर्व सांसद अतीक अहमद का करीबी बताया जा रहा है। सल्लापुर का रहने वाला अरबाज, अतीक अहमद की गाड़ी भी चलाता था। एनकाउंटर में एक पुलिसकर्मी के भी घायल होने की खबर है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अतीक ने ही रची थी हत्या की साजिश!



इस बीच यूपी पुलिस ने गुजरात की साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद से पूछताछ की तैयारी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद ने ही हत्याकांड की साजिश रची थी। अतीक अहमद के करीबी प्रॉपर्टी डीलर के डील में उमेश पाल लगातार अड़ंगा डालने लगा था। यूपी एसटीएफ को घटनास्थल से कई अहम सबूत मिले हैं।

# इंजीनियर रामपुकार के आवास पर ईडी का छापा

### वीरेंद्र राम के अधीनस्थ इंजीनियर हैं रामपुकार

### वीरेंद्र राम की डायरी में रामपुकार राम ने भी लिखे थे हिसाब किताब

### ईडी की छापेमारी के बाद रामपुकार राम ने नष्ट किया सबूत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण कार्य विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी असिस्टेंट इंजीनियर रामपुकार राम के यहां ईडी ने छापेमारी की। सोमवार की दोपहर ईडी ने रामपुकार राम के लालपुर के पीस रोड स्थित द्वारिकेश अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 401 में छापा मारा। रामपुकार राम भी जल संसाधन विभाग में इंजीनियर हैं, लेकिन उनकी प्रतिनियुक्ति वीरेंद्र राम के साथ ही ग्रामीण कार्य विभाग में रही है। वीरेंद्र राम के द्वारा जिन टेंडरों को फाइनल किया जाता था, उन टेंडरों की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### अथ भ्रष्टाचार कथा : वीरेंद्र राम ने दिल्ली में प्रॉपर्टी खरीद में खर्च किए 30 करोड़ कैश

### साकेत, डिफेंस कॉलोनी और छतरपुर में खरीदी थी संपत्ति

### पिता व पत्नी के नाम पर की गई थी खरीद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के भ्रष्टाचार को लेकर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। पद पर रहते हुए ठेके मैनेज करने और कमीशनखोरी के जरिए वीरेंद्र राम की कमाई अरबों में है। ईडी ने वीरेंद्र राम से पूछताछ के चौथे दिन कई नई जानकारियां हासिल की। ईडी को जानकारी मिली है कि दिल्ली के साकेत, डिफेंस कॉलोनी और छतरपुर में प्रॉपर्टी की खरीद के लिए वीरेंद्र राम ने तकरीबन 30 करोड़ रुपये कैश दिए। जमीन की खरीद में बड़ा हिस्सा कैश से ही दिए जाने की बात ईडी की जांच में सामने आयी है।

**कहां-कहां संपत्ति में कितना कैश :** ईडी की जांच में यह बात सामने आई है कि साल 2015 में वीरेंद्र राम ने अपनी पत्नी राजकुमारी के नाम पर साकेत डी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**बदलाव** शहरों के नाम बदलने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# क्या आप पूरे देश को उबालना चाहते हैं?

### नामों को बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शहरों, ऐतिहासिक इमारतों, सड़कों के नाम बदलने के पीछे पड़े रहने वालों को सुप्रीम कोर्ट ने साफ संदेश दिया है। इस मामले से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान इसने कहा है कि क्या आप देश को उबालना चाहते हैं? नामों को बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले को संबोधित करते हुए अदालत ने पूछा कि क्या आप समय को पीछे ले जाना चाहते हैं, इससे आप क्या हासिल करना चाहते हैं?

सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही कई सवाल तब पूछे जब देश के शहरों, ऐतिहासिक इमारतों और अन्य जगहों के नाम बदलने के लिए एक याचिका दायर की गई थी। एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने याचिका में उन शहरों और कस्बों के प्राचीन नामों की पहचान के लिए 'रिनेमिंग कमीशन' बनाए जाने की मांग की जिनका नाम कथित तौर पर 'आक्रमणकारियों' के नाम पर रखा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अश्विनी उपाध्याय की दलीलों पर कई सवाल किए और आखिरकार याचिका को खारिज कर दिया। याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देश अतीत का कैदी बन कर नहीं रह सकता। धर्मनिरपेक्ष भारत सभी का है।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की मंशा पर भी सवाल उठाया। यह खासकर इसलिए कि भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने उसमें कहा था, जो नाम 'बर्बर विदेशी आक्रमणकारियों' के नाम पर रखे गए उन 'प्राचीन ऐतिहासिक सांस्कृतिक धार्मिक स्थलों' के मूल नामों का पता लगाने के लिए 'नामकरण आयोग' बनाया जाए। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने इस जनहित याचिका के मकसद पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह उन मुद्दों को जीवंत करेगा, जो 'देश को उबालते रहेंगे'। फैसला सुनाते हुए पीठ ने कहा कि देश के इतिहास को उसकी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को परेशान करने वाला नहीं होना चाहिए।

### क्रूर यादों को खत्म करने की जरूरत



उपाध्याय ने याचिका में अकबर रोड, लोदी रोड, हुमायूं रोड, चेम्सफोर्ड रोड, हेली रोड जैसे नामों को भी बदलने की जरूरत बताई थी। लेकिन जस्टिस जोसेफ ने कहा, 'आपने अकबर रोड का नाम बदलने की भी मांग की है। इतिहास कहता है कि अकबर ने सबको साथ लाने की कोशिश की। इसके लिए दीन ए इलाही जैसा अलग धर्म लाया।' इस पर याचिकाकर्ता ने कहा कि इसे किसी सड़क के नाम तक सीमित न किया जाए, जिन लोगों ने हमारे पूर्वजों को अकल्पनीय तकलीफें दीं, जिनके चलते हमारी माताओं को जौहर जैसे कदम उठाने पड़े, उन क्रूर यादों को खत्म करने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'हम पर हमले हुए, यह सच है। क्या आप समय को पीछे ले जाना चाहते हैं? इससे आप क्या हासिल करना चाहते हैं? क्या देश में समस्याओं की कमी है? उन्हें छोड़ कर गृह मंत्रालय अब नाम ढूंढना शुरू करे?'

जेपीएससी में संविदा पर कार्यरत कर्मियों का मामला

# हाईकोर्ट ने 45 दिनों के अंदर सेवा नियमित करने का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को जेपीएससी में संविदा पर नियुक्त कर्मी की सेवा 45 दिनों के भीतर नियमित करने का निर्देश जेपीएससी को दिया है। साथ ही वर्ष 2014 से इनकी सेवा को नियमित मानते हुए इन्हें सारी सुविधा देने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने सुखविलास उरांव की अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। खंडपीठ ने वर्ष 2022 में याचिकाकर्ता की याचिका को एकल पीठ द्वारा खारिज किए जाने और जेपीएससी द्वारा उसे वर्ष 2010 में हटाए जाने के आदेश को असंवैधानिक ठहराया। खंडपीठ ने याचिकाकर्ता की याचिका को निष्पादित कर दिया। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सृष्टि सिन्हा एवं अधिवक्ता शशांक शेखर झा ने पैरवी की।




उल्लेखनीय है कि सुखविलास उरांव की नियुक्ति संविदा पर वर्ष 2004 में जेपीएससी में दफ्तरी के पद पर हुई थी। लेकिन वर्ष 2010 में उसे हटा दिया गया और फिर से उसकी नियुक्ति संविदा पर की गई। सुखविलास ने वर्ष 2010 में नौकरी से हटाए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने वर्ष 2022 में याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि सुखविलास संविदा पर कार्यरत है उसे हटाना या ना हटाना जेपीएससी पर निर्भर करता है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की गई थी जिस पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

# रामगढ़ उपचुनाव : आजसू और कांग्रेस के बीच झड़प






**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ शहर के छावनी परिषद बालिका मध्य विद्यालय में बनाए गए मॉडल बूथ 1 पर हंगामा हो गया। यहां आजसू और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प होने के बाद पुलिस ने स्थिति को संभाला। मतदान केंद्र पर आजसू के कार्यकर्ता पट्टा लगाकर प्रवेश कर गए थे। उन लोगों के द्वारा मतदाताओं को आजसू उम्मीदवार को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। इसकी सूचना के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता वहां पहुंचे और आजसू कार्यकर्ताओं को बूथ से निकलने के लिए कहा। इसके बाद आजसू और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच में झड़प शुरू हो गई। सुरक्षा में लगे पदाधिकारियों ने लाठी चटका कर स्थिति को संभाला।

## बूथ नंबर 48 पर तीन बार खराब हुई ईवीएम

रामगढ़ शहर के राजकीय मध्य विद्यालय प्रखंड मुख्यालय रामगढ़ 2 के बूथ नंबर 48 पर ईवीएम मशीन तीन बार खराब हुई है। पोलिंग पार्टी के द्वारा इस बात की सूचना निर्वाचित पदाधिकारी और कंट्रोल रूम को भी दी गई। ईवीएम खराब होने की सूचना के तत्काल बाद कंट्रोल रूम में वहां ईवीएम मशीन में बदलाव किया गया। तीन बार मशीन बदले जाने की वजह से वह लगभग डेढ़ घंटे तक मतदान भी बाधित रहा। वहां मतदाताओं का कहना था कि इस तरह की व्यवस्था चुनाव के लिए ठीक नहीं है।

**रामगढ़ डीसी और एसपी ने बूथ नंबर 106 पर डाला वोट :** रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडे ने बूथ नंबर 106 पर वोट डाला है। इस दौरान डीसी माधवी मिश्रा ने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से वोट करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि वोटिंग हमारा अधिकार है और क्षेत्र के विकास के लिए सही प्रतिनिधि चुनना भी जरूरी है। उन्होंने अपना स्लोगन भी दिया कि मैंने अपना वोट डाला है, क्या आपने अपना मत का प्रयोग किया।

एसपी पीयूष पांडे ने भी वोट डालने के बाद अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने भी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आम नागरिकों से वोटिंग करने की अपील की है।

# भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को सदन में घेरेगी भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा स्थानीयता व नियोजन नीति, सत्ता प्रायोजित भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के मुद्दों पर राज्य सरकार को सदन में घेरेगी। सोमवार को प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नेता विधायक दल सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक जेपी पटेल , सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, मनीष जयसवाल, अमित मंडल, राज सिन्हा, अमर बावरी, किशुन दास, नारायण दास, विरंची नारायण, शशिभूषण मेहता, कोचे मुंडा, अपर्णा सेनगुप्ता, नीरा यादव, पुष्पा देवी, आलोक चौरसिया, केदार हाजरा, नीलकंठ सिंह मुंडा, अनंत ओझा, रामचंद्र चंद्रवंशी, समरी लाल शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सदन से सड़क तक राज्य के साढ़े तीन करोड़ जनता की आवाज है। राज्य सरकार ने राज्य को नियोजन नीति विहीन बना दिया है। राज्य सरकार की नीति और नीयत में खोट है। इनकी मंशा साफ नही है। 1932 के नाम पर युवाओं को सिर्फ धोखा दिया है। जबकि राज्यपाल की टिप्पणी के बाद इन्हें महंगे वकीलों ,कानूनविदों से करोड़ों फीस देकर भी सलाह लेने से परहेज नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। भ्रष्टाचारियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। तभी तो ईडी की कारवाई के बाद भी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर राज्य सरकार ने मुकदमे दर्ज नहीं किए। कुछ दिन पूर्व ईडी की कारवाई में गिरफ्तार मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम पर एसीबी की अनुशंसा के बाद भी करवाई नही होना इसका ताजा उदाहरण है।

## प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व विधायकों के साथ हुई बैठक

# 11 अप्रैल को भाजपा करेगी आंदोलन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा ने झारखंड में लोकसभा व विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी जोर शोर से शुरू कर दी है। रांची में 11 अप्रैल हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ नाम से विशाल आंदोलन चलाया जाएगा। इस प्रदर्शन के लिए कार्यकताओं को तैयार रहने का निर्देश दीपक प्रकाश ने दिया। सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिन भर बैठकों का दौर चला। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को अब चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए। हमसभी को अब अपने कार्यों की गति चौगुनी करनी है। बूथ सशक्तिकरण अभियान के साथ हम अन्य सांगठनिक कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतारना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो साथ ही जनप्रतिनिधियों के कार्यक्रमों के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बढ़चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि संगठन और जनप्रतिनिधि एक सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऑक्सीजन पर चल रही है। भ्रष्ट निकम्मी सरकार अपनी नाकामियों, विफलताओं से घिरती जा रही।

**लोकसभा में ज्यादा मत प्राप्त करने का लक्ष्य :** बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा ने गरीब कल्याण कार्यक्रमों और नीतियों के आधार पर पिछले लोकसभा चुनाव से भी ज्यादा मत प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि विरोधियों की बौखलाहट एवं सत्ता लोलुपता ने मोदी सरकार की लोकप्रियता को लगातार बढ़ाया है। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी अपने कार्यकर्ता व सहयोगी दलों के साथ 35 करोड़ मत प्राप्त करके केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार का सपना साकार करेगी। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने संपन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वावलंबी भारत अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम की चर्चा की। उन्होंने बताया कि आगामी 22 मार्च को धनबाद में बिहार दिवस, 30 मार्च को रांची में राजस्थान दिवस जबकि 1अप्रैल को जमशेदपुर में उड़ीसा दिवस मनाया जायेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को प्रदेश के सभी बूथों पर अप्रैल के अंतिम रविवार को उत्सव की तरह मनाने के निर्देश दिए। 100वें एपिसोड को समाज के विभिन्न वर्गों की 100 का समूह बनाकर कार्यकर्ता सुनेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा,गंगोत्री कुजूर, प्रणव वर्मा,जेपी पटेल,महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री नवीन जायसवाल,सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान,रीता मिश्रा,शर्मिला रजक,कोषाध्यक्ष दीपक बंका,प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास,सूरज चौरसिया,शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, किसलय तिवारी,अमरदीप यादव,अनवर हयात,आरती कुजूर,अमर बाउरी,सहित जिलों के अध्यक्ष एवं प्रभारीगण उपस्थित थे।

# सहायक अध्यापक के मानदेय में वृद्धि का प्रस्ताव किया अनुमोदित



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में सहायक प्राध्यापकों के लिए प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार समिति के गठन हेतु बैठक किया गया। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील केसरी समेत विभिन्न पंचायतों के मुखिया पंचायत समिति सदस्य, उच्च विद्यालयों के शिक्षक और वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड एवं पंचायत के प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार समिति की संरचना उसका गठन एवं उसके अधिकार एवं कर्तव्य एवं दायित्वों की जानकारी दिया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा पहले प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार समिति का गठन किया गया। गठन होने के उपरांत उच्च प्राथमिक स्तर ( वर्ग 6 से 8 ) के कुल 26 सहायक अध्यापक में से 25 का मानदेय में 4 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। 1 सहायक शिक्षक का प्रमाण पत्र संबंधित बोर्ड से नहीं हो पाने कारण अनुमोदन नहीं हो पाया। इसके पश्चात बेड़ो प्रखंड के 17 पंचायतों का पंचायत स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार का गठन किया गया।

# श्री श्याम मित्र मंडल के 51वें स्थापना दिवस की तैयारी तेज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल का 51 वां स्थपना दिवस सह रंग रंगीलो पंच दिवसीय श्री श्याम अमृत महोत्सव की शुरूआत मंगलवार से होगी। सभी आयोजन हरमु रोड़ के श्री श्याम मंदिर में होंगें। पंच दिवसीय महोत्सव की तैयारी जोर शोर से चल रहीं है। मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी व सयोंजक गौरव अग्रवाल मोनू की अगुवाई में सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दीया जा रहा है। श्री श्याम मंदिर में कार्यकर्ताओ की बैठके प्रतिदिन हो रहीं है। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 10 बजे श्री गणेश पूजन, महायज्ञ ( हवन ) ध्वज स्थापना का अनुष्ठान का आयोजन होगा। यजमान श्रेष्ठ हनुमान शरण सिंघानिया के सुपुत्र राजेश, सारिका व हर्ष सिंघानिया अपने परिवार के साथ श्री गणेश पूजन अनुष्ठान विधिवत करवाएंगे। दोपहर 3 बजे से 39 वॉ श्री सुंदरकांड - श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। धनबाद के प्रसिद्ध पाठ वाचक पंकज मोदी व पंकज साँवरिया अपने सहयोगियों के साथ भगतजनों से पाठ करवाएंगे। 400 से ज्यादा भगतजन श्री श्याम मंदिर में एक साथ बैठ कर पाठ करेंगें। कोकर निवासी उर्मिला जैन, अजय जैन अपने परिवार के साथ बजरंगबली की अखण्ड पावन ज्योति प्रज्जवलित करके केशरिया बुंदियाँ, भुजिया, पेड़ा, चना, गुड़, फल का प्रसाद अर्पित करेंगें। प्रथम दिवस के कार्यक्रम के लिए अनिल नारनौली व संजय सराफ को सयोंजक मनोनीत किया गया है। वहीं दूसरी ओर श्री श्याम मित्र मंडल के पंचदिवसीय महोत्सव के दुसरे दिन बुधवार को 751 ध्वजा ( निशान ) की शोभायात्रा हरमु रोड़ के मारवाड़ी भवन से दोपहर एक बजे प्रारम्भ होगी।

# पॉलिटेक्निक में कैंपस सलेक्शन का आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्निक में सोमवार को कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया। जिसमें रांची के कॉडजिल टेक्नोलॉजी द्वारा कैंपसिंग कराया गया। इस कैंपसिंग में कॉडजिल के एच.आर. एग्जीक्यूटिव अनिता कुमारी, सी. ई.ओ. धनेश महतो और बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव सौरव कृष्णा ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया।साक्षात्कार में सिल्ली पॉलिटेक्निक के कंप्यूटर साइंस संकाय के छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए।इस कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह कंपनी पी.एच.पी डेवलपर ,स्टैक डेवलपर जैसे काम सिखाती है जो छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस साक्षात्कार में कंपनी के द्वारा कंप्यूटर साइंस संकाय के दो छात्र बजरंग मुंडा और चंदन कुशवाहा का चयन किया गया।साक्षात्कार के आयोजन में सिल्ली पॉलिटेक्निक के निदेशक विष्णु व्रता चट्टोपाध्याय ,प्राचार्य समीर शर्मा, प्लेसमेंट अधिकारी दीपक कुमार महतो,राजेश गुड़िया, अरुण कांति मन्ना, शयान कुंदु आदि का योगदान रहा।

## बीआरपी सीआरपी संघ का प्रतिनिधिमंडल परियोजना निदेशक से मिला

# मानदेय का भुगतान करें



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग। बीआरपी सीआरपी एवं एसएस संघ झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद के नेतृत्व में सोमवार को झारखंड शिक्षा परियोजना की निदेशक (एसपीडी) किरण कुमार पासी से मिला और होली के पूर्व दो महीने के मानदेय का भुगतान करने की मांग की। बीआरपी सीआरपी एवं एस एस संघ झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना निदेशक से कहा कि बीआरपी सीआरपी हेतु सेवा शर्त नियमावली के लिए गठित विभागीय समिति की अनुशंसा के बाद भी बीआरपी सीआरपी का मानदेय में वृद्धि नहीं की गई। जबकि कमिटी की अनुशंसा कई महीने पहले ही की जा चुकी है। मानदेय के नहीं बढ़ने से सीआरपी बीआरपी में काफी निराशा एवं हताशा व्याप्त हो गया है। इससे सीआरपी बीआरपी का मनोबल टूटा है। परियोजना निदेशक से सीआरपी बीआरपी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पारा शिक्षकों का सेवा शर्त नियमावली वर्ष 2022 से ही लागू करते हुए उनका मानदेय 22500 कर दिया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा मॉडल विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का भी मानदेय बढ़ा कर 27000 कर दिया गया। जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा उच्च विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों का अनुश्रवण करने वाले बीआरपी का मानदेय आज तक केवल 17500 तथा सीआरपी का मानदेय 15500 रूपए ही दिया जा रहा है। पिछले 4 वर्षों से सीआरपी बीआरपी का मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गई। बीआरपी तथा बीपीओ का मानदेय 2013 में बराबर था लेकिन आज की तिथि में बीपीओ का मानदेय 40 हजार है जबकि बीआरपी का मानदेय केवल 17500 ही है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बीआरपी सीआरपी के मानदेय कम रहने के कारण उनके कार्य क्षमता में असर पड़ रहा है।

# प्रधानमंत्री की तस्वीर नहीं लगाना निंदनीय

**रांची।** रांची की मेयर और भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डा. आशा लकड़ा ने कहा कि जी-20 की बैठक को लेकर शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पोस्टर पर अपनी तस्वीर लगवाकर यह साबित कर रहे है कि जी-20 बैठक की अध्यक्षता वे ही कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह ज्ञात होना चाहिए कि भारत जी-20 बैठक की मेजबानी कर रहा है और इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। निर्धारित रूटों पर लगाए गए पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर नहीं लगाई गई है, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जी-20 की बैठक के लिए रांची के चयन कर झारखंड राज्य का मान-सम्मान बढ़ाया है, लेकिन मुख्यमंत्री सोरेन होर्डिंग और पोस्टर पर अपनी तस्वीर लगवाकर ओछी मानसिकता का परिचय दे रहे हैं।

**मेला** | मोरहाबादी मैदान में चले रहे पर्यावरण मेले का छठा दिन

# टेक्नोलॉजी ड्राईवन वर्ल्ड विषय पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के मोरहाबादी मैदान में चले रहे पर्यावरण मेले के छठे दिन प्रिपेयरिंग फॉर लाईफ इन ए टेक्नोलॉजी ड्राईवन वर्ल्ड विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा के मुख्य अतिथि-सह-अध्यक्ष, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और आईआईटी, दिल्ली के प्राध्यापक एवं शोधकर्ता प्रो. एस.ई. हसनैन ने परिचर्चा के दौरान कहा कि आज की दुनिया टेक्नोलॉजी आधारित हो गई है, यह हमारी जीवन शैली को पूरी तरह से प्रभावित कर रहा है। डाटा या आंकड़ा जो पहले केवल गणीतीय सांख्यिकीय, वित्तीय कार्यों में उपयोग होता था। परन्तु आज डाटा की उपयोगिता सार्वभौमिक हो गई है। पहले जो केवल एक आंकड़ा भर था वह परिष्कृत होकर सूचना बना, फिर पुनः परिष्कृत होकर ज्ञान बन गया है, यह केवल टेक्नोलॉजी के माध्यम से हुआ है। उबेर जैसे कंपनी जो दुनिया का सबसे बड़ा टैक्सी चेन है, परन्तु उसके पास अपनी एक भी टैक्सी नहीं है, यह टेक्नोलॉजी का कमाल है। आज स्मार्टफोन के माध्यम से जीवन शैली काफी आसान हो गया है। आज जो चैट जीपीटी एप्प आ गया है, वह सारी दुनिया में तहलका मचा रहा है। यह टेक्नोलॉजी का नवीनतम संस्करण औद्योगिक क्रांति के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन ला देगा, हमारे दुनिया को पूरी तरह बदल देगा। यह एप्प हमारे जीवन को इतना आसान बना देगा जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते है। पूरे दुनिया में थ्री डी प्रिंटर की अब काफी मांग है। इस पर लगातार शोध एवं अनुसंधान के कारण अब यह काफी सस्ता हो गया है, पहले जहां विश्व में इसका दाम 18 हजार डॉलर दाम था, वहीं अब घटकर केवल 400 डॉलर पर आ गया है। इसमें अभी और कमी आने की संभावना है। थ्री डी प्रिंटर के कारण अब बाजारवाद जैसे अलादिन का चिराग का अस्तित्व भी संकट में आ जायेगा। मिनटों में आपके जरूरत के समान प्रिंटर के माध्यम से आपके पास होगा। भविष्य में नौकरी के नई परिभाषा गढ़ी जायेगी। युवा वर्ग को पता हीं नहीं चलेगा कि ग्रेजुएट होने के बाद उन्हें किस तरह की नौकरी मिलेगी। परन्तु आज तकनीक के कारण हमारे समाज में डिजिटल भेदभाव बढ़ रहा है।

### मेले में आज

कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उदय और पर्यावरण पर इसका प्रभाव' विषय पर परिचर्चा
**शामिल होंगे:** झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर
कुंदन लाल (विटी रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष, मुंबई)
इसके साथ ही मेले में संतूर एवं बांसुरी की जुगलबंदी तथा भोजपुरी गायन भी होगा।

## घटवार समाज के लोगों ने विधायक चमरा लिंडा का पुतला फूंका

**सिल्ली।** सिल्ली बुड़ाआम रघुनाथ महतो चौक के समीप घटवार समाज के लोगों ने विधायक चमरा लिंडा का पुतला जलाया। मौके पर महासभा के रांची जिला अध्यक्ष मुरलीधर घटवार ने कहा कि हमारे समाज के विरोध में विधायक ने गलत बयान बाजी कर रहे हैं । उन्होंने अपने बयान में कहा है कि घटवार आदिवासी समाज में शामिल नहीं हो सकता। अगर ऐसा हुआ तो झारखंड को अपंग बना देंगे। इस पर मुरली घटवार ने कहा कि हम अपनी मांगों को लेकर सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। हमारे लिए लड़ाई बरसों पुरानी है। समाज के प्रति गलत बयान बाजी करने वालों का समाज को पुरजोर बिरोध करेगा।

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सूचना सं0–12/2022–23

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकरी, झुमरी तिलैया, नगर परिषद
2. परिमाण विपत्र बिक्री तिथि एवं स्थान :– 09.03.2023 को 5.00 अपराहन तक, झु0ति0, नगर परिषद कार्यालय
3. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय :– झु0ति0, नगर परिषद, 10.03.2023, 4:00 बजे अप0 तक
4. निविदा खोलने की तिथि स्थान एवं समय:– झु0ति0, नगर परिषद 10.03.2023 5:00 बजे अप0 से
5. कार्य का विवरण :–

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | LAYING OF INTERLOCKING PAVER BLOCKS AT BACKSIDE AND ERECTION OF SHED AT NORTH SIDE OF OFFICE COMPOUND OF JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD. | 994500.00 | 20000.00 | 5000.00 | 90 दिन |

ह0/–
प्रशासक, झुमरीतिलैया, नगर परिषद
PR.NO.291341 Urban Development(22-23):D

### झारखंड में डॉक्टरों पर बढ़े हमले

# एक मार्च को राज्य में हड़ताल पर रहेंगे डॉक्टर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के डॉक्टरों ने सुरक्षा की मांग को लेकर आगामी एक मार्च को पूरे राज्य में हड़ताल का ऐलान किया है। आईएमए और झारखंड चिकित्सा सेवा संघ ने कहा है कि अगर डॉक्टरों पर हमले और दुर्व्यवहार की घटनाओं पर सरकार ने तत्काल एक्शन नहीं लिया तो डॉक्टर बेमियादी कार्य बहिष्कार जैसा निर्णय लेने को बाध्य होंगे। इधर सोमवार को रांची के एक मशहूर ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ अंचल पर कातिलाना हमला हुआ है। अज्ञात लोगों ने हमला कर उनका सिर फोड़ दिया। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इस घटना के बाद आईएमए की झारखंड इकाई ने आपात बैठक बुलाई। इसमें आगामी 1 मार्च को कार्य बहिष्कार आंदोलन को शत-प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया गया। हाल में रांची के अलावा गढ़वा, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, लोहरदगा और हजारीबाग की घटनाओं पर विरोध जताया गया। स्टेट आइएमए के सेक्रेटरी प्रदीप सिंह ने कहा कि डॉक्टर एक मार्च को अस्पताल तो आयेंगे लेकिन परामर्श नही देंगे। हालांकि आपातकालीन परामर्श, पोस्टमार्टम और प्रसव की सुविधा बहाल रहेगी। डॉ सिंह ने कहा कि राज्य में डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं। गढ़वा सदर अस्पताल और राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। हजारीबाग में डीडीसी ने मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभागाध्यक्ष को अपने कक्ष में बुलाकर लंबे समय तक खड़ा रखा और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया। जामताड़ा में स्थानीय विधायक ने सिविल सर्जन के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। बोकारो के पेटरवार में डॉक्टर अजय चौधरी के साथ मारपीट की गई और लोहरदगा में सिविल सर्जन को एक स्थानीय प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक ने हाथ काट लेने की धमकी दी। असुरक्षा के ऐसे माहौल में डॉक्टर कैसे काम कर पाएंगे? आईएमए ने प्रस्ताव पारित कर कहा कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट और क्लीनिकल स्टैब्लिशमेंट एक्ट लागू करने और बायोमैट्रिक अटेंडेंस से डॉक्टरों को मुक्त रखने की मांग की। झासा (झारखंड हेल्थ सर्विस एसो.) के अध्यक्ष डॉ पीपी साह ने कहा कि डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं लगातार घट रही हैं। इसके विरोध में यह सांकेतिक आंदोलन है जिसको व्यापक स्तर तक ले जाया जायेगा। आइएमए रांची के अध्यक्ष डॉ शंभु प्रसाद ने बताया कि डॉक्टरों के साथ प्रताड़ना के केसेज बढ़ते जा रहे हैं। डॉ भारती कश्यप ने कहा कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग डॉक्टर लंबे समय से कर रहे हैं लेकिन सरकार इसपर ध्यान नहीं दे रही।

#### डॉक्टर पर जानलेवा हमला दुर्भाग्यपूर्ण : सांसद



रांची के सांसद संजय सेठ ने रांची के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल कुमार पर जानलेवा हमला की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है साथ ही इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं राज्य में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है चाहे वह व्यापारी हो कारोबारी हो या डॉक्ट हो या आमजन अपराधियों द्वारा लगातार रांची में वॉइस ऑफ सोसाइटी के लोगों को टारगेट कर उनकी हत्या हो रही हैं दिनदहाड़े एक प्रसिद्ध चिकित्सक को घर में घुसकर उन पर जानलेवा हमला हो जाता है यह कहीं ना कहीं प्रशासन के विफलता का परिणाम है राज्य में अपराधियों को प्रशासन का भय समाप्त हो चुका है सांसद सेठ ने प्रशासन से जल्द से जल्द अपराधियों की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने को कहा।

## अधिवक्ताओं ने की न्यायायुक्त से शिकायत

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने जज मधुरेश कुमार वर्मा के खिलाफ रांची जिला बार एसोसिएशन( आरडीबीए) से शिकायत की है। सिविल कोर्ट के 50 से ज्यादा अधिवक्ताओं ने आरडीबीए को दी गई लिखित शिकायत में कहा है कि जज मधुरेश कुमार वर्मा का व्यवहार बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं के प्रति अच्छा नहीं रहता और वह बचाव पक्ष के वकीलों के साथ- साथ गवाहों के साथ भी दुर्व्यवहार पूर्ण रवैया रखते हैं। एसोसिएशन को मिले इस पत्र के बाद सोमवार को अधिवक्ताओं के साथ एसोसिएशन ने आपात बैठक की। साथ ही इस मामले पर रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त के साथ भी बातचीत की। एसोसिएशन ने सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को एक मांग पत्र भी सौंपा। इसमें जज मधुरेश वर्मा को आचरण में सुधार करने और उनके ट्रांसफर की मांग की गई है। मधुरेश वर्मा रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त 16 हैं। उन्हें एनआईए की स्पेशल कोर्ट का जिम्मा मिला हुआ है।

# सम्राट गिरोह का सरगना हत्या के एक मामले में बरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत ने सोमवार को सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू को हत्या के एक मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मामला लापुंग थाना कांड संख्या 18/2008 से जुड़ा है। मामले में वीरेंद्र साहू साहू उर्फ फेकू साहू की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाह प्रस्तुत किए गए थे। लेकिन सभी गवाह यह साबित नहीं कर पाए कि वीरेंद्र साहू की हत्या जयनाथ साहू ने करवाई है। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद जयनाथ साहू को इस मामले में बरी कर दिया। मामले की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुई। जयनाथ साहू की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू झारखंड के अलग-अलग जिलों में आतंक का पर्याय रह चुका है।

# जी-20 के सफल आयोजन के लिए मिली जिम्मेवारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की राजधानी रांची में जी-20 (दुनिया के विकासशील और विकसित देशों का संगठन) की बैठक दो मार्च को होने वाली है। जी-20 देशों के डेलीगेट्स के स्वागत तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जी-20 के 60 डेलीगेट इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जिले के पांच वरीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी मिली है। इनमें राहुल पुरवार, मनीष रंजन, अमिताभ कौशल, कृपा झा और उमा शंकर सिंह का नाम शामिल हैं। आईएएस राहुल पुरवार को एयरपोर्ट की जिम्मेदारी दी गयी है। टीम की अगवाई नीतीश सिंह और मनीष कुमार करेंगे। इनकी टीम में शताब्दी मजूमदार और रविशंकर हैं। इसके अलावा सभी पदाधिकारी अपने वरीय पदाधिकारियों के साथ मिलकर कई जिम्मेदारियों निभायेंगे। विदेश मंत्रालय से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार, प्रतिनिधियों और वीआईपी के आगमन और प्रस्थान का समन्वय करना।




प्रस्थान और आगमन दोनों टर्मिनलों पर हवाई अड्डे की ब्रांडिंग की देखभाल करना, केंद्रीय विदेश मंत्रालय ईएमसी और राज्य पर्यटन एजेंसी के ब्रांडिंग पार्टनर के साथ समन्वय करना। सुचारु सुरक्षा जांच और प्रतिनिधियों और वीआईपी के लिए अलग काउंटर सुनिश्चित करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों, सीआईएसएफ के साथ समन्वय करना। आगमन और प्रस्थान लाउंज दोनों में अल्पाहार और पेय पदार्थ परोसने के लिए रेडिसन ब्लू टीम के साथ समन्वय करना। हवाईअड्डे से प्रतिनिधियों को अनुरक्षण करने के लिए संपर्क अधिकारियों के साथ समन्वय करना। हवाईअड्डे पर अतिथियों के स्वागत के लिए सांस्कृतिक निदेशालय से समन्वय करना। साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य कोई काम करना। जिला प्रशासन एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी से सभी संबंधितों के पास जारी करना। प्रतिनिधियों की सहायता के लिए केंद्रीय विदेश मंत्रालय ईएमसी और हवाईअड्डा प्राधिकरण से पोर्टर्स देना।

### आईएएस मनीष रंजन को होटल रेडिशन ब्लू की जिम्मेदारी मिली है

### सरकार ने झारखंड के सभी अधिकारियों को अपने-अपने कर्तव्यों को निभाने की मिली जिम्मेवारी

आईएएस मनीष रंजन को होटल रेडिशन ब्लू की जिम्मेदारी मिली है। टीम की अगुवाई हिमांशु मोहन, आकांक्षा रंजन और कर्ण सत्यार्थी करेंगे और उनके टीम में आशीष गंगवार तथा आशीष कुमार जायसवाल हैं। प्रतिनिधियों को एस्कॉर्ट करने के लिए संपर्क अधिकारियों के साथ समन्वय करना हवाई अड्डे से होटल तक। रात में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए निदेशालय के साथ समन्वय करना और गाला डिनर। होटल में प्रतिनिधियों और वीआईपी को कॉफी टेबल बुक्स और उपहारों का वितरण। मेडिकल टीम और कार्डियक एम्बुलेंस के लिए रांची प्रशासन के साथ होटल में 247 समन्वय करना। रात में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और गाला डिनर में भाग लेने वाले राज्य के गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करना। जिला प्रशासन से सभी संबंधितों के पास जारी करना, आवश्यकता अनुसार कोई अन्य कार्य। पतरातू रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम की जिम्मेदारी अमिताभ कौशल को मिली। पतरातू झील रिजॉर्ट में होने वाले कार्यक्रम के लिए आईएएस अमिताभ कौशल को जिम्मेदारी दी गयी है। टीम की अगुवाई ऋतुराज करेंगे और उनकी टीम में उत्कर्ष कुमार, विसपुते श्रीकांत और सुजीत कुमार सिंह हैं। स्टेट टूरिज्म एजेंसी के पार्टनर ब्रांडिंग के साथ समन्वय करते हुए शिल्प ग्राम की स्थापना। आगमन पर स्नैक्स और पेय पदार्थ परोसने और पतरातू में लंच परोसने के लिए रेडिसन ब्लू टीम के साथ समन्वय सहारा लेना। टीम का स्वागत करने के लिए सांस्कृतिक निदेशालय के साथ समन्वय करना और लाइव प्रदर्शनों के लिए स्टॉल लगाना। जेएसएलपीएस, खादी, ट्राइब्स इंडिया, झारक्राफ्ट के साथ उनके संबंधित स्टालों के लिए समन्वय करना। जिला प्रशासन की ओर से सभी संबंधितों को पास जारी करना। नौका विहार सुविधाओं के लिए एनडीआरएफ और जेटीडीसी के साथ समन्वय। पतरातू द्वीप पर समन्वय व्यवस्था, कोई भी अन्य कार्य आवश्यकतानुसार। पतरातू और शिल्पग्राम पैम्फलेट डिजाइन करना और वितरण करना। यातायात और रांची जिला प्रशासन के साथ समन्वय के लिए आईएएस कृपा झा और उमा शंकर सिंह को जिम्मेदारी दी गयी है। टीम की अगुवाई उत्कर्ष गुप्ता कर रहे हैं और उनकी टीम में ओम प्रकाश गुप्ता, सन्नी राज और ठाकुर गौरी शंकर शर्मा हैं।

## होली महोत्सव पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**रांची।** होली के शुभ अवसर पर हास्य मेव जयते द्वारा इस वर्ष भी धूमधाम से फागुन महीने का फागुन उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है संस्था के संरक्षक सह सांसद श्री संजय सेठ ने कहा कोविड के कारण पिछले 2 वर्ष से सांसद आवास में साधारण ढंग से होली महोत्सव मनाया गया था लेकिन इस वर्ष बड़े ही धूमधाम से 7 मार्च को सांसद संजय सेठ के आवास पर होली महोत्सव मनाया जाएगा जिसमें देश के विख्यात हास्य कवियों के द्वारा मनोरंजन और रंगारंग होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया है अध्यक्ष श्री मुकेश काबरा ने बताया होली आपसी मिलन का त्योहार है सांसद श्री सेठ ने रांची लोकसभा के सभी कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# होली के बाद होगा शिक्षकों का तबादला, 3 तक मांगी रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददातपा। रांची**
झारखंड के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के स्थानांतरण की तैयारी शुरू कर दी गई है। होली के बाद शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए सभी जिलों को टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर अपलोड किये गए शिक्षकों की जानकारियों को री-चेक करने का निर्देश दिया गया है। 3 मार्च तक यह प्रक्रिया पूरी कर सभी जिले स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग को रिपोर्ट देंगे। इसके बाद शिक्षा विभाग तबादले की प्रक्रिया शुरू करने को लेकर आवेदन लेगा। तबादले की प्रक्रिया में तबादले की प्रक्रिया में सबसे पहले अंतर जिला स्थानांतरण होगा। इसमें महिला शिक्षिकाओं, असाध्य रोग पीड़ित, दिव्यांग व पति-पत्नी जो सरकारी सेवा में हैं, उनका तबादला किया जाएगा। इसके लिए टीचर ट्रांसफर



पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिये जाएंगे। इन शिक्षकों को अंतर जिला स्थानांतरण के लिए उससे संबंधित दस्तावेज आवेदन के साथ अपलोड करने होंगे। इसके लिए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की जाएगी, जिस पर राज्य मुख्यालय स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण के बाद शिक्षकों का जिले के अंदर जोनवार तबादला किया जाएगा। जोन वार तबादले में जिले में कार्यरत सभी स्नातकोत्तर प्रशिक्षित, स्नातक प्रशिक्षित और सामान्य शिक्षकों का तबादला नहीं होगा। जिले में कार्यरत 20 फीसदी शिक्षकों का ही 2023 में तबादला होगा। टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर शिक्षकों के ऑनलाइन आवेदन लिये जाएंगे। इसमें शिक्षकों को अपने स्कूल का जोन, कितने वर्ष से वहां कार्यरत हैं, नियुक्ति कब हुई, किस विषय के शिक्षक हैं, कितनी सेवा बची हुई है उसकी जानकारी देनी होगी। अंकों के कुल योग के आधार पर शिक्षकों का जोनवार तबादला किया जा सकेगा।

## यूपीए विधायक दल की बैठक में नहीं आईं अंबा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
महागठबंधन विधायक दल की बैठक में बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद शामिल नहीं हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या को इसका कारण माना जा रहा है। पूर्व मंत्री व अंबा प्रसाद के पिता योगेंद्र साव का अधिकारियों के खिलाफ आए बयान पर राजनीति भी गर्म हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि किसी के सहयोगी की हत्या होती है तो इससे मानसिक पीड़ा होती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पूरे मामले पर गंभीर हैं। जिन लोगों ने भी इस घटना को अंजाम दिया है, जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में पूरी तरीके से लॉ एंड ऑर्डर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ध्यान है। किसी भी अधिकारी की ओर से असामाजिक तत्वों को संरक्षण दिया जाएगा तो सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। उस पर कार्रवाई करेगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जांच करायी जा रही है। वह देख रहे हैं कि कौन क्या कह रहे हैं और किस परिस्थिति में कह रहे हैं। अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। अगर कोई अधिकारी किसी को संरक्षण दे रहे हैं तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा या कोई नेता अगर संरक्षण दे रहे हैं तो वे भी नहीं बचेंगे। सरकार ऐसी बातों को काफी गंभीरता से लेती है। जल्द ही इसका परिणाम दिखेगा। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने अपने पिता के कल के बयान पर कहा कि मेरे पिता अधिकारियों के रवैया से बहुत खफा हैं। अधिकारियों की लापरवाही से आम-आदमी का काम नहीं हो पा रहा। वहीं बितका बाउरी की मौत से तो वे बहुत भावुक हो गए थे।

# एनटीपीसी पर 81.89 करोड़ रुपये का लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में एनटीपीसी में संगठित तरीके से अवैध कोयला खनन का मामला सामने आया है। एनटीपीसी के द्वारा पकरी-बरवाडीह कोल मॉडर्न नॉर्थ ईस्ट प्रोजेक्ट हजारीबाग में 156 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि में अवैध कोयला उत्खनन की बात सर्वे में सामने आयी है। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन इंटीग्रेटेड रीजनल ऑफिस (आईआरओ) रांची के सर्वे के बाद 81 करोड़ 89 लाख 82 हजार 60 रुपये जुर्माना लगाने की अनुशंसा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुरूप की गई है। आईआरओ रांची के शशि शंकर और डिप्टी डीजीएफ संतोष तिवारी ने इस संबंध में केंद्र के संबंधित विभाग को अनुशंसा भेजी है। मुहानी नाला को




नष्ट कर 37.20 हेक्टेयर (100 एकड़ लगभग) एरिया में अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आने पर 14 मार्च 2022 को 23 करोड़ जुर्माने की अनुशंसा की थी। यह अनुशंसा भारतीय वन सेवा के अधिकारी शैलेंद्र सिंह और झारखंड वन सेवा के अधिकारी अविनाश कुमार परमार ने की थी। बड़कागांव निवासी शशिकांत ने पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता नवेंदु कुमार के जरिए केंद्र को शिकायत भेजी थी। इस शिकायत पर केंद्र सरकार ने रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से साइट विजिट कर रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद रीजनल कार्यालय ने 156 हेक्टेयर (लगभग 400 एकड़) में अवैध खनन का मामला सामने आने पर 81 करोड़ 89 लाख रुपये जुर्माने की अनुशंसा की। रिपोर्ट में कन्वेयर बेल्ट बनने के बाद सड़क मार्ग से अवैध ट्रांस्पोर्टेशन किए जाने की पुष्टि हुई। जिसे शर्तों का उल्लंघन माना गया। यह भी कहा गया कि हजारीबाग वन विभाग अवैध ट्रांस्पोर्टेशन रोक नहीं रहा है, उल्टा उसके बचाव के लिए गजट का नाम देकर अवैध ट्रांस्पोर्टेशन को जस्टिफाई कर रहा है। जबकि उस गजट में भी कन्वेयर बेल्ट बन जाने के बाद सड़क मार्ग से कोयला ट्रांस्पोर्टेशन नहीं करना बताया गया है। अधिवक्ता नवेंदु कुमार ने बताया कि एनटीपीसी और उसके एमडीओ त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने शर्तों का उल्लंघन कर अवैध खनन किया।

**संदेश** सांसद ने प्रोजेक्ट को अविलंब पूर्ण कराने का दिया सुझाव

# स्मार्ट सिटी हर मामले में बने स्मार्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोकसभा के अधीनस्थ आवास और शहरी कार्य विभाग मंत्रालय की विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ मौजूद रहे। बैठक में देशभर में शहरी विकास से संबंधित चल रही परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई और सभी सांसदों से इस मुद्दे पर सुझाव लिए गए। सांसद संजय सेठ ने इस बैठक में यह सुझाव दिया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर राज्यों को और गंभीर दिशा निर्देश दिए जाने की जरूरत है ताकि जिस शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना चल रही हो, वहां के नागरिकों को यह पता चल सके कि उस स्मार्ट सिटी में उनके लिए क्या-क्या व्यवस्थाएं है। आम लोगों तक स्मार्ट सिटी को लेकर बेहतर संदेश पहुंच सके, इस



दिशा में काम करना चाहिए। रांची में निमार्णाधीन लाइट हाउस प्रोजेक्ट को लेकर भी उन्होंने सुझाव दिए और कहा कि यह प्रोजेक्ट अविलंब पूर्ण हो और नागरिकों को वहां आवास उपलब्ध कराए जा सके, इस दिशा में और सक्रियता बढ़ानी चाहिए। सांसद सेठ ने बैठक में कहा कि स्मार्ट सिटी निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ भी काटे गए। निर्माण के लिए पेड़ काटा गया, यह ठीक है परंतु स्मार्ट सिटी हरी भरी रहे इसके लिए वहां पेड़ पौधे लगाए जाएं। पेड़ों का संरक्षण और संवर्धन हो। सिर्फ कंक्रीट के जंगल नहीं दिखे बल्कि स्मार्ट सिटी हर रूप में स्मार्ट हो। सांसद ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से संबंधित देशभर में चल रही गति प्रगति की जानकारी प्राप्त की और झारखंड में इसके क्रियान्वयन में तेजी लाने को कहा। सांसद सेठ ने वेंडर्स स्कीम के तहत वेंडरों को मिलने वाले 10000, 20000 और 50000 के ऋण से संबंधित जानकारी इस बैठक में मांगी और कहा कि ऐसे वेंडर जिन्हे इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया, उन्हें लाभ देने की दिशा में मंत्रालय को सकारात्मक कदम बढ़ाना चाहिए।

बैठक के बाद सांसद ने बताया कि यह बैठक शहरी विकास से संबंधित कई मुद्दों को लेकर बुलाई गई थी, जिसमें मेट्रो सिटी और सभी स्मार्ट सिटी के विकास को लेकर चर्चा की गई। रांची शहर के विकास को लेकर भी कई मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा हुई। राज्य सरकार सक्रियता दिखाएं, केंद्र के साथ बाहर सामंजस्य और संबंध बनाए तो हमारी राजधानी रांची का और बेहतर विकास हो सकेगा।

## सरना धर्म कोड महारैली 12 मार्च को रांची में

**रांची।** राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान से जुड़े विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से 12 मार्च को रांची के मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड महारैली का आयोजन किया जाएगा। सरना धर्म कोड महारैली की तैयारी को लेकर धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि इस महारैली में देश के विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, भूटान, बांग्लादेश सहित अन्य देशों के सरना धर्मावलंबी भी आएंगे। महारैली की मुख्य मांग जनगणना परिपत्र में सरना धर्म कोड शामिल करना है। इसकी तैयारी को लेकर सभी आदिवासी सामाजिक संगठन, जो सरना धर्म कोड की मांग का समर्थन करते हैं, वे गांव-गांव तथा अपने- अपने क्षेत्रों में सभा एवं बैठक कर रहे है। साथ ही सरना धर्म कोड महारैली को सफल बनाने के लिए जुटे हुए गई। महारैली की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए 05 मार्च को दिन में एक बजे हरमू में बैठक होगी।

### मारवाड़ी भवन में होली मिलन समारोह 8 मार्च को

# रंगारंग कार्यक्रम होगा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी सहायक समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया की अध्यक्षता में मारवाड़ी भवन के सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में रांची मारवाड़ी समाज की सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मारवाड़ी सहायक समिति के तत्वधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज का होली मिलन समारोह 8 मार्च को मारवाड़ी भवन मे भव्य रुप से आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने कहा कि होली मिलन समारोह को सफल बनाने हेतु सज्जन कुमार पाड़ियां को संयोजक तथा अजय कुमार खेतान, विजय कुमार खोवाल, जुगल दरगड़, आकाश अग्रवाल, सुमिता लाठ, श्वेता भाला, को सह-संयोजक का दायित्व दिया गया।



संयोजक सज्जन पाड़िया ने बताया कि होली मिलन समारोह में रंगारंग राजस्थानी नृत्य का कार्यक्रम, अबीर- गुलाल, स्वादिष्ट लजीज अल्पाहार, ठंडाई के अलावे कई आकर्षक एवं मनमोहक कार्यक्रम रखे गए हैं। होली मिलन समारोह में बुजुर्गों का आशीष, अपनों का मिलन, बच्चों को आशीष भी होगा। बैठक का संचालन समिति के सचिव- कौशल राजगढ़िया ने करते हुए कहा कि होली मिलन समारोह में समाज के दो हजार से भी अधिक लोग आएंगे। बैठक में होली मिलन समारोह के प्रचार प्रसार हेतु ब्राउसर एवं पंपलेट का विमोचन किया गया। मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि आज की बैठक में मारवाड़ी समाज की संस्थाएं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, राजस्थानी प्रोफेशनल एसोसिएशन, खंडेलवाल वैश्य संघ, हरियाणा संघ, एवं मारवाड़ी महिला मंच के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### अपहरण और दुष्कर्म के अभियुक्त को 15 साल की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने सोमवार को महिला का अपहरण और दुष्कर्म करने के मामले के दोषी मंटु यादव उर्फ मंटुन को 15 साल कैद की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले को लेकर पीड़िता ने नगड़ी थाना में 27 अगस्त 2020 को अभियुक्त के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी थी। हालांकि प्राथमिकी सिर्फ अपहरण की घटना को लेकर दर्ज करायी गयी थी। लेकिन अदालत ने ट्रायल के दौरान अभियुक्त को दुष्कर्म का भी दोषी पाया । मामले में अभियोजन की ओर से छह गवाहों की गवाही करायी गयी।

### मुख्यमंत्री का मंत्री और अधिकारियों ने किया स्वागत

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का मंत्री और अधिकारियों ने स्वागत किया। स्वागत करने वाले मंत्रियों में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और झारखंड विधानसभा के सचिव जावेद हैदर शामिल थे।

### मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**अनगड़ा।** हेसल मंझलाटोली स्थित नवनिर्मित शिव-विष्णु-हनुमान मंदिर के तीन दिनी प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल 301 महिलाएं बेड़वारी स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल भरकर मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान पांच किमी की दूरी तय की गई। मुख्य अतिथि हेसल के पंचायत समिति सदस्य मदरा मुंडा और समाजसेवी विक्की श्रीवास्तव थे। मुख्य यजमान गंगाराम महतो और मालती देवी हैं। मौके पर झानो देवी, मंजू देवी, सीता देवी, सविता देवी, उषा देवी, किरण कुमारी, शिवनारायण महतो, वकील महतो, लालमोहन महतो, सोहराई महतो और शिवनंदन महतो आदि शामिल हुए।

### धर्म के प्रति जागरूक जरूरी : योगेंद्र सिंह

**सिल्ली।** कोटशिला थाना अंतर्गत पाडरा गांव में चार दिनों से चल रहे श्रीश्री 108 कुंज में श्रीकृष्ण व राधा रानी की प्रतिमा का दर्शन करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। 108 कुंज में 24 घंटा अखंड कीर्तन किया जा रहा है। प्रत्येक यज्ञ स्थल पर पुजारियों के द्वारा पूजा-अर्चना की जा रही है। सुबह से ही आसपास और दूरदराज के श्रद्धालुओं का यज्ञ स्थल पर हवन करने और श्रीकृष्ण-राधा का 108 बार परिक्रमा करने के लिए कतारबद्ध होकर परिक्रमा किया जा रहा है। यज्ञ स्थल पर कीर्तन में हिस्सा लेने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यज्ञ में जनसंघ के सचिव राज मिश्रा पूरे परिवार के साथ पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

### खूंटी में मकान में लगी आग से झुलसे दूसरे बच्चे की भी हुई मौत

**खूंटी ।** शहर के महादेव टोली स्थित एक मकान में रविवार शाम गैस लीकेज होने के कारण लगी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसे सिकंदर लाल के छह वर्षीय पुत्र सुमित लाल का रविवार देर रात रिम्स रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि इस घटना में सिकंदर के छोटे पुत्र शुभम (चार वर्ष) की घटना के तत्काल बाद सदर अस्पताल खूंटी ले जाने के दौरान मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल शुभम के मां, पिताजी, नाना और बड़े भाई सुमित को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया था।

# अफसरों की पोस्टिंग में पैसों का होता पूरी तरह से हेराफेरी : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा के बाहर हेमंत सरकार पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अफसरों की पोस्टिंग राज्य को लूटने के लिए करते हैं। उस लूट से मुख्यमंत्री को हिस्सा भी मिलता है। अगर गलती से कोई अफसर पकड़ा जाता है, तो उस भ्रष्ट अफसर को बचाने के लिए मुख्यमंत्री एड़ी-चोटी का जोर लगा देते हैं। पूजा सिंघल पर करप्शन एक्ट के तहत कार्रवाई करने की फाइल रोक रखी है। आखिर वे एफआईआर की अनुमति क्यों नहीं दे रहे हैं। इंजीनियर बीरेंद्र राम पकड़ा गया है। उसके मामले में भी



एसीबी ने जांच की अनुमति मांगी थी, लेकिन मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री ने क्यों नहीं अनुमति दी। अपराधियों को छूट देकर उनसे वसूले धन को सीएम हाउस तक पहुंचाया जाता है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने विधानसभा के बाहर रामगढ़ में हुए कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि की हत्या को लेकर सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा कि जिस रूप से घटनाएं घट रही हैं, यह सरकार की जवाबदेही है। राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ विधानसभा के अंदर और कागज के पन्नों में जीरो टोलरेंस की बात हो रही है। रामगढ़ में इससे पहले भी एक आजसू कार्यकर्ता की हत्या हुई थी। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने रामगढ़ में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। बजट सत्र के पहले दिन उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अपराधी बेलगाम हैं और पुलिस कमीशनखोरी कर रही है। बड़कागांव से कांग्रेस पार्टी की विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि को दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। विधायक ने इस हत्या को खुद पर हमला करार देते हुए कहा, मेरे सबसे करीबी व्यक्ति तक अपराधी पहुंच गये यह हमला मुझ पर हमला है। पुलिस अपराधियों का संरक्षण कर रही है। सोशल मीडिया पर अंबा प्रसाद का एक वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है जिसमें हत्या के बाद वह पुलिस अधिकारियों से बात कर रही हैं। व नाराजगी जाहिर करते हुए कमीशनखोरी का आरोप लगा रही हैं। विधानसभा में भी अंबा प्रसाद ने अपनी बात दोहराते हुए कहा, निदोषों को पकड़कर खानापूर्ति की जा रही है। लगातार घटनाएं हो रही है। अपराधियों का मन बढ़ा हुआ है क्योंकि उनको पुलिस का संरक्षण हासिल है।

## धरना खत्म होने पर ही छात्रों की कक्षाएं होंगी शुरू

**रांची।** रिम्स के पार मेडिकल के छात्रों ने सोमवार को एक बार फिर चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द से जल्द कक्षाएं शुरू करने की मांग की। वहीं, राजकीय पारा मेडिकल संस्थान के कोऑर्डिनेटर डॉ संजय कुमार ने बताया कि छात्रों की मुख्य मांग हॉस्टल निर्माण की थी। इसको लेकर प्रबंधन ने अपने स्तर से पहल कर दी है। कहा कि छात्रों को निर्देश दिया गया है कि जब तक वे धरना-प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे, कक्षाएं शुरू नहीं की जाएंगी। डॉ संजय ने बताया कि हॉस्टल को लेकर रिम्स शासी परिषद के निर्णय के आलोक में जमीन की मापी तीन-चार दिनों के अंदर की जाएगी। इसके बाद हॉस्टल निर्माण का एस्टीमेट अभियंता के द्वारा दिया जाएगा। जिसे शासी परिषद की बैठक में रखा जाएगा। वहां से सहमति मिलते ही हॉस्टल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## विश्व बैंक के सलाहकार ने योजना का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक राजीव टोपनो के वरिष्ठ सलाहकार और निदेशक, समाज कल्याण छवि रंजन ने सोमवार को खूंटी जिले का दौरा किया और जिले में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिशील गतिविधियों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। भ्रमण के दौरान मुरहू के हेठगोवा में की जा रही ड्रेगन फ्रूट की खेती का अवलोकन किया और कहा कि किसानों के आर्थिक विकास की दिशा में व्यापक स्तर पर ड्रेगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा मिल रहा है। मुरहू के हेठगोवा गांव में किसान जुरन मुंडा द्वारा की जा रही ड्रेगन फ्रूट की खेती का भी उन्होंने अवलोकन किया। राजीव टोपनो, वर्ल्ड बैंक के कार्यकारी निदेशक के वरिष्ठ सलाहकार एवं निदेशक ने कहा कि किसानों के आर्थिक विकास की दिशा में व्यापक स्तर पर ड्रेगन फ्रूट की खेती सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के सहयोग से अब ग्रामीण इलाको में दिग्भ्रमित करने वाले विचार नहीं, बल्कि संगठित ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है। सभी की सहभागिता से अब एक नया और सार्थक दृश्य बनेगा। बाद में अधिकारी ने मुरहू के कोलोम्दा में जोहार परियोजना के तहत सोलर लिफ्ट सिंचाई की क्रियान्वित योजनाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती भिंडी,खीरा, तरबूज, लौकी, करेला, गोभी, मिर्च की खेती के संबंध में किसानों से जानकारी ली। राजीव टोपनो, वर्ल्ड बैंक के कार्यकारी निदेशक के वरिष्ठ सलाहकार ने कहा कि किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से कई योजनाएं चलाई जा रही है। किसानों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। इससे किसानों की आय वृद्धि सुनिश्चित होगी।

# एनएसयूआई ने बीएस कॉलेज में चलाया सदस्यता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई जिला कमेटी लोहरदगा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान बलदेव साहू महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। जिला अध्यक्ष विनय उरांव ने विद्यार्थियों को एनएसयूआई के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि एनएसयूआई लोहरदगा जिला कमेटी विद्यार्थियों की समस्याओं के लिए हमेशा खड़ा रहती है और किसी भी शैक्षणिक संस्थाओं में जो भी कमियां है उस पर प्रखर रूप से बात को रखती है। बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा जिला का एकमात्र डिग्री कॉलेज है। इसके बावजूद महाविद्यालय की मूलभूत सुविधा जैसे पेयजल की व्यवस्था, छात्रों के शौचालय की व्यवस्था, साइकिल - मोटरसाइकिल स्टैंड की व्यवस्था तथा महाविद्यालय की चारदीवारी ना होने की वजह से मनचलों की अड्डा बाजी जैसे समस्या से झेलना पड़ रहा है। इन सभी समस्याओं का समाधान के लिए हम सभी छात्र-छात्राओं को मिलकर ही आगे आने की आवश्यकता है। वहीं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष सैफ अहमद विद्यार्थीगण से आग्रह करते हुए कहा की आइए हम सभी छात्रगण एनएसयूआई के बैनर तले एकजुट हो । ताकि जिला में बेहतर शिक्षा की मांग के लिए मजबूती से पहल हो सके । इस सदस्यता अभियान में लगभग 200 विद्यार्थी एनएसयूआई के सदस्य लिए। इस अभियान में मौके पर एनएसयूआई के उपाध्यक्ष सरस्वती कच्छप, महासचिव हरि भगत, संयुक्त सचिव सकलदीप लोहरा सहित आरती कुमारी, रोशनी कुमारी, पंकज कुमार, अंजली कुमारी, पूनम साहू, सविता कुमारी इत्यादि अन्य सक्रिय सदस्य मौजूद रहे।

# सीबीएसई गणित में डीपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपनी उत्कृष्ट गणितीय क्षमता एवं अद्भुत मेधा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में अनमोल आनंद, अयान आदीप और शुभम झा (सभी दसवीं कक्षा से) ने सीबीएसई के पटना रीजन में टॉप 100 विद्यार्थियों की सूची में स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर खुशी जताई और उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को अपने आगामी प्रयासों में अधिक से अधिक ऊँचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

# नियुक्ति प्रक्रिया में उल्लंघन होने पर सचिव से की गयी शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची जिले के लिए जल जीवन मिशन (खखट) की नियुक्ति में गड़बड़ी किये जाने की शिकायत सामने आयी है। इसकी जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कैंडिडेट आकाश रंजन और अमित कुमार ने विभागीय सचिव से की है।। उनके मुताबिक रांची पूर्वी और पश्चिमी डिवीजन के लिए समन्वयक (एमआईएस कॉर्डिनेटर, आइसी कॉर्डिनेटर और जिला एसएलडब्लूएम कॉर्डिनेटर) पदों पर अंतिम रूप से जारी परिणाम आपत्तिजनक हैं। जारी विज्ञापन और नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान बरती गयी अनियमितता के संबंध में पहले जिला जल स्वच्छता समिति, रांची और विभागीय पदाधिकारियों के पास शिकायत रखी गयी। आरटीआई देने पर कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। ऐसे में अब विभागीय सचिव ही पहल करे।अभ्यर्थियों ने कहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रांची (पूर्वी एवं पश्चिमी) के द्वारा 17 मार्च 2022 को समन्वयकों के 3 पदों पर नियुक्ति के संबंध में विज्ञापन जारी किया गया। इसके लिए 16 अप्रैल 2022 तक आवेदन जमा करने को कहा गया। पर इस नियुक्ति प्रक्रिया में दोनों डिवीजन के कार्यपालक अभियंता के अंदर कार्यरत कर्मी संतोष



कुमार और आशुतोष श्रीवास्तव ने नियुक्ति प्रक्रिया की गंभीरता, गोपनीयता को खतरे में डाला। स्वयं कैंडिडेट होने के बावजूद प्राप्त आवेदनों के प्रिंट, स्क्रूटनी और अन्य कार्यों में उनकी भागीदारी रही। यह आपत्तिजनक रहा। इस पर जिला जल स्वच्छता समिति और विभागीय इंजीनियरों और अन्य पदाधिकारियों के पास भी शिकायत की गयी। आरटीआई का भी उपयोग हुआ पर इसका कोई जवाब नहीं दिया गया। अब 26 फरवरी को अंतिम रूप से जारी परिणाम में इनका भी नाम है। विभाग इस मामले में जांच करे और दोषियों पर कार्रवाई करे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अनगड़ा।** गेतलसूद-हुंडरू फॉल मार्ग पर बनादाग जंगल के पास अज्ञात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर की है। मृतक मायाराम (47वर्ष) सिकिदिरी थाना क्षेत्र के नगड़ाबेड़ा गांव का निवासी था। हादसे के बाद घायल को रिम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मायाराम साप्ताहिक बाजार करने गेतलसूद जा रहा था। मायाराम के सिर में गहरी चोट लगी थी, उसने हेलमेट नहीं पहन रखा था। दुर्घटना के बाद भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार और अनगड़ा थानेदार ब्रजेश कुमार मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी अनगड़ा भेजा, जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। अनगड़ा थाना की पुलिस फरार बोलेरो की तलाश कर रही है। बोलेरो मोरहाबादी के एक संस्था की है।

# बजट से पहले आलमगीर ने एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने एक्शन टेकन रिपोर्ट (कृत कार्रवाई प्रतिवेदन- एटीआर) पेश किया। इसके मुताबिक पिछले विधानसभा सत्र (शीतकालीन, 10 दिसंबर-23 दिसंबर 2022) के दौरान 9 विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित विभाग की ओर से कदम उठाए गये हैं। हालांकि एक भी आश्वासन पूरी तरह से क्रियान्वित नहीं हो सका है। ऐसे में एटीआर 'आश्वासनों पर आश्वासन' का पुलिंदा दिख रहा है। इसमें ऊर्जा विभाग से संबंधित दो विषयों पर कदम उठाया गया है। इसके अलावा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, खाद्य आपूर्ति, जल संसाधन, महिला, बाल



विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग से संबंधित विषयों पर एक्शन लेते जरूरी कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव और केरेडारी में 220/33 केवी फीडर का निर्माण कराने की मांग की थी। सरकार ने एटीआर में बताया है कि झारखंड ऊर्जा संचरण निगम ने हजारीबाग डीसी से ग्रिड निर्माण के लिए जमीन की मांग की है। जमीन आवंटित होते ही ग्रिड का निर्माण करा दिया जायेगा। कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह ने महगामा विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की थी। ऊर्जा विभाग ने बताया है कि काम चल रहा है, अभी भी 85 फीसदी काम बाकी है। कांग्रेस के इरफान अंसारी ने जामताड़ा के राजकीय पशु चिकित्सालय एवं अवर प्रमंडल पशु कार्यालय, जामताड़ा के भवन के रिकंस्ट्रक्शन की मांग की थी। विभाग ने बताया कि पशुपालन निदेशक की ओर से 20 जनवरी को 1.12 करोड़ जिला पशुपालन पदाधिकारी को भेजा गया है।

**नुकसान** — कदमा बाजार में लगी भीषण आग में 20 दुकानें जलीं

# व्यापारियों का हुआ लाखों का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के कदमा बाजार में सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने से 20 से ज्यादा दुकानों को नुकसान पहुंचा है। इस आग से कदमा बाजार के व्यापारियों का लाखों की नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है आपको बता दें कि कदमा बाजार जहां आग लगी है वहां पर कई दुकानदारों का गोदाम है। चप्पल- जूता, किराना की दुकान, एक वकील का ऑफिस, रेडीमेड गॉर्मेंट्स जैसी कई दुकानें, गोदाम और ऑफिस जलकर खाक हो गए हैं। आग पर काबू पाने की कोशिशें की जा रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। बताया जाता है कि आग काफी तेजी से फैल रही है जिसको कंट्रोल करने के लिए अग्निशमन दल के



दमकल लगाए गए हैं। अग्निशमन कर्मी काफी मेहनत कर रहे हैं लेकिन अब तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। बताया जाता है कि कदमा मछली बाजार के ठीक सामने वाली लाइन में अचानक आग की लपटें दिखाई देने लगीं। सुबह 7 बजे के करीब ये हादसा होता देखा गया। जिसके बाद तत्काल दमकल को खबर किया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी पहुंची लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। आपके लपटें इतनी तेज थी कि उससे काफी एरिया तप रहा था। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने की कोशिश में चल रही है। दुकानों में ज्वलनशील पदार्थ ज्यादा होने के कारण आग परकाबू पाना मुश्किल हो रहा है।पीड़ित रविंद्र सिंह भाटिया ने कहा कि फोन पर दुकान में आग लगने की खबर मिली। आकर जैसे दुकान खोला तो लगा कि मैं खुद जल जाऊंगा। मेरी होजरी और कपड़े की दुकान थी। पांच से छह लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## एटीएस ने की हाईजैकिंग एक्सरसाइज



**रांची।** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस )और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ ) ने सोमवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एनुअल हाईजैकिंग एक्सरसाइज की। इस दौरान आपात स्थित से निपटने के लिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस एटीएस एवं सीआईएसएफ की संयुक्त टीम की ओर से सभी उपकरणों के साथ एक रणनीति के तहत उच्च कौशल का प्रदर्शन करते हुए एनुअल हाईजैकिंग एक्सरसाइज की कार्रवाई सम्पन्न की गई।

# शिक्षा से ही दूर हो सकती है कुरीतियां

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

युवाओं के गैर राजनीतिक संगठन छात्र चेतना संगठन का 25 वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को यज्ञ मैदान में आयोजित हुई। समारोह में संताल परगना के सभी छह जिलों के अलावा राज्य के अन्य जिलों एवं पडोसी राज्यों से भी संगठन के कार्यकर्ता और अधिकारी जुटे। सामरोह में युवाओं ने शहर में बाईक रैली निकाल महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। रैली शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई यज्ञ मैदान पहुंची, जहां चन्द्रशेखर आजाद सहित राज्य के गुमनाम शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके प्रति कृज्ञता प्रकट किया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा ने कहा कि स्थापना दिवस पर संगठन भारत के पुरातन संस्कृति, सभ्यता और भारत के पुनर्निर्माण को संकल्पित हैं। महान क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद ने जिस महान भारत के सपनों को देखा था, आज वह समय आ गया है। आज हम इस अवस्था में खड़े हैं जहां हम उनके इस पावन और महान सपने को साकार कर सकते हैं। उस महान लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जाति धर्म और लिंग भेद से उपर उठकर देश में फैली विषमताओं और कुरीतियों को दूर करने के लिए काम करने पर जोर दिया, जिसे दूर करना शिक्षा से संभव है। संगठन अगले एक वर्ष में ऐसे 100 बच्चों को मदद करने का संकल्प लिया, जो संख्या 2030 तक 1000 छात्रों की प्रतिभा को निखारने का लक्ष्य रखा गया है।

## एसडीओ मो. जावेद हुसैन ने किया मतदान



**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत सोमवार को आयोजित मतदान के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने बूथ संख्या 51 पर मतदान किया वही उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

# डीसी ने किया जिला नियंत्रण कक्ष व मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर सोमवार को चल रहे मतदान कार्यों को लेकर गठित जिला नियंत्रण कक्ष का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में सभी को निर्धारित प्रारूप के अनुसार सेक्टर दण्डाधिकारियों व मतदान पदाधिकारियों से जानकारियां संलग्न करने का निर्देश दिया। मौके पर माधवी मिश्रा ने सभी कर्मियों को कार्यों को गंभीरता से करते हुए किसी भी क्षेत्र से किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना प्राप्त होने पर त्वरित जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना देने एवं वरीय पदाधिकारियों को त्वरित मामले पर संज्ञान लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत चल रहे मतदान कार्यों को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के साथ विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत में मतदान केंद्र संख्या 105, 106, 107, 108, 267, 268, 353, 354, 244, 246, 247, 248, 225, 200 एवं 201 निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों से मतदान केंद्र पर चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को सही तरीके से भरने का निर्देश दिया । उन्होंने कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने का निर्देश दिया।

## मतदान के लिए पहुंची 87 वर्षीया वृद्धा अमराव देवी









## रामगढ़ में शांति के साथ हुई वोटिंग

# मतदाताओं की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड की रामगढ़ विधानसभा में उपचुनाव के लिए मॉक पोल के उपरांत सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो चुके हैं। यहां मतदान केंद्रों में लंबी कतार दिखा रही है कि जनता वोट डालने के लिए भारी उत्साहित है। नौजवान से लेकर बुजुर्ग व महिलाएं पोलिंग बूथ पर सुबह से पहुंच चुकी हैं। सुरक्षा सारे पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बुजुर्ग, महिलाओं सहित विकलांग भी अपना हक अदा करने पहुंचे हैं।

### 18 प्रत्याशियों के भाग्य का होना है फैसला

बता दें कि मतदान सोमवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। उपचुनाव में कुल तीन लाख 35 हजार 734 मतदाता 18 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या एक लाख 73 हजार 550 व महिला मतदाताओं की संख्या एक लाख 62 हजार 184 है।

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने किया मतदान



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के तहत सोमवार को हुए चुनाव के दौरान राजबल्लभ प्लस टू उच्च विद्यालय सांडी के बूथ संख्या 199 पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उनकी माता कलावती देवी, एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पहुंचे और मतदान किया। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने लोगों से अपने मतधिकार के प्रयोग की अपील की।

## कुंटू बाबू ने किया मतदान



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी कुंटू बाबू ने सोमवार को बूथ न.50 पर जाकर मतदान किया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी पूनम सक्सेना और भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने भी बूथ पर जाकर मतदान किया. उन्होंने लोगों से मताधिकार के प्रयोग का आह्वान किया।

# वित्तीय वर्ष 21-22 में 73 प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत, 21 अधूरे

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
वित्तीय वर्ष 21-22 में बरही प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत कुल 73 आवास स्वीकृत किए गए थे। जिसमे मात्र 52 आवास ही पूर्ण हो सके है जबकि 21 आवास अपूर्ण है। प्रखंड समन्वयक (आवास) कमलेश तिवारी ने बताया कि कुल 73 लाभुक में 69 लाभुक को पहली किस्त 40000 जबकि 52 लाभुक को दूसरी किस्त की 85000 रुपए राशि निर्गत किए जा चुके है। वही कुछ तकनीति कारणों से चार लाभुक को राशि निर्गत नही किया जा सका है। अधूरे आवास की जानकारी देते हुए बताया कि दुलमहा पंचायत में चार और बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत के कुल 17 लाभुको ने अब तक अपना आवास पूर्ण नहीं किया है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ सी आर इंदीवर ने सभी लाभुक को शीघ्र आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया है। विदित हो कि सरकार के निदेर्शानुसार तीन महीने में आवास पूर्ण कर लेना है। परंतु अब तक किसी ने भी पूर्ण रूपेण आवास पूर्ण नही किया है । जिसके कारण किसी को भी तीनो किश्त की राशि निर्गत नहीं किया जा सका है।



### क्या कहते है दुलमहा पंचायत के मुखिया

समय पर आवास पूर्ण नही होने के संबंध में दुलमहा पंचायत के मुखिया नारायण यादव ने बताया कि प्रायः यह देखा गया हैं कि लाभुक पहली किश्त की राशि लेने के बाद अपने स्तर से (प्रधानमंत्री आवास के ले आउट से हटकर) बड़ा घर बनाने हेतु और अधिक पैसे की व्यवस्था में लग जाते है। ऐसे में खर्च ज्यादा होते है। जो पहली किश्त कि राशि में संभव नही है। इसके साथ ही आर्थिक स्थिति सही नही होने के कारण कुछ पैसा दिनचर्या में भी खर्च हो जाते है। जिससे पैसे के इंतजाम करने में समय लग जाता है, नतीजतन समय पर आवास पूरे नही हो पाते है। उन्होंने बताया कि सरकार को इस राशि को बढ़ानी चाहिए। मंहगाई के इस दौर में इतने कम राशि में मकान बनाना संभव नही है। इस बयान को स्वीकारोक्ति प्रखंड समन्वयक ने भी किया है।

### सड़क हादसे में शिक्षक का निधन, गांव में शोक

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह निवासी राकेश पांडेय 43 वर्ष, पिता स्व0 हरिहर पांडेय का बीते रात गिरिडीह जिला अंतर्गत सरिया स्थित बागोडीह मोड के समीप करीब 1:30 बजे सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं परिजनों ने बताया की दुर्घटना किस कारण से हुई है यह ठीक से पता नहीं चल पा रहा है। इस हादसे के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। शव पोस्टमार्टम के बाद पैतृक निवास स्थान शिलाडीह पहुंचा तो परिजन बिलक बिलक रोने लगे।वहीं इस घटना के बाद गॉव में मातम छा गया। विदित हो कि मृतक एक निजी विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। इनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं जिनका लालन पालन कर पाना परिजनों के लिए गंभीर समस्या हो गया है।

### सूर्यकुंड परिसर में 10 दिवसीय योग शिविर

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम में सोमवार को पतंजलि योगपीठ के राज्य प्रभारी नवजीवन पांडेय, योग शिक्षक अमित कुमार,योग गुरु महेंद्र प्रसाद,प्रखंड प्रभारी रविंद्र पांडेय की देखरेख में 10दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस निमित्त राज्य प्रभारी ने बताया कि 26 फरवरी से 7 मार्च तक आवासीय योगा कार्यक्रम प्रत्येक दिन सुबह 5:15 से 7:30 बजे तक की जाएगी जो निशुल्क है।

## जिप उपाध्यक्ष के पहल पर

# जिप जमीन की मापी बनेंगी 100 दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पूर्वी जिप सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष किसुन यादव की पहल पर करियातपुर पंचायत स्थित जिला परिषद जमीन की मापी की गई। उपाध्यक्ष ने बताया कि जिला परिषद की जमीन पर वर्षो से अवैध कब्जा था। जिससे निर्माण कार्य बाधित हो रहे थे । अंचल अमीन और राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति में गुरुवार को जमीन की मापी कर सीमांकन कर अतिक्रमणमुक्त किया गया है । इस स्थान पर इस क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए एक सौ दुकान बनाने हेतु विभागीय अभियंता को एस्टीमेट तैयार करने की बात कही गई है । इस्टीमेट बनते ही कोषिय व्यवस्था एवं अन्य कार्यों की शीघ्र पहल की जायेगी । दुकान बनने से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार का मौका मिलेगा । इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि करियातपुर के उच्च विद्यालय के उपयोगिता रहित पुराने जीर्ण शीर्ण भवन को तोड़कर विवाह भवन बनाने के भी प्रस्ताव भेजे गए है । बैठक में धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे ।

## छेड़खानी और दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल



**बरही।** बरही । रेलवे स्टेशन कॉलोनी बरही निवासी प्रमोद कुमार पिता जानो साहनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । युवक के विरुद्ध दुष्कर्म और छेड़खानी से संबंधित बरही महिला थाना में आईपीसी की धारा 354ए, 354बी, 354सी, 376, 511, 506 और 08 पोक्सो एक्ट के तहत कांड संख्या 03/23 दर्ज किया गया है । दुष्कर्मी के विरुद्ध पीड़िता की मां ने थाना ने आवेदन दिया । महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी ने महिला के आवेदन पर त्वरित कारवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे अंदर गिरफाता कर जेल भेज दिया । वही पीड़िता को 164 के बयान दर्ज करने हेतु हजारीबाग भेजा जा चुका है ।

## विद्यालय-आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकप्पी पंचायत मुखिया ललिता देवी ने सोमवार को विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें बुनियादी विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलकप्पी, बड़ासिंगा, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान के प्रधान को आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा यदि उक्त शिक्षण संस्थानों में सुधार नहीं हुआ तो वरीय पदाधिकारी को लिखित सूचना कर आवश्यक कार्वाई हेतु अग्रसारित किया जाएगा । निरीक्षण के क्रम में मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय उपस्थित रहे।

# यज्ञ मंडप की परिक्रमा में उमड़ी भक्तों की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह 13वें बरही महोत्सव में दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है । प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते देखे जा रहे है । महायज्ञ समिति के सभी अधिकारी और सदस्य व्यवस्था बनाने में मुस्तैद है । इसके साथ संध्या होते ही मीना बाजार सह मेला भी दूर क्षेत्र से दर्शकों की भीड़ लग रही है । रात्रि प्रवचन में भी श्रीताओ की संख्या में दिन प्रतिदिन उत्तरोत्तर वृद्धि देखी जा रही है । स्थानीय पुलिस और महायज्ञ समिति के कार्यक्रता शांति व्यवस्था बनाने में सक्रिय भुमिका निभा रहे है । महायज्ञ की विधि व्यवस्था बनाने में महासमिति के रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक, बिपिन सिन्हा, नवल किशोर सिंह, राजकुमार यादव, भगवान केसरी, आकाश राज आदि सहित महायज्ञ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

**बातचीत**

## बजट पर बोलीं शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी

# देश के लोगों के जीवन में अमृत भरनेवाला है केंद्रीय बजट

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
केंद्रीय बजट को पेश हुए लगभग एक महीने बाद सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री एवं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने बजट पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 का आम बजट बहुत खास है। अमृतकाल का यह बजट देश की अर्थव्यवस्था और देश के लोगों के जीवन में अमृत भरने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट इस मायने में भी खास है कि आम चुनाव से पहले के वित्तीय वर्ष का बजट होने के बावजूद कोई इसे



लोकलुभावन नहीं कह सकता है। इस बजट में अबतक प्रचलित परिपाटी के मुताबिक चुनाव की चिंता नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, वैश्विक आर्थिक महाशक्ति भारत के निर्माण का चिंतन है। बजट में अमृत काल के लिए विजन है, युवा वर्ग पर विशेष ध्यान देते हुए नागरिकों के लिए अवसर और रोजगार सृजन में वृद्धि तथा सुदृढ़ और स्थिर वृहत आर्थिक वातावरण के निर्माण का प्रयास है। बजट में किसानों के लिए सुलभ, समावेशी और शिक्षाप्रद समाधान की व्यवस्था की गई है। कृषि गतिवर्धक कोष की स्थापना का प्रावधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए एएनवी कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की गई है। उच्च मूल्य की बागवानी फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए पर्याप्त फंडिंग का प्रावधान किया गया है। पशुपालन, डेयरी कार्य और मत्स्यिकी क्षेत्र को 20 लाख करोड़ रुपए के ऋण आवंटन का प्रावधान है। जल जीवन मिशन के बजट में 10 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि की गयी है। स्थानीय सवालों और हाल में ढिबरा, ब्लूस्टोन तथा पत्थर व्यवसाय को बंद किए जाने या कार्रवाई के मामले पर कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यहां ढिबरा, ब्लूस्टोन और पत्थर इन्हीं तीन व्यवसायों को जरिए लोगों की जीविका चलती है। अवैध के नाम पर कार्रवाई हो रही है तो सरकार को कोई विकल्प भी देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री अपने नाम पर लीज लेते हैं या अपने लोगों के नाम पर लीज लेते हैं पर कोडरमा में यह चल रहा है और इस तरह की कार्रवाई हो रही है।

NEWS इन ब्रीफ

### अर्टिगा कार ने बोलेरो में मारी टक्कर, कोई हताहत नहीं

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग एनएच 143 ए पर सोमवार को एर्टिगा कार चालक ने बोलोरो को पीछे से धक्का मार दिया। जिससे एर्टिगा कार क्षतिग्रस्त हो गया वहीं बाल बाल बचा कार चालक। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बता दें कि दोनो वाहन लोहरदगा की ओर से घाघरा के तरफ जा रहा था। इसी बीच सेन्हा में बोलोरो चालक ने डेड ब्रेक मारा तभी पीछे से जा रही एर्टिगा कार जेएच 01 डीएन 2541के चालक का ध्यान सड़क से हटा और बोलोरो में पीछे जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद बोलोरो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

### लोवासोकरा में ग्रामसभा का हुआ आयोजन

**बानो।** प्रखंड के लोवासोकरा में ग्राम प्रधान हलन हेमरोम की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद बिरजो कंडुलना उपस्थित थे। उन्होंने ने कहा ग्राम के विकास के लिये गांव मे एक जुटता आवश्यक है। हर महीना ग्राम सभा की बैठक कर गांव के समस्याओं के बारे बिचार कर अधिकारियों को अवगत करें। गांव के सभी वृद्ध माता पिता का वृद्धा पेंशन योजना से लाभ ले। जिन व्यक्ति को अब तक लाभ नही मिलता हो जल्द आवेदन दे। पिछले दिनों जंगली हाथी ने कई घरों को छत्तिग्रस्त किया था। अगर किसी को मुवावजा की राशि नही मिली हो वन विभाग जाकर जल्द आवेदन दे। जिला परिषद के अपने गाँव आने पर नाच गाने के साथ उनका स्वागत किया गया। मौके पर बिलियम लोमगा, जेवियर बडिंग, दासा बडिंग, अमृत तोपनो आदि लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना रोकने के लिए जगह-जगह पर लगाएं गये बैरिकेडिंग

**बानो।** प्रखण्ड के महाबुवांग पुलिस द्वारा बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए जगह जगह बेरिकेटिंग लगाई गई। महाबुवांग थाना प्रभारी किशोर गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के जितुटोली, जामटोली ,सिम्हातु, जनता हाई स्कूल जितुटोली ,महाबुवांग आदि जगहों पर सड़क अवरोधक लगाया गया। मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं से बानो इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा ने कहा वाहन चालते समय हमेशा हेलमेट पहने। तेज गति से वाहन न चलाये ।भीड़ भाड़ में सावधानी से वाहन चलायें। नशा पान कर कभी भी गाड़ी न चलाए। बढ़ती सड़क दुर्घटना को देखते समय समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाता है। ऐसे में वाहन चालक गाड़ी के कागजात ले कर चलें। मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति बैठना गलत है। इसी तरह चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाना अति आवश्यक है।मौके पर थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता,एस आई अभय मिंज व पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### कोलेबिरा रांची मुख्य पथ के चेक पोस्ट के समीप वाहन दुर्घटना

**कोलेबिरा।** जिला के कोलेबिरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोलेबिरा रांची मुख्य पथ में चेक पोस्ट के हुई सड़क दुर्घटना आनन फानन के साथ पहुंचाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क हादसा में ऑटो के सामने अचानक मवेशी के आ जाने से ड्राईवर ने अपना संतुलन खो दिया जिससे ऑटो पलट गयी इस हादसे में चार लोगों को हल्की फुल्की चोट आयी है। जबकि बसिया थाना के लोंगा ग्राम के जद्दू साहू और मधु साहू गंभीर रूप से घायल हो गये सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और प्राथमिक उपचार करने के उपरान्त गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया है ऑटो में सवार सभी लोग सिमडेगा के बोलबा स्थित वनदुर्गा मंदिर मुंडन संस्कार समरोह में भाग लेने जा रहे थे। तभी कोलेबिरा में चेक पोस्ट के पास यह दुर्घटना हो गयी।

# गुमला : शादी से लौट रही किशोरी से गैंगरेप, 5 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी गांव में एक शादी समारोह से लौट रही नाबालिग लड़की से गैंपरेप के पांच आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। पांच दरिंदों ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गैंपरेप के आरोपियों को गिरफ्तार कर उनमें से तीन आरोपियों को जेल और दो नाबालिग लोगों को बाल सुधार गृह भेज दिया है। घटना रविवार देर रात की है। जिस वक्त इस घटना को अंजाम दिया गया उस समय नाबालिग अपनी एक सहेली और एक पुरुष मित्र के साथ शादी समारोह से अपने घर लौट रही थी, आरोपियों ने नाबालिग की सहेली और उसके पुरुष मित्र



को मारपीट कर भगा दिया। वहीं जान से मारने की धमकी देकर नाबालिग युवती को जबरन झाड़ियों में उठाकर ले गए। यहां पांचों दरिंदों ने बारी-बारी से उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद युवती ने अपने घर पहुंच कर परिजनों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने पांचों आरोपियों के खिलाफ घाघरा थाने में सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करवाई। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटे के अंदर सामूहिक दुष्कर्म के पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग शामिल हैं, दोनों नाबालिगों को पुलिस ने बाल सुधार गृह भेजा वहीं तीनों आरोपी नवीन उरांव, बिंदेश्वर उरांव और लक्ष्मी उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, पुलिस के समक्ष पांचों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। नाबालिग युवती से सामूहिक दुष्कर्म मामले का खुलासा करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने घाघरा थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपियों के विरुद्ध पॉस्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है।

# डीसी ने जनजागरूकता रथ को किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त ने जिला में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार हेतु चार जनजागरूकता रथों को सोमवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया। इन प्रचार रथों के जरिए प्रतिदिन लिए के विभिन्न गांवों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही, संबंधित योजना के पोस्टर भी पंचायतों में अधिष्ठापित किये जायेंगे। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, कार्यालय के कर्मी, नुक्कड़-नाटक की टीम के सदस्य उपस्थित थे। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना राज्य सरकार की अतिमहत्वकांक्षी योजनाओं में से है। इस योजना का लाभ माता की प्रथम दो पुत्रियों को देय होगी। सरकारी तथा सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त और शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत निजी विद्यालयों में पढ़नेवाली सभी किशोरियों को इसका लाभ मिलेगा। एक बालिका को कक्षा आठवीं में ढाई हजार रुपए, कक्षा 9वीं में ढाई हजार रुपये, कक्षा 10वीं, 11वीं, 12वीं में पांच हजार रुपये और 18 वर्ष की आयु पूरी होने के उपरांत 18-19 वर्ष की किशोरावस्था में एकमुश्त 20 हजार रुपये की अनुदान राशि उसके बैंक खाते में दी जाएगी।

नियोजन अधिनियम-2021 व नियमावली-2022 के संबंध में 'एकदिवसीय कार्यशाला' का आयोजन

# स्थानीय लोगों को रोजगार देना अधिनियम का उद्देश्य है : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,झारखण्ड,रांची के निदेश पर जिला नियोजनालय लोहरदगा की ओर से सोमवार को जिला परिषद सभागार में 'झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम-2021 एवं नियमावली-2022 के संबंध में एकदिवसीय कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि झारखण्ड राज्य में नियोक्ता द्वारा निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का 75 प्रतिशत नियोजन को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई है। नियोक्ता कंपनी अपना निबंधन जिला नियोजनालय में अवश्य करायें। स्थानीय लोगों को रोजगार देना इस अधिनियम का मूल उद्देश्य है जिसमें 75 प्रतिशत स्थानीय होंगे। किसी सरकारी कार्यालय में नियुक्ति पर भी आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा भी यह अनुपालन किया जाएगा। नियोक्ता कंपनी को राज्य सरकार के ऑनलाईन पोर्टल में भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त जिला नियोजन कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में विस्तृत रूप से जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने अधिनियम के अंतर्गत उम्मीदवारों का निबंधन, नियोक्ता कंपनी का निबंधन, उम्मीदवारों का कौशल प्रशिक्षण, रोजगार में विस्थापितों को प्राथमिकता, जिला स्तरीय जांच समिति, नियोक्ता कंपनी द्वारा प्रतिवेदन समेत अन्य जानकारियां विस्तृत रूप में दी गईं। कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, अंचल अधिकारी किस्को बुढ़ाय सारू, सेन्हा अंचल अधिकारी विजय कुमार, कैरो अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, भण्डरा अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता समेत अन्य नियोक्ता एजेंसियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# घटिया निर्माण कार्य पर सख्त नाराज हुए विधायक विक्सल

## अनियमितता देख कर भड़के, सत्र में उठाएंगे मामला

**नवीन मेल संवाददाता। बांसजोर**

सिमडेगा जिला अन्तर्गत कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के बांसजोर प्रखंड के सुदूर जंगलयोजन पहाड़ी क्षेत्र में बोंगेरा से सीमान टोली उड़ीसा बोर्डर तक पथ का सुदृढ़ीकरण का कार्य योजना संवेदक मेसर्स भारद्वाज इन्टरप्रजेज को दिया गया है। जिसका रविवार को विधायक कोलेबिरा नमन विक्सल कोंगाड़ी का बांसजोर प्रखंड क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम था। इसी क्रम में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उसी क्षेत्र से गुजर रहे थे तो पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया जिसमें भारी अनियमितता मिली। योजना सम्बन्धित सुचना बोर्ड में योजना सम्बन्धित कई जरूरी जानकारी भी नहीं दशार्या गया है। सुदृढ़ीकरण कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया जा रहा है। साथ ही बहुत ही घटिया स्तर का चिप्स एवं बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है। मिनिमम मजदुरी दर से बहुत कम कुछ को दो सौ और कुछ को दो सौ पचास रूपया मात्र मजदूरों को मजदूरी





दिया जा रहा है।

सिर्फ डस्ट बिछा कर पीसीसी ढलाई किया जा रहा है। पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसकी जानकार विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी द्वारा सम्बन्धित विभाग के तकनीकी अधिकारियों को जानकारी दे कर काम को तुरंत बंद करने एवं संवेदक और मिलीभगत में शामिल इंजीनियरों पर कार्रवाई करने को कहा। विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने चलते सत्र में इस गंभीर अनियमितता को रखने की बात कही।

विधायक ने यह भी कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो तीन सालों में बने करीब आठ दस कालिकरण पथ जो संवेदक एवं तकनीकी पदाधिकारियों के मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य हुआ था। जिस कारण मात्र दो तीन वर्षों में ही पथ जर्जर अवस्था में आ गया है। इनका उच्चस्तरीय जांच करा कर दोषी संवेदक एवं इंजीनियरों पर कार्रवाई करने के लिए सवाल भी विधान सभा में डालने की बात कही।

# थाना प्रभारी ने मानव तस्करी व नशाखोरी को लेकर बच्चों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

जिला के कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा के लचरागढ़ के संत वियनी हाई स्कूल लचरागढ़ विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को मानव तस्करी साइबर क्राइम एवं सड़क सुरक्षा एवं नशाखोरी के प्रति जागरुक किया गया। वही मौके पर उनके द्वारा बच्चों को बताया गया कि मानव तस्करी में किसी भी तरह बच्चे बच्चियों को ठग फुसलाकर शहर से बाहर ले जाया जाता है और शहर में बेच दिया जाता है जिससे हम सबों को बचना है और किसी के कहने पर या किसी भी अनजान व्यक्ति से संपर्क दूरी बनाकर रखें और इस तरह का कार्य से बचे रहना होगा। वहीं दूसरी ओर साइबर क्राइम आजकल बहुत ज्यादा बढ़ गई है लोगों को के अकाउंट से सारे सारे रुपया गायब कर दिए जा रहे हैं अनजान कॉल से दूर रहे किसी अनजान व्यक्ति को अपना एटीएम कार्ड का नंबर एटीएम कार्ड का सीवीवी नंबर आधार नंबर पासबुक नंबर कभी भी ना दें और अनजान कॉल से दूरी बनाकर रखें। सड़क सुरक्षा को देखते हुए जब भी गाड़ी चलाने की नौबत आए तो सड़क के हर नियमों का पालन जरूर करें।

अगर दो पहिया वाहन में चलाते हैं तो हेलमेट पहन कर अवश्य चलाएं और चार पहिया वाहन चलाते है तो सिट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें साथ ही गाड़ी के सभी कागजात लेकर चलें। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की शराब का सेवन कभी न करें और घर मौहल्ला में अगर कोई व्यक्ति शराब का सेवन करता है तो उन्हें अवश्य रोकें।

# सेन्हा में किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

झारखंड सरकार के कृषि एवं सहकारिता विभाग के तत्वधान में किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन प्रखंड परिसर प्रांगण में जिला कृषि परियोजना आत्मा के तहत किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला सहायक कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, दिनेश प्रसाद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा और प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला के दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों का किसान अपने क्षेत्र में उपजने वाले तरह तरह के फल सब्जी लेकर उपस्थित हुए। वही किसानों को संबोधित में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि भिन्न भिन्न तरह की खेती होती है। जिसकी जानकारी किसानों को विभाग के माध्यम से जानना बहुत ही आवश्यक है। बताते हुए कहा की जैविक खेती से उन्नत फसल उतपन कर आत्मनिर्भर के साथ प्रेरणादायक बनने की सलाह दी गई। और किसान को उन्नत किस्म की फसल पैदा करने पर जोर दिया



गया। साथ ही उन्होंने कहा प्रकृति से नजदीक रहें और रसायनिक खाद व दवा से दूरी बनायें रखें जिला सहायक कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम ने कहा मिट्टी जांच कर आवश्यता अनुसार फॉस्फेट, यूरिया, नाइट्रोजन जैसे खाद्य का उपयोग करें और किस प्रकार की फसल की बुआई किया जाए उसकी सही जानकारी रखें जिससे अच्छी फसल का पैदावार हो सके। बताते हुए कहा कि समय के अनुसार धान, गेहूं, सरसो,चना, अरहर मूंग इत्यादि बीज एटीम और बीटीएम द्वारा प्रखंड में या लैम्प्स में किसानों के बीच वितरण किया जाता है। साथ ही कहा कि विभाग की ओर से किसानों को कृषि कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनुदानित मूल्य पर पम्प सेट, केसीसी ऋण उपलब्ध कराया जाता है। वहीं किसानों ने फसल बुआई से पैदावार से लेकर बेचने तक उतपन होने वाली समस्या को बेझिझक रखते हुए निदान का मांग किया साथ ही कहा फसल पैदावार में किसान कर्ज में डूबे और तैयार फसल का मूल्य सरकार तय करती है। और उस फसल का मूल्य तीन से चार माह बाद दिया जाए। सहित किसान संबंधित समस्याओं से अवगत अधिकारी व पदाधिकारी को कराया गया। कार्यक्रम के पश्चात किसानों को कृषि से सम्बंधित कृषि यंत्र पुरस्कार के रूप में दिया गया। मौके पर जनसेवक सुरजा भगत, पूनम कुजूर, अजय वर्मा, एटीम स्नेहलता, बीटीएम प्रिता रानी के अलावे रणजीत यादव, देवप्रसाद साहू, भीम महतो, राजकपूर भगत, प्रदीप महली, इन्दू देवी, ललिता उराइन, पिंकी देवी, मैरून खातुन, उर्मिला देवी सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

### कक्षा पहली के 13 सीटों के लिए 189 बच्चों ने दिया मौखिक साक्षात्कार



**किस्को।** जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के बगल पर स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में पहली कक्षा के लिए बच्चों का मौखिक साक्षात्कार लिया गया। जिसमें किस्को प्रखंड के अलावे लोहरदगा, गुमला, लातेहार सहित अन्य जिलों से बच्चे पहुंचकर साक्षात्कार में शामिल होकर मौखिक रूप से साक्षात्कार दिया। इधर विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि प्रथम कक्षा में 13 सीट हेतु कुल 189 बच्चों का आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसमें सभी का साक्षात्कार लिया गया। वहीं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जैतून एक्का ने बताया कि कक्षा प्रथम के लिए कुल 13 सीट है। जिसमें 25 प्रतिशत आदिम जनजाति के लिए 4 सीट आरक्षित है। इस संदर्भ में प्रभारी प्रधानाध्यापिका जैतून एक्का ने कहा कि विभागीय आदेशानुसार बच्चों का साक्षात्कार लिया गया। बता दें कि मौके पर साक्षात्कार टीम में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका के अलावा सहायक शिक्षक सुषमा साहू, मोइनुद्दीन अंसारी व भीखराम असुर आदि शामिल थे। इधर मौखिक साक्षात्कार के दौरान दंडाधिकारी के रूप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी शंकर प्रसाद को विभाग की ओर से प्रतिनियुक्त किया गया था एवं किस्को थाना से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एएसआई गोविंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मौके पर कई अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : अनिल उरांव



**लोहरदगा।** गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय में जिला परिवहन कार्यालय लोहरदगा के तत्वावधान में सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा जूता जरूर पहनना चाहिए। साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। बच्चे अपने घर के बड़ो को रोड़ सेफ्टी के प्रति जागरूक करें। उन्हें बताये की उनके ऊपर पूरे परिवार की जिम्मेवारी है इसलिए सड़क सुरक्षा नियमों का अवश्य पालन करें।अगर किसी व्यक्ति की सड़क पर दुर्घटना हो जाती है तो संबंधित थाने में इसकी सूचना अवश्य दें तथा घायल व्यक्ति को अस्पताल जरूर पहुंचाये।महिला थाना प्रभारी किरण पंडित ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें, सड़क के बाई ओर चलना चाहिए। ट्रैफिक लाईट के संकेतों का अनुपालन करना चाहिए। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरि ने बताया कि आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिससे प्रमुख कारण सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं करना है।सड़क सुरक्षा अभियंता अमरेश कुमार ने बताया कि जीवन अनमोल है इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में विद्यालय सचिव चन्दन भारती, प्राचार्य जयमंती कुमारी, सरस्वती सिंह, अनामिका भारती, आभा कुजूर, काजल साहू, सिद्दीका परवीन, अर्पणा सिन्हा, कंचन मेहता, आशा दास, संगीता वर्मा, सबिता कुमारी, डोरोथी खलखो, उमा मिश्रा, सुमन लकड़ा, कविता शर्मा तथा उच्च विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम — स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन, डॉ. राजेश भगत ने कहा

# स्वस्थ शरीर में रहता है स्वस्थ मस्तिष्क

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में सोमवार को स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र डॉक्टर राजेश भगत जो सदर अस्पताल लोहरदगा में शिशु रोग विशेषज्ञ के पद पर पदस्थापित है। इस अवसर पर चिकित्सालय से जांच की 2 टीम आई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता, एवं ओम के चित्र के समझ दीप जलाकर एवं पुष्प चढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे कराते हुए मानव का प्रथम सुख उसका स्वस्थ शरीर है। व्यक्ति को सदैव शिशु के विकास के लिए समय-समय पर अपने बच्चों की जांच करवाना चाहिए। डॉक्टर राजेश भगत ने कहा की गर्भावस्था के समय से ही शिशु के स्वास्थ्य



का ख्याल रखना चाहिए। समय-समय पर बच्चों का टीकाकरण करवाना चाहिए। शिशु के जन्म के समय माता एवं शिशु के सकुशल जीवन की कल्पना की जाती है। खानपान एवं रहन सहन साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है माता एवं शिशु को पर्याप्त मात्रा में फल, दूध, साग, सब्जी एवं संतुलित भोजन की आवश्यकता होती है समय-समय पर चिकित्सक के चिकित्सा के आवश्यकता शिशु के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। शिशु विकल्प के भविष्य के कर्णधार होते हैं अतः माता पिता सदैव शिशु के सम्यक विकास पर ध्यान दें। इस अवसर पर नम्रता मिंज, स्नेह लता मिंज, प्रकाश ठाकुर आदि जांच टीम में सम्मिलित थे। बच्चों की जांच उनके वजन, ऊंचाई, शारीरिक स्वस्थता के आधार पर किया गया। स्वस्थ बच्चों में प्रथम स्थान नंदनी कुमारी, द्वितीय स्थान पलक कुमारी एवं तृतीय स्थान क्रमशः विभाश्री और रौनक कुमार को मिला। सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शक्ति सिंह को डॉ राजेश भगत ने विशेष पुरस्कार देने की घोषणा की। इस प्रतियोगिता में 50 की संख्या में बच्चे एवं बच्चियां तथा उनके अभिभावक उपस्थित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

NEWS इन ब्रीफ

## यूथ कांग्रेस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया

**मेदिनीनगर।** शहर के छह मुहान चौक पर सोमवार को 11 बजे पलामू जिला यूथ कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान जिला अध्यक्ष मुन्ना खान के नेतृत्व में चलाया गया। युवा कांग्रेस ने लोगों के बीच में ट्रैफिक नियमों का पालन करने, ओवरस्पीडिंग से बचने एवं टू व्हीलर पर हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने का संदेश प्रेषित किया। वहीं परवेज अली उर्फ मुन्ना खान ने कहा कि ऐसा करने से लोग बेवजह जान -माल के नुकसान से स्वयं को और अन्य लोगों को बचाया जा सकता है। सड़क दुर्घटनाओं में रोक के लिए जनता को स्वयं जागरूक होना होगा। गार्जियन को 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को किसी भी कीमत पर वाहन चलाने से रोकना होगा। पिछले महीने में जिस तरीके से सड़क दुर्घटना में युवाओं की मौत सभी को झकझोर कर रख दिया है। मौके पर सौरभ तिवारी, आशीष चौधरी, नीतीश पासवान, गुलाम नबी, जहांगीर अंसारी आदि यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुबियाखाड़ में सड़क दुर्घटना, घायल

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एनएच 39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग आजाद घाट दुबियाखाड़ के पास सोमवार के लगभग 3:00 बजे चेचिस और ट्रक के आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चेचिस का ड्राइवर घायल हो गया व ट्रक ड्राइवर उतरकर भाग गया। सतबरवा थाना पुलिस जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर चेचिस ड्राइवर घायल को इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल मेदनीनगर भेजा गया। बताया जाता है कि ट्रक बी आर 02 ए मेदिनीनगर की ओर से आ रही थी और चेचीस जे एच 05 ए रांची की ओर से आ रही थी। इसी बीच आजाद घाट के पास आपस में दोनों की टक्कर हो गई। जिसमें चेचिस का ड्राइवर घायल हो गया व ट्रक ड्राइवर भागने में सफल रहा।

## 36 केन बियर के साथ दो गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑनसोन रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन परिसर में अपराधिक गतिविधियों को रोकथाम को लेकर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उप निरीक्षक निशांत कुमार,ऑन ड्यूटी सहायक उप निरीक्षक नीलरतन सिंह, आरपीएफ जवान बिरेंदर प्रसाद सिंह ने जपला स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2/3 पर स्थित स्टॉल के समीप दो युवकों को पिट्ठू बैग की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान उक्त दोनों बैग से 36 गॉड फादर केन बियर बरामद किया गया। इस संबंध में आरपीएफ उप निरीक्षक निशांत कुमार ने बताया कि अक्षय कुमार और बिट्टू कुमार दोनों गिरफ्तार युवक डालमियानगर नगर, रोहतास निवासी है। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों को उत्पाद विभाग मेदिनीनगर को सुपुर्द किया जायेगा।

## जिप सदस्य के प्रयास से सौ केवीए का लगा ट्रांसफार्मर

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने ग्रामीणों की मांग पर अपने क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा बीघा पर 100 केवीए का बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगवाया। जिससे ग्रामीणों में हर्ष हैं। इस संबंध में राजू मेहता ने बताया कि मुझे जिस आशा और विश्वास से जनता ने चुना हैं, उसी संसाधन में बेहतर करने का प्रयास करता हूं। उन्होंने यह भी बताया की उक्त गांव में पूर्व में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था और कंज्यूमर अधिक थे। जिसके कारण बार-बार जल जाने से ग्रामीणों की शिक्षा स्वास्थ्य एवं कृषि सिचाई सभी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था।
इन्हीं परेशानियों को देखते हुए मैं विभाग को पत्र लिखा था।

# बिजली करंट की चपेट में आकर महिला घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करसों निवासी नंदेश्वर महतो की पत्नी नेपाली देवी उम्र 40 वर्ष बिजली के करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गयी है। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह नेपाली देवी अपने खेत पर मोटर पंप से पानी पटवन कर रही थी। तभी अचानक बिजली के करंट के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद भी नेपाली देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना का शुभारम्भ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गतस्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना का शुभारम्भ किया गया। इसके तहत शहर के लाइफ लाइन कोयल नदी के तट पर शुरू किया गया। वहीं नदी में पड़ी गंदगी, प्लास्टिक, झाड़ियों को भी साफ किया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य 'जल संरक्षण' तथा इसके बचाव हेतु अपनायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित रूप देना है। इसके तहत जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाना है। यह




परियोजना संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 1100 स्थानों के 730 शहरों, विशाल रूप से आयोजित की जायेगी। इस परियोजना में निरंकारी मिशन के करीब 1.5 लाख स्वयंसेवक अपने सहयोग द्वारा जल संरक्षण और 'जल निकायों' जैसे समुद्र तट, नदियां, झीले, तालाब, कुएं, पोखर विभिन्न झरनों, पानी की टंकियों, नालियों और जल धाराओं इत्यादि को स्वच्छ एवं निर्मल बनायेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित निगम के डिप्टीमेयर मंगल सिंह ने मिशन के कार्यों की सराहना की और कहा कि आगे भी उनका सहयोग मिशन को मिलता रहेगा। मौके पर पलामू व गढ़वा जिले के संयोजक एके वर्मा एवं सेवादल इंचार्ज संतोष कुमार अग्रहरी, पुरूषोतम, अक्षय, विकास, महिला सेवा दल की इंचार्ज सोनी, चांदनी आदि उपस्थित थें।

# शिक्षकों का प्रमोशन जल्द प्रोन्नति की उम्मीद बढ़ी

### प्रोन्नति से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं विषयों को लेकर गठित विभागीय समिति से मांगी गई है रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के सभी जिलों के प्राथमिक शिक्षकों को जल्द ही प्रोन्नति की उम्मीद बढ़ी है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक चंद्रशेखर ने सभी जिलों में प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं विषयों को लेकर गठित विभागीय समिति से रिपोर्ट मांगी है। इस निर्देश के बाद अब प्रमोशन की उम्मीदें




काफी बढ़ गयी है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी जिलों में प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति में विभिन्न प्रकार की गड़बड़ियां सामने आने के बाद उनकी जांच व आवश्यक सुझाव देने के लिए आठ फरवरी को विभागीय समिति गठित की थी। इस समिति ने अभी तक अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है। अब प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने अपने आदेश में समिति से कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में प्रारंभिक शिक्षकों के प्रोन्नति संबंधी विभिन्न मामलों के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि शिक्षकों की वरीयता सूची के निर्माण में शिक्षकों की नियुक्ति तिथि, उनके द्वारा विद्यालय में योगदान की तिथि एवं लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर नियुक्त शिक्षकों के मेधा क्रमांक को आधार बनाए जाने पर स्थापित प्रविधानों के अनुपालन के क्रम में स्पष्टता के अभाव में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। वही, दूसरे आदेश के तहत उर्दू शिक्षकों के वेतन भुगतान अब योजना मद की जगह गैर योजना मद से हो सकेगा। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद विभाग ने संकल्प जारी किया है। उर्दू शिक्षकों को अब समय पर वेतन भुगतान हो सकेगा। अब इनका वेतन भुगतान योजना मद की बजाए अन्य शिक्षकों की तरह गैर योजना मद से हो सकेगा।

## स्कॉर्पिओ व इनोवा में टक्कर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बैरिया टीवी टावर रोड देवी मंडप के समीप तेज रफ्तार में आ रही ब्लैक स्कॉर्पिओ ने इनोवा को मारी जोरदार टक्कर हालांकि इस दुर्घटना में किसी प्रकार के हताहत होने की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार इनोवा में सवार लोग मेदनीनगर से पाटन जा रहे थे। तभी रास्ते में टीवी टावर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पिओ ने इनोवा को जोरदार टक्कर मारते हुए एक टेलर दुकान की झोपड़ी को उजाड़ते हुए मोटर साईकिल को टक्कर मारी। इसके बाद जेपीएस के बजाज ऑटो सर्सिंग सेंटर के शटर को तोड़ते हुए सर्विसिंग सेंटर में जा घुसी। मौके पर पहुंचे टीओपी 3 प्रभारी मंतुस्ट महतो व उनकी टीम ने स्कॉर्पिओ को अपने कब्जे में ले लिया है।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले निकाली गई कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** पाटन के शिव मंदिर प्रांगण में शिव प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी और पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालु माथे पर ॐ नमः शिवाय, हर हर महादेव की पट्टियां लगाए हुए थे। कलशयात्रा में बैंड पार्टी के अलावा भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भक्ति के सागर में गोता लगा रहे थे। मौके पर उपस्थित विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि शिव प्राण प्रतिष्ठा से क्षेत्र में वातावरण शुद्ध होता है। इससे सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। वहीं माहौल भक्तिमय हो जाता है। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य संग्राम



सिंह ने कहा कि यज्ञ और परिक्रमा से हर घर का माहौल और गांव सात्विक हो जाता है। मानव समाज का भला होने लगता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन पर्व त्योहार का दिन है। इससे चारों तरफ उल्लास भरा हुआ है। मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार, प्रमुख पुष्पा देवी, शिवशंकर प्रसाद, उमाकान्त प्रजापति, बिनोद प्रसाद, अशोक सोनी, शक्ति शंकर गुप्ता, अजय सोनी, रणधीर सिंह, तुनू राज, आशुतोष पांडेय, रिंकी साहू, अक्षय कुमार, अभिषेक सिंह, संजय सिंह अहित हजारो की संख्या में श्रद्धालु

# कांग्रेस पार्टी जनसमस्याओं को लेकर निकालेगी पदयात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि मंगलवार को सुबह 11 बजे मेदिनीनगर के कांग्रेस पार्टी के कार्यालय मुख्यालय से कांग्रेस जनों का पदयात्रा निकालेगी। जो पलामू के उपायुक्त कार्यालय में जाकर उन्हें मांग पत्र सौंपा जाएगा। पलामू के लोगों के जन समस्याओं को दूर करने का आग्रह करेगी। इसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने दी। वहीं उन्होंने कहा कि सबको मालूम है कि पूरे देश की तरह पलामू जिला में भी जन समस्याओं का अंबार है। हर लोग छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर त्रस्त और परेशान है। ना अफसर सुन रहा है ना कर्मचारी। चारों तरफ पैसा का बोलबाला है। बिना रिश्वत दिए कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा है कि सरकार हमारी सत्ता में जरूर है, हम झारखंड मुक्ति मोर्चा को समर्थन देकर झारखंड में सरकार चला रहे हैं। सरकार चलाना एक अलग बात है लेकिन अगर जनता का काम नहीं होगा, जन समस्याओं का निदान नहीं होगा। तो फिर संघर्ष के लिए हम सड़कों पर उतरेंगे। इसके लिए अगर संघर्ष भी करना पड़े तो करेंगे।

# राजेंद्र रघुवंशी की पुण्यतिथि पर इप्टा का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के रास्ते/ आओ कि कोई ख्वाब बुनें कल के वास्ते की घोष के साथ इप्टा के संस्थापक सदस्य और नाट्य पितामह राजेंद्र रघुवंशी की पुण्यतिथि पर इप्टा के 15 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। समिति के द्वारा स्मृति सभा व गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में राजेंद्र रघुवंशी को याद करते हुए विशेष तौर पर नाट्य विधा की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। राजेंद्र रघुवंशी एक ऐसे व्यक्तित्व का नाम है जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आजादी के आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए नाटक, गीत, नृत्य, कहानी लेखन को अपना हथियार बनाया। उन्होंने सांगठनिक तौर पर पूरे देश में इप्टा की इकाइयों के गठन में अहम भूमिका निभाया। रघुवंशी कहा करते थे कि चाहे आंधी हो या तूफान या बवंडर हमारा नाटक नहीं रुकेगा। गोष्ठी के दौरान नाट्य विधा की चुनौतियां पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रोफेसर कृष्ण कुमार मिश्र ने कहा कि नाटककारों और कलाकारों के समक्ष कई कठिनाइयां सामने आती है। इन कठिनाइयों को पहचाने बगैर नाट्य विधा को आगे बढ़ाना मुश्किल होगा। युवा कलाकार अविनाश तिवारी ने कहा कि निर्देशकीय स्तर पर कलाकार को विकसित करने की प्रक्रिया का अभाव भी एक चुनौती है। आर्थिक रूप से कमजोर कलाकार



अपनी कला को विकसित नहीं कर पाता। वहीं युवा पत्रकार कनक राज पाठक ने कहा कि नाट्य विधा के सामने आर्थिक चुनौती सबसे बड़ी चुनौती है। इसी के साथ एक चुनौती यह है कि जो भी नाटककार हैं या कलाकार हैं उनके योगदान और उनके महत्व को लेकर आज तक कोई भी शोध कार्य नहीं हुए हैं। राजीव रंजन ने कहा कि नाटक सहित कला की तमाम विधाओं पर राजनीतिक हमले जारी हैं। अनिल सिंह चेरो ने कहा कि नाट्य विधा एक सांस्कृतिक आंदोलन जो एक सुंदर दुनिया का निर्माण चाहता है। इस नाते आंदोलन की तमाम चुनौतियां नाटक विधा की चुनौती है। प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि नाटककारों के सामने पेट की चुनौती सबसे बड़ी चुनौती होती है। इन परिस्थितियों में हमें अपना दर्शक वर्ग को खड़ा करना जरूरी होगा। वहीं प्रेम प्रकाश ने कहा कि नाट्य विधा के सामने बाजारवादी संस्कृति सबसे बड़ी चुनौती है। इसी के साथ विवेकपूर्ण सहमति और साहसपूर्ण असहमति का अभाव भी नाट्य विधा के लिए एक चुनौती है। नाटक विशुद्ध रूप से सांस्कृतिक आंदोलन होते हुए एक राजनीतिक प्रक्रिया है। इसलिए इसकी चुनौतियां समय के अनुसार परिवर्तित होती रहती है। जिस पर चर्चा निरंतर जारी रखने की जरूरत है। इस मौके पर युवा कवि मनीष मिश्रा ने राजेंद्र रघुवंशी के प्रति अपनी कविता से श्रद्धांजलि अर्पित किया। गौतम कुमार ने अध्यक्षीय वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। मौके पर वंदना श्रीवास्तव, नुदरत नवाज, रविशंकर, शशि पांडे, सतीश कुमार, भोला कुमार, संजीव कुमार संजू, अजीत कुमार, समरेश सिंह, बिहारी लाल डोगरा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# वरदान ट्रस्ट ने किया भोजन का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रविवार की शाम स्थानीय स्टेशन परिसर में रहने वाले जरुरतमंदों के बीच रोटी, सब्जी, कचौड़ी, छोले, तहरी और अचार का वितरण किया गया। ट्रस्ट के द्वारा प्रत्येक रविवार को लोगो के बीच भोजन का वितरण यथा संभव किया जाता है। ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने बताया कि अब गर्मी का मौसम दस्तक दे चुका है। उन्होंने आम जनों से भी अपील किया है कि यथा संभव मदद करे ताकि गर्मी में किसी भी जरूरतमंद को कोई तकलीफ न हो। इस कार्य में आशुतोष सिंह, राम इकबाल यादव, अर्चना अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, बेबी विश्वकर्मा, रोहित गुप्ता और मुस्कान का सहयोग रहा। सबके सहयोग से ही सफलतापूर्वक यह अभियान संपन्न हुआ।

# संघर्ष मोर्चा ने चंद्रशेखर आजाद की 92वीं पुण्य तिथि मनाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की 92 वीं पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम चंद्रशेखर आजाद के तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। 17 वर्ष कि आयु में चंद्रशेखर आजाद क्रांतिकारी दल हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसियशन में सम्लीत हो गए। साडर्श बध सेन्ट्रल एलेम्बली में भगत सिंह द्वारा बम फेकना वाएस राय को ट्रेन से उड़ाने की चेस्टा के साथ काकोरी कांड में भी उन्होने सक्रिय भाग लिया। इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों के साथ संघर्ष करते हुए वीरगती को प्राप्त हुए। चंद्रशेखर आजाद आजादी के लड़ाई में प्रथम पंक्ति के नेता थे। उन्होने आजादी के लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चंद्रशेखर आजाद के नाम सुनते ही अंग्रेज काप जाते थे। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। इनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। संतोष कुमार ने चंद्रशेखर आजाद की जिवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की उनका निधन 27 फरवरी 1931 को हुआ था। वे बच्चपन से ही क्रांतिकारी थे। इनमें देशभक्ती की भावना कुट-कूट कर भरी हुई थी। इस अवसर पर संजित कुमार, सन्नी कुमार, यशवंत कुमार, उपेन्द्र तिवारी, प्रभात कुमार, संजय चौरसीया, मनोज सिंह, अजित कुमार, प्रदुमण तिवारी, अभय कुमार, आनन्द कुमार, नन्हक सिंह, मनोज सिंह, सतिश दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

# स्कूल में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के रांची रोड चियांकी स्थित एलिट पब्लिक बी एड कॉलेज में रविवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. राम लखन सिंह उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रति कुलपति डॉ. दीप नारायण सिंह एवं कुलानुशासक डॉ. केसी झा तथा एलिट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष डॉ. आर पी सिंहा उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। महाविद्यालय के छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान के साथ कार्यक्रम में शिरकत किया। अतिथियों का स्वागत भाषण डॉ. आर पी सिंहा द्वारा दिया गया। आज के सेमिनार का विषय भारतीय भाषा में शिक्षा की संकल्पनाएं एवं चुनौतियों पर चर्चा हुई। केंद्रीय विश्वविद्यालय गया बिहार के डॉ. नृपेंद्र वीर सिंह जो बीजवक्ता के रूप में विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलाम्बर पीताम्बर विश्विद्यालय के कुलपति महोदय ने कहा कि भारतीय भाषाओं में शिक्षा सरल एवं ग्राह्य होगा। हम सभी का प्रयास भी है कि शिक्षा को अपनी भाषा में दी जाए। प्रति कुलपति महोदय ने कहा अपनी भारतीय भाषा में शिक्षा देने एवं बोलचाल की भाषा में अधिक उपयोग करना चाहिए, इस पर हमें गर्व होना चाहिए। कुलानुशासक केसी झा ने कहा कि लगातार भारतीय भाषा में शिक्षा देने के प्रति अग्रसर हैं। अति आवश्यक स्थिति में ही अन्य भाषा का प्रयोग किया जाए।

स्वागत | **तमिलनाडु के कई जिलों में पौधा रोपण कर वृक्षों पर बांधा रक्षासूत्र**

# पलामू के पर्यावरणविद की धमक दक्षिण राज्यों में भी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पर्यावरणविद अब दक्षिण राज्यों में अपनी पहचान बना रहे हैं। तमिलनाडु के चेन्नई सर्किट हाउस, काजीपुरम जिला के राजीव भेजेंनडी मेमोरियल पैलेस, श्रीपेरमबदुर और महाबलीपुरम जिले के सीसोरी टेंपल प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष सोंडी विगरम एवं सचिव सनी कच्छ के साथ पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष और सचिव को राखी का माला पहना कर स्वागत किया गया। वहीं उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म का पाठ भी पढ़ाया गया। कार्यक्रम के उपरांत स्टेट बैंक के मैनेजर




कृष्णा प्रसाद ने पर्यावरण धर्मगुरु व सचिव को सम्मानित किया। वनराखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने कहा कि आज का कार्य अर्थ के लिए हो रहे हैं। उस अनर्थ से होने वाली तबाही को रोकने के लिए दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट को अपने जीवन में उतारना होगा क्योंकि इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है। पर्यावरण धर्मगुरु ने कहा कि उनके द्वारा चलाए गए निशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वर्ष और पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के 46वां वर्ष पूरा होने के उपरांत पिछले वर्ष नेपाल, भूटान समेत देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण सह रोपण के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था। जिसकी शुभारंभ माह जुलाई में पलामू प्रमंडलीय आयुक्त ने छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से निशुल्क पौधा वितरण शिविर एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया था। उन्होने बताया कि अब तक झारखंड समेत बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ पांच राज्यों सात जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किए जा चुके हैं। उसी की कड़ी में तमिलनाडु में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। इसके बाद कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश और पांडिचेरी में भी कार्यक्रम किए जाएंगे। साथ ही कार्यक्रम को वृहद आकार देने के उद्देश्य से उन प्रदेशों में नए अध्यक्षों और सचिवों की नियुक्ति भी किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में कृष्णा प्रसाद, शोडी विग्रम, शक्ति, पि कुमार, सनी कच्छ, अतुल प्रसाद, संतोष कुमार आदि शामिल थे।

# युवा फुटबॉल क्लब ने टूर्नामेंट का खेला फाइनल मैच

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** जिले के छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का फाईनल मुकाबला खेला गया । फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन युवा फुटबाल क्लब के द्वारा किया गया था। दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ताहिर हुसैन, विशिष्ट अतिथि के रुप मे बीस सूत्री के अध्यक्ष सिंह गोपाल सिंह, राजन सिंह, युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता , कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य मो मुस्ताक अहमद तिलक सिंह, चिंटू सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी शेखर कुमार, आसिफ इकबाल, अरुण ठाकुर, बीरेंद्र पासवान, डॉ सुनील वर्मा, सुमन गुप्ता, शिक्षक जयप्रकाश, मुखनारायण सिंह , बरुन सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी राजेंद्र सिंह ने कहा कि खेल से सामाजिक एकता मजबूत होती है। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि फुटबॉल छतरपुर के इलाके का एक प्रमुख खेल है जो युवाओं को प्रेरित करता है। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, संरक्षक पपू सिंह, सचिव रितेश चंद्रा, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, राहुल राय, गोल्डी सिंह, गुड्डू अंसारी, ननकू उरांव, रामाशंकर, वरुण प्रकाश सिन्हा, मो. सुलेमान अंसारी, निखिल सिंह, राकेश, पिंटू, सूरज, छोटू , अनिल की एहम भूमिका रही।

ज्ञान की बात

स्वयं को स्मरण कर लिया करो कि सृष्टि का निर्माण ईश्वर ने किया है, तुमने नहीं। सृष्टि उसी के बनाए नियमों पर चलेगी, तुम्हारी कामनाओं पर नहीं। तुम ना नियम-निर्माण कर सकते हो, न उनमें परिवर्तन कर सकते हो। तुम उन नियमों को समझ कर केवल उनके अनुकूल आचरण कर सकते हो। जब तक कार्य-कारण-स्वरूप इस प्रकृति से बंधे हों, नियम तो ये ही रहेंगे। अहंकार के हाथों का खिलौना बनकर दुखी क्यों होते हो? - ठाकुरजी

# ट्रैफिक व्यवस्था

**झारखंड** में प्रत्येक दिन सड़क दुर्घटना में दस लोगों की जान जा रही है। इसे लेकर 1 से 3 मार्च तक रांची से पतरातू तक की ट्रैफिक व्यवस्था पुख्ता इंतजाम करने की व्यवस्था करने की योजना हैं। यहां की सड़कें ब्लैक स्पॉट बन गयी हैं। यह किसी के लिए चिन्ता की बात है। इसके लिए गूगल मैपिंग कराई जा रही हैं। इसमें जो बातें निकल कर सामने आयी हैं कि जहां सड़क किनारे केबल के लिए खाई खोदी गई हैं,वहां दुर्घटना का होना आम बात है। इसमें देखा जाता है कि सड़क किनारे खाई तो खोदी जाती है लेकिन उसे भरा नहीं जाता है। इस वजह से वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। साथ ही हैलमेट नहीं पहनना भी वजह हैं। लाल बत्ती जंप करन व रेस ड्राइविंग,शराब पीकर वाहन चलाना मुख्य कारण हैं। ये असावधानियां लील रही हैं आम लोगों की जिन्दगी। बहरहाल राजधानी में दो मार्च को जी-20 की बैठक होगी। इसमें शामिल होने के लिए 20 देशों के डेलीगेट्स एक मार्च को रांची आने वाले हैं। तीन मार्च को अतिथि रामगढ़ जिला के पतरातू लेकर का भ्रमण करेंगे। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इसमें यह देखना जरूरी है कि आम लोगों को कोई परेशानी न हो। वैसे देखा जाये तो जी-20 समिट को लेकर शहर को चमकाने की तैयारी को आवाम मिलने लगा है। अच्छा होता आगे भी इसी प्रकार सड़कें दिखती। बैठक में शामिल होने के लिए आनेवाले अतिथियों को शहर सुंदर लगे, इसके लिए प्रस्तावित रूट पर हर दिन दो टाइम कूड़े का उठाव किया जा रहा है। अगर आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार देखने को मिलता तो कितना अच्छा होता। लेकिन दुर्भाग्य ऐसा नहीं हो पाता है। बहरहाल घर से बाहर निकलने पर हमारी जिन्दगी उधार की वस्तु के रूप में दिखने लगी हैं। यह चिंतनीय स्थिति हमारी लचर व्यवस्था के कारण उत्पन्न हुई हैं। हालांकि ऐसा नहीं माना जा सकता है कि सरकार और हमारी संस्थाओं के द्वारा कोई कार्य नहीं हो रहे हैं। लेकिन हम अपने दायित्व और कर्तव्य को भूलते जा रहे हैं। यही कारण है कि हमारे दरवाजे पर मौत की दस्तक जारी है। इसके लिए हम सब को जागरूक होना ही पड़ेगा। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन कर इस हादसे को कम किया जा सकता है। यह इश्यू बड़ा है। इसे सबके सहयोग से ही काबू किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में इसे संकल्प के रूप में लेने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा जब संवेदनाओं के तार एक साथ जुड़ेगें।

**जी-20 समिट को लेकर शहर को चमकाने की तैयारी को आवाम मिलने लगा है। अच्छा होता आगे भी इसी प्रकार सड़कें दिखती। बैठक में शामिल होने के लिए आनेवाले अतिथियों को शहर सुंदर लगे।**

# पंजाब में उन्मादी लपटों को हवा देने का षड्यंत्र



ललित गर्ग



**एक** बार फिर पंजाब अशांति, हिंसा एवं आतंकवाद की ओर बढ़ रहा है। राज्य में कानून-व्यवस्था ढह चुकी है और अराजकता हावी है। समूचा प्रशासन मूकदर्शक बनकर असामान्य होती स्थितियों को देख रहा है। खालिस्तान समर्थक उग्र होते जा रहे हैं। पुलिस और शासन-व्यवस्था एकदम लाचार बनी उपद्रवियों के सामने समर्पण करती हुई दिखाई दे रही है? ऐसे जटिल-से-जटिल हालातों में आम जनता अपनी सुरक्षा की उम्मीद किससे करेगी! यह छिपा तथ्य नहीं है कि पंजाब में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर कई बार ऐसे हालात देखे गये है, मानो आपराधिक तत्त्वों को बेलगाम होने का मौका मिल गया हो या यह एक सोची-समझी रणनीति के तहत राज्य में अशांति, आतंक एवं अराजकता को पनपने दिया जा रहा है। जबकि चुनावों के दौरान आप पार्टी ने राज्य की जनता से कानून-व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने से लेकर नशामुक्ति जैसे कई बड़े वादे किये थे। कितना आसान है यह कह देना कि पंजाब में अशांति फैलाने के लिये पड़ोसी देश आर्थिक मदद कर रहा है? प्रश्न है कि जो देश आर्थिक कंगाली से जूझ रहा है, वह भला क्या हिंसा एवं आतंक फैलाने के लिये भारी-भरकम आर्थिक मदद देगा? यह आप-सरकार का अपनी जिम्मेदारियों से पला झाड़ देने का सबसे आसान तरीका है। पंजाब के दिनोंदिन बिगड़ते हालातों को देखते हुए यह कहा जा सकता है वहां आप सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। आप सरकार की नाकामयाबियां इसी तरह हावी रही तो पंजाब में अतीत के आतंकवादी दौर को लौटने में देर नहीं लगेगी। वे अस्सी एवं नब्बे के दशक के खूनी मंजर के दिन आज भी बहुत सारे लोग भूल नहीं सके होंगे और कोई नहीं चाहेगा कि वह त्रासदी फिर से खड़ी हो।

लेकिन सरकार और पुलिस-प्रशासन का रवैया अगर बेहद सुचिंतित, परिपक्व और सावधानी से भरा नहीं रहा तो आने वाले वक्त में छोटी-छोटी घटनाएं कैसा मोड़ लेंगी, कहा नहीं जा सकता! एक नया खौफनाक, डरावना एवं दहशतभरा काला पृष्ठ लिखा जायेगा। इसकी झलक पंजाब में अमृतसर के अजनाला के पुलिस थाने में गुरुवार को देखने को मिली, वहां जैसे हालात बने थे, उससे एकबारगी यही प्रतीत हुआ। नये बनते हालातों को देखते हुए यह कहा जा रहा है कि ऐसी अप्रत्याशित एवं त्रासद स्थिति कहीं भी घटित हो सकती है। दरअसल, वहां पुलिस ने लवप्रीत सिंह नाम के व्यक्ति को अपहरण समेत कई अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। लवप्रीत सिंह को वहां एक कट्टरतावादी सिख संगठन

**आप पार्टी ने राज्य की जनता से कानून-व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने से लेकर नशामुक्ति जैसे कई बड़े वादे किये थे। कितना आसान है यह कह देना कि पंजाब में अशांति फैलाने के लिये पड़ोसी देश आर्थिक मदद कर रहा है?**

### इन दिनों

'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह का करीबी माना जाता है, जो उसे रिहा कराने के मकसद से हजारों समर्थकों के साथ अजनाला थाने पर पहुंच गया था। भीड़ में कई लोग बंदूक और तलवार से भी लैस थे। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भीड़ के तेवर और दबाव के सामने वहां मौजूद पुलिसकर्मी लाचार दिखे। यों प्रदर्शनकारियों से सीधे हिंसक तरीके से ही निपटना कोई बेहतर विकल्प नहीं माना जाता है, लेकिन एक तरह से समूचे प्रशासन का मूकदर्शक रहना एक विचित्र स्थिति थी। हैरानी की बात यह है कि अजनाला थाने का घेराव दिखने में अचानक हुई घटना लगती है, मगर सच यह है कि इसकी पृष्ठभूमि कई दिनों से तैयार हो रही थी और शायद पुलिस ने सुचिंतित तरीके से इस मामले से निपटने के लिए समय रहते कदम नहीं उठाये। सवाल है कि क्या अपने एक व्यापक तंत्र के बावजूद वहां की पुलिस को कट्टरतावादी संगठन के मुद्दे, उनके काम करने के तरीके और उसके संरक्षकों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं था? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पंजाब देश का सीमावर्ती और संवेदनशील राज्य है। ऐसे में मामूली कोताही की वजह से भी कोई साधारण समस्या भी जटिल शक्ल अख्तियार कर सकती है। अजनाला पुलिस थाने पर बंदूकों और तलवारों से लैस भीड़ के हमले ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि हमलावर भीड़ ने सिखों के पवित्र ग्रंथ का 'ढाल' के रूप में इस्तेमाल किया। एक वाहन में गुरु ग्रंथ साहिब के 'सरूप' (प्रति) को थाने ले जाया गया, ताकि पुलिस कोई कार्रवाई न कर सके। पुलिस के हाथ बांधने एवं उसे विवश करने का यह खतरनाक खेल खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की अगुवाई में खेला गया। अगर किसी संवेदनशील मामले में पुलिस ने इस संगठन के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया भी था, तो क्या इससे पहले पूरी तैयारी जरूरी नहीं थी? आखिर क्या वजह है कि थाने पर हमले के बाद पैदा हुई स्थिति में पुलिस को अपना रुख नरम करना पड़ा? लवप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के आधार कितने मजबूत थे कि अजनाला की एक अदालत ने उसे रिहा करने में ज्यादा वक्त नहीं लगाया? अगर महज उसके समर्थकों के प्रदर्शन के दबाव में आकर पुलिस ने अपने कदम पीछे खींचे तो इसे कानून-व्यवस्था के लिहाज से कैसे देखा जाएगा?

### बोधि वृक्ष

## आईए सुनें भगवान नरसिंह की कथा

**सब** जगह धर्म का नाश होने लगा तथा ऋषि-मुनियों की हत्या होने लगी किंतु कहते हैं ना भगवान सर्वत्र विद्यमान होते हैं और हर किसी को अपनी शक्ति का अनुभव करवा ही देते हैं। जो हिरण्यकश्यप तीनों लोकों का राजा बना बैठा था और स्वयं को भगवान घोषित किये हुए थे, स्वयं उसी के घर में उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का सबसे बड़ा भक्त निकला। अब उस राजा की इससे बड़ी दुर्दशा क्या ही होगी कि जिसके भय से तीनों लोकों में लोग विष्णु का नाम लेने से डर रहे थे, उसी राजा का ही पुत्र दिन-रात विष्णु-विष्णु का नाम ही जपता था। अपने पुत्र प्रह्लाद को दी यातनाएं हिरण्यकश्यप के अधर्मी होने के बाद भी स्वयं उसके घर में विष्णु भक्त का जन्म हुआ जो उसका सबसे छोटा पुत्र प्रह्लाद था। प्रह्लाद बचपन से ही भगवान विष्णु का भक्त था तथा उनकी भक्ति में ही लीन रहता था। जब वह केवल पांच वर्ष का था तब उसके पिता हिरण्यकश्यप के द्वारा उसे मारने के बहुत प्रयास किये गए। इन प्रयासों में प्रह्लाद को सांपों से भरे कारावास में फिंकवा देना, हाथियों के पैरों के नीचे कुचलवाने का प्रयास करना, पहाड़ से नीचे खाई में फेंक देना, अस्त्रों से शरीर के टुकड़े करना, अग्नि में जलाने का प्रयास करना इत्यादि सम्मिलित है। आश्चर्य की बात यह थी कि जब-जब भी वह अपने पुत्र के वध करने का प्रयास करता तब-तब प्रह्लाद श्रीहरि का नाम जपने लगता। उसके बाद स्वयं भगवान विष्णु उसकी रक्षा करने आ जाते लेकिन किसी को दिखाई नही देते। फिर एक दिन हिरण्यकश्यप की भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद पर अत्याचार की सीमा समाप्त हो गयी और भगवान विष्णु ने भयंकर नरसिंह अवतार लिया, आइये जानते है।

(क्रमशः)

# गरीबों और निम्न मध्यम वर्ग के मन में जगी नई उम्मीदें



कमलेश पांडेय

**कांग्रेस** पार्टी ने ऐलान किया है कि जिस तरह से तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 1991 में आर्थिक उदारीकरण की शुरूआत की थी, उसी तरह से मौजूदा चुनौतियों का आकलन करते हुए आर्थिक नीतियों की पुनर्संरचना की आवश्यकता है। वैसे तो किसी भी राजनीतिक दल के महाधिवेशन पर प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की नजर टिकी होती है, लेकिन जब बात प्रमुख विपक्षी दल की हो तो अकसर सत्ताधारी दल की नीतियों से नाखुश लोगों में इस बात उम्मीद बनी रहती है कि शायद इस बार कुछ ऐसा फैसला हो, जिससे पहले भविष्य की राजनीतिक तस्वीर बदले और फिर उनकी माली हालत भी सुधरे। शायद ऐसे ही बहुत बड़े तादात वाले लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने रायपुर महाधिवेशन में पेश किये गए अपने आर्थिक प्रस्ताव में इस बात की घोषणा की है कि वर्ष 2024 के आम चुनावों में यदि उसे राजनीतिक सफलता प्राप्त होती है तो वह फिर एक नई आर्थिक नीति की शुरूआत करेगी, ताकि अमीर और गरीब के बीच निरन्तर बढ़ रही खाई को पाटा जा सके। पार्टी ने ऐलान किया है कि जिस तरह से तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 1991 में आर्थिक उदारीकरण की शुरूआत की थी, उसी तरह से मौजूदा चुनौतियों का आकलन करते हुए आर्थिक नीतियों की पुनर्संरचना की आवश्यकता है। वहीं, पार्टी नेता कमलनाथ ने केंद्र की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गलत नीतियों की वजह से गरीब और अमीर के बीच जो खाई बढ़ी है, उनकी पार्टी उसे पाटने की कोशिश करेगी। इसके लिए ग्रामीण मनरेगा की तर्ज पर शहरी गरीबों के लिए शहरी नरेगा शुरू करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि शहरी गरीबों के लिए शहरी नरेगा जल्द शुरू किया जाए। आर्थिक मामलों के एक जानकार ने कांग्रेस के इस नेक इरादे को देर आयद, दुरुस्त आयद वाला सियासी कदम करार दिया है। क्योंकि एक बार अपने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा किये गये राष्ट्रीयकरण के सफल प्रयासों से इतर जब कांग्रेस पार्टी के ही दूसरे प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव ने वर्ष 1991 में निजीकरण की शुरूआत की थी तो पार्टी की दुविधा पर उस समय जो सवाल उठाये गये थे और आज जो हालात दिखाई दे रहे हैं, उससे कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों का चिंतित होना लाजिमी है। क्योंकि उसकी प्रतिस्पर्धी भारतीय जनता पार्टी ने उनकी नीतियों को जस का तस बनाये रखी है, कुछ मामूली फेरबदल करके, ताकि पूंजीपतियों को रिझाया जा सके। ऐसे में कांग्रेस के इस ऐलान को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भारत जोड़ो यात्रा के बाद दूसरा नीतिगत मास्टर स्ट्रोक समझा जा रहा है। क्योंकि मौजूदा मोदी सरकार द्वारा बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और उनके भारतीय साझेदार यानी राष्ट्रीय कम्पनियों को लाभान्वित करने के लिए जो बड़े स्तर पर नीतिगत बदलाव किये गये हैं या फिर किये जा रहे हैं, उससे पूंजीपति वर्ग को तो काफी फायदा है, लेकिन आम आदमी और मध्यम वर्ग के हितों पर गहरा कुठाराघात घात हुआ है। हालांकि ऐसे लोगों को कांग्रेस के इस नये ऐलान से जीने का एक मकसद मिल गया है। अब तक भाजपा के वोटर रहे इस वर्ग ने, जो पहले कांग्रेस के वोटर समझे जाते थे और हिन्दुत्व के सवाल पर भाजपा से जुड़े थे, अपनी खराब हो रही माली हालत के चलते यदि पुनः कांग्रेस की नीतियों में भरोसा जता दिया और आगामी लोकसभा चुनावों में उसे जमकर वोट दे दिया तो बीजेपी के सारे किये धरे पर पानी फिर जायेगा। इसलिए भाजपा को चाहिए कि कांग्रेस आर्थिक नीतियों पर जो नया आश्वासन देशवासियों को दे रही है, उसे समय रहते ही समझ ले और तदनुरूप अपनी नीतियों में बदलाव करे, अन्यथा बेरोजगारी-महंगाई के नये दौर में शिक्षा-स्वास्थ्य समेत हर क्षेत्र में निजी कम्पनियों के शोषण-दोहन का जो सामना आमलोग कर रहे हैं, वह पार्टी के रणनीतिकारों पर भारी पड़ सकती है। अनुभव बताता है कि निजीकरण गलत बात नहीं है, लेकिन अधिकारियों-उद्यमियों के पारस्परिक सांठगांठ से प्रभावित राजनेताओं द्वारा जनहित में नियम-कानून ही नहीं बनाना एक ऐसा रोग है, जो नई आर्थिक दासता तो दे ही रहा है, साथ ही आम आदमी को समुचित गुणवत्तायुक्त जनसुविधाओं से भी वंचित कर रहा है। सवाल है कि जब पैसे खर्च करने के बावजूद सही सुविधाएं पैसे खर्चने वाले को नहीं मिले और गलत कार्य करने वाले लोगों में प्रशासन का खौंफ भी नहीं रहे, तो फिर सरकार का होना और न होना, कोई मायने नहीं रखता।

**पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा किये गये राष्ट्रीयकरण के सफल प्रयासों से इतर जब कांग्रेस पार्टी के ही दूसरे प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव ने वर्ष 1991 में निजीकरण की शुरूआत की थी।**

### राजनीति

### फोटो की दुनिया



### ट्वीट-ट्वीट



Saryu Roy
@roysaryu
प्रेम,पूजा,अमित के बाद अब "वीरेन्द्र राम घोटाला" की जाँच की सूई भी पूर्ववर्ती सरकार के शीर्ष तक पहुँच रही है. अभियुक्त/अभियुक्त पत्नी ने पूछताछ में राज उगल दिया है कि इस सरकार में जितना दिया, उससे काफ़ी अधिक उस सरकार को दिया,देते रहे. चौधरी-तिवारी-वारिस तक मलाई गई. दाग गहरे हैं.

### फेसबुक वॉल से




# विज्ञान विषय जीवन में सबसे मूल्यवान



डॉ. सुशील द्विवेदी

**विज्ञान** हमारे जीवन का सबसे मूल्यवान विषय है। विज्ञान के बिना विकास लगभग असंभव है। भारत में विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरुकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में 1986 से हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन होता है। प्रो. चंद्रशेखर वेंकटरमन ने 28 फरवरी 1928 को ही उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की थी। इसे संसास 'रमन प्रभाव' के नाम से जानता है। इस असाधारण उपलब्धि के लिए उनको 1930 में नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। सर सीवी रमन भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले एशियाई थे कहर साल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की एक थीम निश्चित की जाती है। इस साल की थीम 'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान' है। यह विषय भारत की उभरती वैश्विक भूमिका और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में उसकी बढ़ती दृश्यता को इंगित करता है। इस दिवस को मनाने का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों और आम लोगों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना, विज्ञान के क्षेत्र में नये प्रयोगों के लिए प्रेरित करना, लोगों के जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, वैज्ञानिक स्वभाव पैदा करना और विज्ञान से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर करके उनके विषय में एक सही सोच और दर्शन का विकास करना है भौतिक विज्ञानी सर सीवी रमन सिर्फ हम भारतीयों के लिए नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। दुनिया में उनकी खोज को 'रमन प्रभाव' (रमन इफेक्ट) के नाम से जाना जाता है। सर सीवी रमन ने ही पहली बार बताया था कि आसमान और पानी का रंग नीला क्यों होता है? दरअसल रमन एक बार साल 1921 में जहाज से ब्रिटेन जा रहे थे। जहाज की डेक से उन्होंने पानी के सुंदर नीले रंग को देखा। उस समय से उनको समुद्र के पानी के नीले रंग पर रैले की व्याख्या पर शक होने लगा। जब वह सितंबर 1921 में वापस भारत आने लगे तो अपने साथ कुछ उपकरण लेकर आए। सीवी रमन ने उपकरणों की मदद से आसमान और समुद्र का अध्ययन किया। वह इस नतीजे पर पहुंचे कि समुद्र भी सूर्य के प्रकाश को विभाजित करता है जिससे समुद्र के पानी का रंग नीला दिखाई पड़ता है। जब वह अपने लैब में वापस आए तो रमन और उनके छात्रों ने प्रकाश के बिखरने या प्रकाश के कई रंगों में बंटने की प्रकृति पर शोध किया। उन्होंने ठोस, द्रव्य और गैस में प्रकाश के विभाजन पर शोध जारी रखा। फिर वह जिस नतीजे पर पहुंचे, वह 'रमन प्रभाव' कहलाया। यह आविष्कार बताता है कि जब प्रकाश किसी पारदर्शी पदार्थ से गुजरता है तो उस दौरान प्रकाश की तरंग दैर्ध्य में बदलाव दिखता है। यानी जब प्रकाश की एक तरंग एक द्रव्य से निकलती है तो इस प्रकाश तरंग का कुछ भाग एक ऐसी दिशा में फैल जाता है जो कि आने वाली प्रकाश तरंग की दिशा से भिन्न है। आज उनकी खोज का इस्तेमाल दुनिया भर की प्रयोगशालाओं में हो रहा है। इसकी मदद से पदार्थ की पहचान की जाती है। जब भारत से अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान ने चांद पर पानी होने की घोषणा की तो इसके पीछे रमन प्रभाव का ही हाथ था। फॉरेंसिक साइंस में तो रमन प्रभाव का खासा उपयोग हो रहा है और यह पता लगाना आसान हो गया है कि कौन सी घटना कब और कैसे हुई थी। दरअसल, जब खास तरंगदैर्ध्य वाली लेजर बीम किसी चीज पर पड़ती है तो ज्यादातर प्रकाश का तरंगदैर्ध्य एक ही होता है। लेकिन हजार में से एक ही तरंगदैर्ध्य मे परिवर्तन होता है। इस परिवर्तन को स्कैनर की मदद से ग्राफ के रूप में रिकॉर्ड कर लिया जाता है। स्कैनर में विभिन्न वस्तुओं के ग्राफ का एक डेटाबेस होता है। हर वस्तु का अपना ग्राफ होता है। हम उसे उन वस्तुओं का फिंगर प्रिन्ट भी कह सकते हैं। जब स्कैनर किसी वस्तु से लगाया जाता है तो उसका भी ग्राफ बन जाता है। और फिर स्कैनर अपने डेटाबेस से उस ग्राफ की तुलना करता है और पता लगा लेता है कि वस्तु कौन सी है। हर अणु की अपनी खासियत होती है और इसी वजह से रमन स्पैक्ट्रोस्कोपी से खनिज पदार्थ, कार्बनिक चीजों, जैसे- प्रोटीन, लिपिड, डीएनए, आरएनए और अमीनो एसिड का पता लग सकता है। मेडिकल के क्षेत्र में रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग कोशिका और उत्तकों पर शोध के लिए डीएनए/आरएनए विश्लेषण में, लाइलाज कैंसर सहित अन्य बीमारियों को समझने में, रोग पैदा करने वाले रोगाणुओं का पता लगाने , आंतरिक पैकेजिंग को खोले बगैर नकली दवाओं का पता लगाने के लिए, औषधियों के गुणवत्ता निर्धरण में और तो और वर्तमान कोरोना वायरस के लिपिड और प्रोटीन की पहचान करने में हो चुका है।

**प्रो. चंद्रशेखर वेंकटरमन ने 28 फरवरी 1928 को ही उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की थी। इसे संसास 'रमन प्रभाव' के नाम से जानता है। इस असाधारण उपलब्धि के लिए उनको 1930 में नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।**

### विज्ञान वार्ता

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## राजद विधायक के नीतीश को निशाना बनाए जाने पर तेजस्वी ने कहा- यह ठीक नहीं, कहीं और से 'गाइडेड' हैं



**एजेंसी। पटना**

राजद के विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ लगातार बयान दिए जाने के बाद सोमवार को राजद के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसे गलत बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि यह ठीक नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि वे कहीं और से गाइडेड हो रहे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए जन उन्हे सुधाकर सिंह के बयान के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह ठीक नहीं।

उन्होंने कहा कि महागठबंधन का नेतृत्व करने के लिए सभी ने नीतीश कुमार को चुना है। अब अगर बार बार पार्टी लाइन के खिलाफ कोई बोल रहा तो तय है कि वह भाजपा, आरएसएस का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी अभी अस्वस्थ हैं, उनके स्वस्थ होने के बाद एक कमिटी बैठेगी, उसके बाद जो निर्णय होगा, वह किया जाएगा।

तेजस्वी ने कहा कि अगर बार-बार जान बूझकर ऐसा बयान दे रहे हैं, तो ठीक नहीं है, ऐसा लग रहा है कहीं और से गाइडेड हैं।

इससे पहले पूर्व कृषि मंत्री सिंह ने नीतीश कुमार पर जोरदार निशाना साधा है। सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार विजन विहीन नेता हैं। उन्होंने कहा कि वे कोई काम नहीं कर रहे बल्कि उनका एकमात्र एजेंडा पद पर बने रहना है। उन्होंने कहा कि नीतीश हर मोर्चे पर विफल है, यह पूरा बिहार जानता है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर लगातार निशाना साध रहे, सिंह को राजद ने कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है, लेकिन वे अब भी मुख्यमंत्री को आईना दिखाने से नहीं चूक रहे।

सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार का विकास नेगेटिव दिशा में गया है और सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

उन्होंने कहा कि बिहार में न मंडी कानून लाया जा रहा है और न ही बिहार के हर खेत तक पानी पहुंचाने के काम हुआ है। न बिहार की शिक्षा व्यवस्था को ठीक करना चाहते हैं। नीतीश कुमार केवल पद पर बना रहना चाहते हैं।

## नीतीश का एकमात्र एजेंडा पद पर बने रहना : सुधाकर सिंह



**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल सबसे बड़े घटक दल राजद के विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह ने सोमवार को नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग की है। विधायक ने यह भी कहा कि जदयू लोकतांत्रिक पार्टी नही हैं। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री को विजनविहीन नेता बताते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में बिहार पिछड़ रहा है। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे सुधाकर सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार विजन विहीन नेता हैं। उन्होंने कहा कि वे कोई काम नहीं कर रहे बल्कि उनका एकमात्र एजेंडा पद पर बने रहना है। उन्होंने कहा कि नीतीश हर मोर्चे पर विफल हैं, यह पूरा बिहार जानता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर लगातार निशाना साध रहे सिंह को राजद ने कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है, लेकिन वे अब भी मुख्यमंत्री को आईना दिखाने से नहीं चूक रहे। सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार का विकास नेगेटिव दिशा में गया है और सरकार हर मोर्चे पर विफल है। विधायक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जदयू अलोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई प्रश्न पूछा जाता है तो उनके नेता बिना तर्क की बात करते हैं। सिंह ने दावा करते हुए कहा कि वर्ष 2005 में जब सत्ता का हस्तांतरण हुआ था और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे, उस समय से लेकर अब तक बिहार जीडीपी के मामले में पीछे चला गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### 10 घंटे के अंदर जिले में 3 लोगों की हत्या

**समस्तीपुर।** एक और हत्या से समस्तीपुर जिले में सनसनी फैल गयी है। 10 घंटे के अंदर समस्तीपुर जिले में 3 लोगों की हत्या से जिलेवासी सहमे हुए है। ताजा मामला पटोरी थाना क्षेत्र की है, जहां अपराधियों ने एक चाइल्ड केयर संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के संबंध में बताया जा रहा हैं कि रविवार की देर रात अपराधियों ने चाइल्ड केयर संचालक को बाहर बुलाकर गोली मार दी। घायल को इलाज के लिए पटोरी अस्पताल से समस्तीपुर रेफर किया गया, जहाँ एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमावार अहले सुबह घायल की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिउरा निवासी राजकुमार ठाकुर के पुत्र नवीन ठाकुर के रूप में की गई हैं। मौके पर पहुँची पुलिस घटना के कारणों और अपराधियों के घरपकड़ में जुट गई हैं।

### नव दंपत्ति ने रेलवे ट्रैक पर कूदकर जान दी

**अशोकनगर।** कानूनी पेचीदगियों के डर से नवविवाहित दंपत्ति ने रेलवे ट्रैक पर कूदकर आत्महत्या कर ली। मृत युवक का नाम तुषार दास (22) है, जबकि विवाहित युवती नाबालिग थी। घटना सोमवार सुबह उत्तर 24 परगना जिला के अशोकनगर में हुई। सुबह करीब 4:30 बजे अप बनगांव लोकल से कटने की वजह से नव दंपति की मौत हो गई। घटना की जानकारी बनगांव रेलवे पुलिस ओसी रूपसीना परवीन ने दी। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक तुषार दास के अशोकनगर कल्याणगढ़ निवासी नाबालिग युवती से लंबे समय से संबंध थे। युवती के 18 साल के होने में सिर्फ छह महीने बाकी था। हालांकि, नाबालिग ने घरवालों की इजाजत के बगैर अपने प्रेमी तुषार से फरवरी में शादी कर ली।

### सारण में महिला का शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने सोमवार को एक महिला का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मेथवलिया गांव के समीप छपरा-सीवान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 531 से एक महिला का शव बरामद किया गया है। मृतक महिला की उम्र करीब 50 वर्ष है और उसकी पहचान नहीं की जा सकी है। संभवतः वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत हुयी है। सूत्रों ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ के युवक का शव रेलवे पटरी के समीप मिला

**उज्जैन।** छत्तीसगढ़ के कोरबा निवासी एक युवक का शव उज्जैन में रेलवे पटरियों के समीप मिला। युवक भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी। जीआरपी के अनुसार रविवार-सोमवार की दरमियानी रात भैरवगढ़ थाना पुलिस ने क्षेत्र के लोगों की सूचना के आधार पर ग्राम रातड़िया के समीप से गुजर रही रेलवे लाइन की पटरियों से एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि कपड़ों से मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक की शिनाख्त की गई। मृतक छत्तीसगढ़ के कोरबा निवासी हिमांशु पुत्र राजकुमार का था। वह भोपाल के एल एन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी में बी टेक का छात्र था।

# बिहार सरकार न्याय के साथ कर रही विकास : राज्यपाल



### नलजल योजना और जीविका योजना पर विपक्षी भाजपा ने उठाया सवाल

### भाजपा सदस्यों ने कहा कि स्कूलों में न शिक्षक न ही बिल्डिंग

**एजेंसी। पटना**

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के अभिभाषण के साथ आज से बिहार विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हो गई है। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में महागठबंधन सरकार की उपलब्धी को गिनाया। इस दौरान राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर सदन में जब वे नलजल और जीविका दीदी योजना के बारे में बात कर रहे थे तो विपक्षी सदस्य भाजपा ने विरोध जताया।

बजट सत्र शुरू होने के पहले सदन के बाहर भी भाजपा और वामपंथी दलों ने सरकार की नीतियों की आलोचना की और नारेबाजी की।

राज्यपाल ने अभिभाषण के दौरान कहा कि बिहार सरकार न्याय के साथ विकास कर रही है। सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरी टॉलरेंस की नीति पर काम रही है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार निरंतर काम कर रही है। इस पर भाजपा विधायकों ने ये कहते हुए हंगामा शुरू कर दिया कि स्कूलों में शिक्षक और बिल्डिंग नहीं है।

राज्यपाल ने कहा कि न्याय के साथ विकास किया जा रहा है। सात निश्चय के तहत कई योजना सफलता पूर्वक चलाई जा रही हैं। जिसके बाद भाजपा ने नाली-गली पर राज्यपाल के अभिभाषण पर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस बीच राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में बिहार सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के दौरान राज्य सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने हमेशा से सुशासन और न्याय के साथ विकास पर जोर दिया है। सरकार द्वारा अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था के लिए सभी तरह के काम किए जा रहे हैं। डायल 112 आपातकालीन सेवा का शुभारंभ राज्य सरकार ने जुलाई महीने में किया था। किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए राज्य के लोगों के लिए सरकार की तरफ से यह व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

राज्यपाल ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए सरकार की तरफ से व्यापक व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए बड़े पैमाने पर भर्तियां की जा रही हैं। इस दौरान राज्यपाल ने पुलिस विभाग में हुई नियुक्तियों की जानकारी सदन को दी। राज्य के सभी पुलिस भवनों के निर्माण की दिशा में कार्य शुरू किया गया है। पुलिस भवनों के निर्माण की जिम्मेदारी बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को दी गई है। पुलिस अनुसंधान को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाने के लिए सरकार ने सभी 12 प्रक्षेत्रों में विधि विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित करने का निर्णय लिया है।

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दोनों सदनों के सदस्यों के साथ-साथ बिहार विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी और विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी मंगलवार को राज्य का वर्ष 2023-23 का बजट पेश करेंगे। बजट सत्र 5 अप्रैल तक चलेगा। इसमें कुल 22 बैठकें आयोजित होंगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर दो दिन चर्चा होगी। वहीं वर्ष 2023-24 के बजट पर सामान्य विमर्श भी 2 दिन तक चलेगा। साथ ही 2022-23 के तृतीय अनुपूरक बजट व्यवस्थापन के लिए एक दिन रखा गया है। वित्त वर्ष 2023-24 के आय-व्यय अनुदान की मांगों पर वाद विवाद और विनियोग विधेयक के लिए 12 दिन रखे गए हैं। 27 फरवरी से 5 अप्रैल तक चलने वाले इस बजट सत्र में 16 दिन अवकाश रहेगा। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा और विधि व्यवस्था को कायम रखने के लिए 40 मजिस्ट्रेट, 50 पुलिस पदाधिकारी के साथ 350 पुलिस जवान तैनात किये गए हैं। राज्य में महागठबंधन सरकार बनने के बाद नीतीश सरकार पहली बार बजट पेश करने जा रही है।

## निशीथ कांड में कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची भाजपा

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक के काफिले पर हुए हमले के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने भाजपा को मुकदमा दाखिल करने की इजाजत दे दी है। शनिवार को कूचबिहार के दिनहाटा में निशीथ के काफिले पर हमला हुआ था। बम, गोलियों और पथराव का भी आरोप लगाया गया था। इसके बाद प्रदेश भाजपा ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। भाजपा ने उस घटना को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव की खंडपीठ का ध्यान खींचा। भाजपा की ओर से अधिवक्ता सूर्यनिल दास ने प्रधान न्यायाधीश का ध्यान खींचा। न्यायमूर्ति श्रीवास्तव की पीठ ने मुकदमा दायर करने की अनुमति मांगी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की खंडपीठ इस सप्ताह मामले की सुनवाई कर सकती है। शनिवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ दिनहाटा गए थे। वहां उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और भाजपा कार्यकर्ताओं से बात की। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जब उनका काफिला बुरिरहाट इलाके में पहुंचा तो तृणमूल कार्यकताओं ने उन्हें काला झंडा दिखाया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

## उमा भारती के घर मिलने पहुंचे शिवराज, छुए पैर



**एजेंसी। भोपाल**

भाजपा की फायरब्रांड हिंदुत्व नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का उनके सरकारी आवास पर स्वागत किया। भारती ने शिवराज को फूल चढ़ाकर और माथे पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। चौहान, जो उन्हें 'दीदी' के रूप में संबोधित करते हैं, ने भारती का आशीर्वाद लेने के लिए उनके पैर छुए। इस मुलाकात को देख माना जा रहा है कि भाजपा के इन दो वरिष्ठ नेताओं के बीच अब सब ठीक है और वे इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के दौरान विपक्षी कांग्रेस का मुकाबला करेंगे।

भारती ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, नई आबकारी नीति के बाद मैंने पहली बार शिवराज जी का घर में स्वागत किया और मध्यप्रदेश को पूरे देश में आबकारी नीति में आदर्श राज्य बनाने के लिए नारी शक्ति की ओर से बधाई दी।

चौहान द्वारा मध्य प्रदेश में शराब की दुकानों और शॉप बार से जुड़े 'अहातों' या सराय को बंद करने की घोषणा के बाद यह कदम उठाया गया। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के पास स्थित शराब की दुकानों को दूर स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा।

राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा पिछले रविवार को नई शराब नीति पेश करने के कैबिनेट के फैसले के बारे में प्रेस को जानकारी देने के घंटों बाद, भारती ने घोषणा को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी करार देते हुए अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया।

## मथुरा : बस पलटी, तीन की मौत, 17 घायल

**एजेंसी। मथुरा**

उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के सुरीर क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर बस के डिवाइडर से टकरा कर पलटने के कारण उसमें सवार तीन यात्रियों की मृत्यु हो गई जबकि 17 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रविवार रात करीब 11 बजे यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली से दरभंगा जा रही एक डबल डेकर बस एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 88 के पास डिवाइडर से टकरा कर पलट गयी। इस हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। सूचना पाकर जिलाधिकारी पुलकित खरे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डे मौके पर पहुंच गए तथा बस में फंसी सवारियों को बाहर निकलवाया। उन्होंने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान नही हो पाई है। बस चालक के बारे में अभी तक कुछ भी पता नही चल पाया है। बस को रास्ते से अलग हटा दिया गया है और यातायात सुचारू रूप से चालू है। जिला अस्पताल के मुख्य अधीक्षक डा मुकुन्द बंसल ने बताया कि अस्पताल में दुर्घटना से संबंधित कुल 17 लोग आए थे जिनमें से छह की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगरा मेडिकल कालेज भेज दिया गया है जबकि 11 का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## बिहार : अस्पताल संचालक की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह अपराधियों ने चाइल्ड केयर अस्पताल के संचालक नवीन ठाकुर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के पटोरी थाना क्षेत्र के सिउरा गांव निवासी नवीन ठाकुर चंदन चौक के समीप अपने निजी अस्पताल पर थे, तभी अपराधियों ने फोन कर उन्हें बाहर बुलाया और उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया। सूत्रों ने बताय कि घायलावस्था में संचालक नवीन ठाकुर को इलाज के लिए पटोरी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत धोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस के वरीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### केंद्रीय मंत्री ने बलिया में 6500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

## अमेरिका जैसी बनेंगी यूपी की सड़कें : गडकरी



**एजेंसी। बलिया**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को बलिया जिले के चितबड़ा गांव में 6500 करोड़ रुपये की लागत की सात राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान गडकरी ने घोषणा की कि यूपी की सड़कें अमेरिका जैसी बनाई जाएंगी। गडकरी ने पूर्वांचल के किसानों को अन्नदाता से ऊर्जादाता बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नदियों के दोआब में बसी इस धरती में ऊर्जा की असीम संभावनाएं हैं। साल 2024 समाप्त होते-होते यूपी की सड़कें अमेरिका के बराबर होंगी। गडकरी ने मोदी सरकार के कार्यों का बखान करते हुए कहा कि यूपी में एनएचआई की तरफ से दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये के कार्यों की शुरूआत हुई है। साल 2014 से 2023 तक 80 हजार करोड़ रुपये की लागत से पांच हजार किलोमीटर के कार्य पूर्ण हुए हैं। वर्ष 2023 से 2024 तक एक लाख करोड़ की लागत से तीन हजार किलोमीटर के कार्य पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आग्रह पर 840 करोड़ की लागत से सैदपुर-मरदह मार्ग बनेगा। 22 हजार करोड़ से बनारस से कोलकाता तक सिक्स लेन मार्ग बन रहा है।

पूर्वांचल में इकोनॉमिक कॉरिडोर से मिनरल्स और खनिज के कारोबार में प्रगति होगी। यहां के अन्नदाता किसानों में ऊर्जादाता बनने की भरपूर क्षमता है। हम ऐसा करके दिखाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, नीरज शेखर, सकलदीप राजभर, उपेन्द्र तिवारी व भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू आदि थे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने जिन कार्यों का लोकार्पण किया, उनमें 131 किलोमीटर के गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट मार्ग के सुदृढ़ीकरण का कार्य, 35 किलोमीटर के सिकंदरपुर-हनुमानगंज-बलिया का सुदृढ़ीकरण व गाजीपुर जिले में गाजीपुर बलिया मार्ग पर बेसो नदी पर सेतु का निर्माण कार्य शामिल है। गडकरी ने गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट (यूपी-बिहार सीमा) तक फोर-लेन ग्रीनफील्ड-वे और बक्सर के लिए 17 किमी के लिंक रोड के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

### वार्षिक कार्यक्रम | 23 पूर्व विद्यार्थी 'ईमका अवॉर्ड 2023' से सम्मानित, प्रो. द्विवेदी ने कहा

# आईआईएमसी से निकले हैं इंडियन मीडिया के ग्लोबल लीडर्स

### आईआईएमसी एलुमिनाई मीट में शामिल हुए मीडिया के दिग्गज




**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

"भारतीय जन संचार संस्थान के विद्यार्थी सोमवार को मीडिया और जनसंचार के क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका में हैं। संस्थान से इंडियन मीडिया के ग्लोबल लीडर्स निकले हैं। अपनी प्रतिभा से आईआईएमसी के विद्यार्थियों ने पूरे विश्व में संस्थान का नाम रोशन किया है।" यह विचार भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने आईआईएमसी एलुमिनाई मीट 2023 के दौरान पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

प्रो. द्विवेदी ने आईआईएमसी के पूर्व छात्रों के संगठन 'ईमका' की सराहना करते हुए कहा कि किसी संस्था को लगातार चलाना आसान काम नहीं है। ईमका सदस्य जिस लगन और मेहनत से काम कर रहे हैं, वह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों का यह संगठन बिना किसी स्वार्थ के अपने साथियों के हित और सम्मान के लिए लगातार काम करता आ रहा है। आईआईएमसी के महानिदेशक के अनुसार जिस तरह से 'ईमका' ने अपनी गतिविधियों की निरंतरता बनाए रखी है और खुद को अपग्रेड करना जारी रखा है, इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

'ईमका' के वार्षिक कार्यक्रम 'कनेक्शन्स 2023' में संस्थान से पढ़कर निकले और देश के अलग-अलग संस्थानों में काम कर रहे जनसंचार के दिग्गजों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 23 पूर्व विद्यार्थियों को 'इफको ईमका अवॉर्ड्स 2023' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. गीता बामजेई, मीडिया उद्यमी अनीता कौल बसु, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पात्रा, असम के राज्य सूचना आयुक्त समुद्र गुप्त कश्यप एवं भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग वाजपेयी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

उड़िया भाषा की प्रसिद्ध लेखिका डॉ. गायत्रीबाला पंडा को 'एलुमिनाई ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड दिया गया, जबकि सुशील सिंह, अमित कटोच, पंकज चंद्र गोस्वामी एवं पी ले ईटे को पब्लिक सर्विस अवॉर्ड दिया गया। द क्विंट के पत्रकार उत्कर्ष सिंह को 'जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा एनडीटीवी के रोहित विश्वकर्मा को कृषि पत्रकारिता, इंडियन एक्सप्रेस के एंड्रयू एमसन को प्रिंट मीडिया, टाइम्स नाऊ के संवाददाता निबिर डेका को टीवी पत्रकारिता, मलयालम मनोरमा की बिजिल सैम्युअल को भारतीय भाषाई पत्रकारिता (प्रिंट मीडिया), संध्या मनिकंदन को भारतीय भाषाई पत्रकारिता (टेलीविजन), ज्योति जंगरा को प्रॉड्यूसर ऑफ द ईयर, मोहित पसरिचा को विज्ञापन एवं ए आर हेमंत को जनसंपर्क के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।

'ईमका' की ओर से इस वर्ष 'ज्यूरी स्पेशल मेंशन' के अवॉर्ड भी दिए गए। हर्षिता राठौड़ और ज्योति यादव को 'जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा हरिकिशन शर्मा को कृषि पत्रकारिता, एन सुदरेशा सुब्रमण्यम और शंभू नाथ को प्रिंट मीडिया, अभिषेक यादव को टीवी पत्रकारिता, राजश्री साहू को भारतीय भाषाई पत्रकारिता (प्रिंट मीडिया), ज्योतिस्मिता नायक को भारतीय भाषाई पत्रकारिता (टेलीविजन) तथा सुरभि सिंह एवं शुभम तिवारी को प्रॉड्यूसर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर ओडिशा चैप्टर को 'कनेक्टिंग चैप्टर ऑफ द ईयर', वर्ष 1993-94 बैच को 'कनेक्टिंग ग्रुप ऑफ द ईयर' एवं बृज किशोर को 'कनेक्टिंग एलुमिनाई ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा वर्ष 1972-73 के गोल्डल जुबली एलुमिनाई बैच एवं वर्ष 1997-98 के सिल्वर जुबली एलुमिनाई बैच के विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया।

आयोजन में 'ईमका' के अध्यक्ष कल्याण रंजन, महासचिव साधना आर्य, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं 'कनेक्शन्स' पत्रिका के संपादक राजेंद्र कटारिया, नेशनल मीट संयोजक एवं सी-वोटर फाउंडेशन के संस्थापक यशवंत देशमुख, स्टेट मीट संयोजक गायत्री श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय मीट संयोजक अनवर अशरफ, ईमका अवॉर्ड संयोजक एवं इंडिया टुडे के मैनेजिंग एडिटर सुनील मेनन, अवॉर्ड समन्वयक सिमरत गुलाटी, ईमका केयर फंड चेयरमैन नितिन प्रधान एवं स्कॉलरशिप चेयरमैन अंशु गुप्ता समेत देश के विभिन्न हिस्सों से आए एलुमिनाई शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन 'लाइव हिन्दुस्तान' के एडिटर (न्यू इनिशिएटिव) रितेश वर्मा ने किया।

# आज जारी होगी तीसरी तिमाही की ग्रोथ रिपोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़े कल (मंगलवार) जारी किए जाएंगे। रेटिंग्स एजेंसियों और कई आर्थिक संकेतकों से आर्थिक गतिविधियों में सुधार का इशारा मिलने के बावजूद आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर धीमी होकर 5 फीसदी से कम रह सकती है। यह आंकडे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) जारी करेगा। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में जीडीपी वृद्धि दर 6.3 फीसदी दर्ज की गई थी। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 5.4 फीसदी रही थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के इस महीने की शुरूआत में कराए सर्वेक्षण में दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 4 से 6.9 फीसदी के दायरे में रहने का अनुमान लगाया गया था। रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति की समीक्षा अनुमान में जीडीपी की वृद्धि दर 4.4 फीसदी रहने की उम्मीद जताई है।

# एयरबस-बोइंग को 470 विमानों का ऑर्डर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने सोमवार को कहा कि निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया को एयरबस कंपनी इस साल के अंत तक एयरबस विमानों की डिलीवरी भी शुरू कर देगी। इसके अलावा विस्तारा एयरलाइन के साथ एयर इंडिया के एकीकरण की प्रक्रिया चल रही है और अब इस मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी का इंतजार है। सीईओ कैंपबेल विल्सन ने वर्चुअल तरीके से मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि एयर इंडिया ने एयरबस और बोइंग को 470 विमानों का ऑर्डर दिया है, जिसकी वैल्यू 70 अरब डॉलर (5.8 लाख करोड़ रुपये) है। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया में व्यापक संभावनाएं हैं। एयर इंडिया के साथ विस्तारा के एकीकरण की प्रक्रिया चल रही है। विल्सन ने कहा कि अब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी का इंतजार है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) के एकीकरण की प्रक्रिया चल रही है। एयर इंडिया के सीईओ ने कहा कि समूह को एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन बनाने के प्रयास जारी हैं। विल्सन ने कहा कि इसका वित्तपोषण विभिन्न स्त्रोतों से किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि 370 और विमानों को खरीदने के विकल्प के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं है। हम बाजार का आकलन करेंगे और उसके बाद ही इस बारे में कोई कदम उठाया जाएगा। टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था।

# शेयर बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 526 अंक तक लुढ़का

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वैश्विक दबाव की वजह से घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार सातवें कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। दिन भर उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच बाजार में आखिरी आधे घंटे में जोरदार रिकवरी देखने को मिली। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कमजोरी के साथ लाल निशान में ही बंद हुए। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स ने 0.30 प्रतिशत और निफ्टी ने 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार में बैंकिंग और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। आईटी, मेटल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में जोरदार बिकवाली होती रही। इसी तरह एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों में भी दबाव की स्थिति बनी रही। दिनभर के कारोबार के दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयर भी बिकवाली के दबाव में ट्रेड करते नजर आए। आज के कारोबार में बिकावाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार के निवेशकों के करीब 2 लाख करोड़ रुपये डूब गए। स्टॉक एक्सचेंज से मिले आंकड़ों के मुताबिक बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैपिटलाइजेशन) आज के कारोबार के बाद घट कर 258.08 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन यानी शुक्रवार का कारोबार खत्म होने के बाद इन कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 260 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में आज करीब 1.92 लाख करोड़ रुपये की कमी आ गई।

# 5जी की मुफ्त सुविधा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दूरसंचार विभाग ने सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप्स और सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को 5जी टेस्ट बेड के मुफ्त उपयोग की पेशकश की है। दूरसंचार मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार उन्हें यह मुफ्त सुविधा अगले वर्ष जनवरी तक के लिए मिलेगी। बयान में कहा गया है कि सभी 5जी हितधारक जिनमें उद्योग, शिक्षा, सेवा प्रदाता, अनुसंधान एवं विकास संस्थान, सरकारी निकाय, उपकरण निर्माता नाम-मात्र के खर्च पर इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। मंत्रालय का कहना है कि टेस्ट बेड के उपयोग को प्रोत्साहित करने और 'आत्मनिर्भर भारत' विजन के अनुरूप स्वदेशी प्रौद्योगिकियों/उत्पादों के विकास को बढ़ावा देने के लिए इस सुविधा की घोषणा की जा रही है। कई स्टार्ट-अप और कंपनियां पहले से ही अपने उत्पादों और सेवाओं के परीक्षण के लिए टेस्ट बेड का उपयोग कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि मार्च, 2018 में देश की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और 5जी परिनियोजन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए, दूरसंचार विभाग ने 'स्वदेशी 5जी टेस्ट बेड' स्थापित करने के लिए विभिन्न संस्थानाओं के साथ सहयोग में कुल 224 करोड़ रुपये की लागत की परियोजना शुरू की थी। इसमें आठ सहयोगी संस्थान शामिल हैं जिनमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी कानपुर, आईआईएस-सी बेंगलुरु, सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (समीर) और वायरलेस टेक्नोलॉजी में उत्कृष्टता केंद्र (सीईडब्ल्यूआईटी) शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस टेस्ट बेड को 17 मई 2022 को राष्ट्र को समर्पित किया था।

## हैदराबाद में सबसे बड़ा प्रोटोटाइप केंद्र

**हैदराबाद।** भारत का सबसे बड़ा प्रोटोटाइप केंद्र, टी-वर्क्स यहां 2 मार्च को लॉन्च किया जाएगा। तेलंगाना उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के.टी. रामाराव ने सोमवार को इसकी घोषणा की। ट्विटर पर फेसिलिटी का एक वीडियो साझा करते हुए, मंत्री ने कहा कि टी-वर्क्स प्रोडक्ट इनोवेशन में अग्रणी बनने के लिए भारत की यात्रा को गति देगा। प्रोटोटाइप केंद्र में नवाचार और प्रोटोटाइपिंग का समर्थन करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं और उपकरण होंगे। राज्य सरकार की एक पहल टी-वर्क्स का पहला चरण 78,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है। कैंपस सूचना प्रौद्योगिकी क्लस्टर, हाईटेक सिटी के मध्य में 4.79 एकड़ में आ गया है और राज्य सरकार ने इस प्रतिष्ठित परियोजना पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। बहुआयामी सुविधा में 200 से अधिक उपकरण और मशीनें हैं। बाद में संख्या 10 गुना बढ़ाई जाएगी। टी-वर्क्स के सीईओ सुजई करमपुरी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि वह पहले दिन से यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थे और उन्होंने इसका श्रेय रामाराव को दिया।

## पीएम किसान योजना की 13वीं किस्त जारी

# करोड़ों किसानों के खाते में आ गए दो-दो हजार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त की राशि कर दी। इस योजना के तहत रजिस्टर्ड किसानों के खाते में 2,000 रुपये की राशि लोगों के खाते में ट्रांसफर की गई। इस बार लाभार्थियों के लिस्ट में भारी कटौती की जाने की बात कही जा रही है। लगभग आठ करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातों में 13वीं किस्त का पैसा भेजा जा रहा है। कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत कुल 16,800 करोड़ रुपये जारी होने वाले हैं। अगर आप भी इसका लाभ उठाना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इन्हें नजरअंदाज करने पर आपका नाम लिस्ट से बाहर हो सकता है और खाते में योजना का पैसा ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। इसलिए, चलिए जानते हैं कि प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत किन-किन चीजों को करना चाहिए और किन गलतियों से बचना चाहिए। पीएम किसान सम्मान निधि योजना एक तरह से किसानों को सहायता देने वाली सरकारी योजना है। इसमें सभी छोटे और सीमांत किसानों को न्यूनतम आय सहायता के रूप में प्रति वर्ष 6,000 रुपये दिए जाते हैं और ये हर चार महीने में 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों में किसान के खाते में ट्रांसफर होते हैं।

## सप्ताह के पहले दिन सोना-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोमवार को सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही सोना और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई। आज सोने की कीमत 245 रुपये टूट कर 55,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब पहुंच गई। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई। चांदी का भाव आज 1,227 रुपये प्रति किलोग्राम टूट कर 63,100 रुपये के स्तर के करीब पहुंच गया। इसके पहले पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन यानी शुक्रवार को 10 ग्राम सोने का आखिरी बंद भाव 55,257 रुपये रहा था। सोने की कीमत कुछ दिन पहले ही पहले ही 59 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई थी, लेकिन हाल फिलहाल में बाजार में करेक्शन की वजह से इसमें लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर दर पर बाजार में उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 0.33 डॉलर यानी 0.40 फीसदी बढ़कर 83 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।



# अडानी मुद्दे पर कांग्रेस करेगी पर्दाफाश रैली



**एजेंसी।** नई दिल्ली

कांग्रेस अडानी समूह पर लगे आरोपों को लेकर देशभर में "पदार्फाश रैली" का आयोजन करेगी। कांग्रेस का आरोप है कि अडानी समूह पर हिंडनबर्ग ने गंभीर आरोप लगाए हैं लेकिन केन्द्र सरकार समूह की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन नहीं कर रही है। कांग्रेस ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि अडानी मामले पर मोदी सरकार की चुप्पी के खिलाफ पार्टी देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी। इसी क्रम में 06 मार्च से 10 मार्च तक कांग्रेस देशभर में ब्लॉक स्तर पर एलआईसी और सरकारी बैंकों के सामने विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस ने कहा कि 13 मार्च से राज्य मुख्यालयों से "चलो राजभवन" मार्च का आयोजन किया जाएगा साथ ही जिला मुख्यालयों पर पदार्फाश रैली का आयोजन किया जाएगा। अप्रैल में राज्यों की राजधानियों में पदार्फाश महारैली का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए कांग्रेस संसद से सड़क तक मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस मामले की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की मांग कर रही है।

## 40 प्रतिशत लोगों को कोई प्रोपर्टी टैक्स नहीं देना होगा : उपराज्यपाल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में 40 फीसदी लोगों को कोई संपत्ति कर नहीं देना होगा। सिन्हा ने सोमवार को यहां एक आधिकारिक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर में निर्धारित संपत्ति कर की राशि देहरादून, अंबाला और शिमला की तुलना में 10 गुना कम है। सिन्हा ने कहा, दुकानदारों को सालाना मामूली संपत्ति कर देना होगा। लोगों को बेहतर जम्मू-कश्मीर बनाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां 40 प्रतिशत को कोई संपत्ति कर नहीं देना होगा, वहीं शेष 60 प्रतिशत को 600 रुपये से 1000 रुपये प्रति वर्ष के बीच भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 1500 वर्ग फुट से कम क्षेत्र वाले 2,03, 680 घर हैं।

# केंद्र सरकार के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

**एजेंसी। बेंगलुरू**



आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ बेंगलुरू स्थित भाजपा कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कर्नाटक आप के अध्यक्ष पृथ्वी रेड्डी ने कहा, भाजपा नेताओं ने दिल्ली आप को विभाजित करने और भाजपा में विलय करने की कोशिश की। लेकिन आप नेताओं की प्रतिबद्धता के कारण यह प्रयास विफल रहा। इससे हताश होकर, भाजपा आप नेताओं को परेशान करने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग कर रही है। दिल्ली की आबकारी नीति में कुछ भी गलत नहीं है। नई आबकारी नीति अभी तक दिल्ली में लागू नहीं हुई है और कई राज्यों में एक ही नीति लागू है। हालांकि, यह निंदनीय है कि केंद्र सरकार सिसोदिया को निशाना बना रही है। उन्होंने आगे कहा, हालांकि केंद्र सरकार के जांचकर्ता लगभग एक साल से सिसोदिया को निशाना बना रहे हैं, आरोपों को साबित करने के लिए सबूत का एक टुकड़ा भी नहीं मिला है। कोई नकदी या कोई भी अवैध दस्तावेज नहीं मिला है।

## खुशबू सुंदर बनी राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य



**चेन्नई।** तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने सोमवार को कहा कि एक्ट्रेस से नेता बनीं और भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य खुशबू सुंदर को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। एनसीडब्ल्यू निदेशक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि नामांकन कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु तक के लिए है। अन्नामलाई ने एक ट्वीट में खुशबू को एनसीडब्ल्यू सदस्य के पद के लिए नामांकन पर बधाई दी। उन्होंने कहाः यह उनके अथक प्रयास और महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ाई की पहचान है! खुशबू ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि अन्नामलाई हमेशा उनके लिए एक महान प्रोत्साहन रहे हैं। खुशबू प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक नेताओं के खिलाफ अपने बयानों के लिए चर्चा में रही हैं।

## पीएम मोदी ने की येदियुरप्पा की तारीफ

**शिवमोग्गा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लिंगायत नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा को उनके 80वें जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि कर्नाटक विधानसभा में उनका भाषण सार्वजनिक जीवन में सभी के लिए प्रेरणा का काम करेगा। शिवमोग्गा हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के बाद प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि येदियुरप्पा ने अपना जीवन गरीबों और किसानों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, कर्नाटक विधानसभा में पिछले सप्ताह उनका भाषण सार्वजनिक जीवन में आने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक प्रेरणा है।

# पेज एक के शेष

### रांची एयरपोर्ट का...

प्रतिशत रहा। वर्ष 2021-22 में आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। कोरोना महामारी के काल में झारखंड में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2020-21 में 70,071 रुपये थी जो 2021-22 में बढ़कर 78,660 रुपये हो गयी। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े इस बात के द्योतक हैं कि झारखंड विषम परिस्थितियों में भी अपने संकल्पबद्ध प्रयास से सफलता के नए आयामों को स्पर्श करने की क्षमता रखता है। राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र की सार्थकता जनता का, जनता के लिए और जनता के द्वारा शासन में निहित है और हमारी सरकार ने इसे सही मायने में चरितार्थ करके दिखाया है। नीति निर्माण से लेकर निर्णय लेने तक और निर्णयों के क्रियान्वयन से लेकर सरकारी योजनाओं की मॉनिटरिंग तक हर क्षेत्र में जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार ने लोक और तंत्र की परस्पर सहभागिता से सरकार के संचालन का एक विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गरीबों, वंचितों, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़े, अल्पसंख्यकों, बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और किसानों का सर्वांगीण विकास है। झारखंड की अस्मिता, संस्कृति, भाषा और सभ्यता को बढ़ावा देते हुए विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

सरकार ने 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया : राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के हित में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना शुरू की। इस योजना के तहत 4.5 लाख किसानों के बीच 1727 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया है। 22 जिले के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित कर राहत कार्य शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत प्रति परिवार 3500 रुपये की दर से 13 लाख से अधिक किसानों को 461 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 6.30 लाख किसानों के बीच 3300 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस और नक्सलियों के बीच 30 बार मुठभेड़ हुई। 430 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। साइबर क्राइम से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए डेडीकेटेड टोल फ्री नंबर 1930 लागू किया गया है। इसमें अब तक 6789 कॉल रिसीव किये गये। साइबर क्राइम द्वारा ठगे गये 18.41 लाख रुपये को ब्लॉक किया गया।

70 विधायकों के लिए 203 करोड़ से आवास बन रहे : राज्यपाल ने कहा कि 70 विधायकों के लिए 203 करोड़ रुपये से आवास बन रहे हैं। कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में झारखंड के लिए 215242 आवास स्वीकृत हैं। इनमें से 96212 आवास बन चुके हैं। 88069 का काम प्रगति पर है। 2022-23 में 54794 निबंधित निर्माण श्रमिकों को 34.77 करोड़ के समतुल्य योजनाओं का लाभ दिया गया।

मुख्यमंत्री का स्वागत : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मंत्री और अधिकारियों ने स्वागत किया। स्वागत करनेवाले मंत्रियों में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और झारखंड विधानसभा के सचिव जावेद हैदर शामिल थे।

### यूपी पुलिस ने...

एनकाउंटर में घायल अरबाज को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसी बीच पूर्व सांसद अतीक अहमद के घर के पास से सफेद रंग की क्रेटा कार बरामद हुई है। बदमाश गोलियां बरसाने के बाद गाड़ी छोड़कर फरार हो गए थे। इस हत्या का आरोप पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके बेटों पर ही है। पुलिस ने क्रेटा कार को जब्त कर लिया है। ये कार अतीक अहमद के घर से 200 मीटर की दूरी पर खड़ी मिली। सफेद रंग की क्रेटा कार में नंबर प्लेट भी नहीं है। सफेद रंग की क्रेटा कार से ही शूटर उमेश पाल का पीछा करते हुए पहुंचे थे। 7 शूटर में से 2 अतीक के गैंग के बरामद क्रेटा कार के इंजन नंबर चेचिस नंबर के सहारे पुलिस जांच में जुटी हुई है। सूत्रों के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद शूटर कार को अतीक अहमद के घर के पास छोड़कर फरार हो गए। जांच में सामने आया है कि उमेश पाल की हत्या करने आए 7 में 2 शूटर अतीक अहमद गैंग के थे।

### इंजीनियर रामपुकार के...

कमेटी में बतौर सदस्य रामपुकार राम शामिल होते थे। ईडी ने जब वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी की, तब रामपुकार राम को भी छापे का डर सताने लगा था। यही वजह थी कि रामपुकार राम ने टेंडर में कमीशनखोरी व कट मनी लेने से जुड़े कई साक्ष्य मिटा दिए। ईडी जब सोमवार को रामपुकार राम के फ्लैट पर पहुंची तब उसने अपना मोबाइल बदल लिया था। पुराने मोबाइल के विषय में पूछे जाने पर कोई संतोषजनक जवाब रामपुकार राम की तरफ से नहीं मिल पाया। राम को आशंका था कि पुराने मोबाइल से भी डाटा ईडी के अधिकारी निकाल लेंगे, ऐसे में उसने मोबाइल बदल कर कई सारे कॉलिंग व चैटिंग एप भी हटा दिए थे। जानकारी के मुताबिक, हाई वैल्यू टेंडर की कमेटी में रामपुकार राम के द्वारा वैसे ठेकेदारों या कंपनियों के टेंडर पेपर में कमी बताकर रिजेक्ट कर दिया जाता था, जो निविदा राशि से भी कम पर काम करने को तैयार रहते थे। इसके बाद अपने पसंद के ठेकेदार या कंपनी को अधिक रेट पर काम आवंटित कर दिया जाता था।

**डायरी के कई पन्ने फटे मिले :** रामकुमार राम के यहां ईडी की छापेमारी के दौरान कुछ डायरियां मिली हैं। उन डायरियों के बीच के कई पेज गायब हैं। आशंका है कि उन पन्नों में टेंडर से जुड़ी जानकारियां या कमीशन खोरी का जिक्र हो सकता है।

कैसे रामपुकार राम आए रिमांड पर : ईडी ने बीते मंगलवार वीरेंद्र राम के आवास में छापेमारी के दौरान डायरी बरामद की थी। इस डायरी में कई जगह अलग-अलग हैंडराइटिंग मिली थी। ईडी के अधिकारियों ने वीरेंद्र राम से अलग हैंडराइटिंग के विषय में पूछा तो उन्होंने संबंधित हैंडराइटिंग रामपुकार राम के होने की बात बताई। डायरी में रामपुकार की ही हैंडराइटिंग में कई जगह नेताओं, अफसरों को कमीशन देने का जिक्र था। ऐसे में ईडी ने असिस्टेंट इंजीनियर रामपुकार राम के यहां छापेमारी की।

भ्रष्टाचार के कारण बदनाम रहे हैं राम : असिस्टेंट इंजीनियर रामपुकार राम भी भ्रष्टाचार के कारण बदनाम रहे हैं। साल 2011 में कोयल नदी पर बना पुल भारी बारिश में गिर गया था। जांच के दौरान पाया गया कि पुल के निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है। जिसके बाद रामपुकार राम को निलंबित किया गया था।

### भ्रष्टाचार की कथा...

ब्लॉक में हाउस नंबर डी70 खरीदा था, तब खरीदार को चार करोड़ कैश दिए गए थे। इसी तरह डिफेंस कॉलोनी में 2019 में भी वीरेंद्र राम ने पत्नी राजकुमारी के नाम पर प्रॉपर्टी ली थी, इस प्रॉपर्टी की खरीद के एवज में भी छह करोड़ कैश देने की बात की पुष्टि हुई है। जनवरी 2023 में वीरेंद्र राम ने अपने पिता के नाम पर दिल्ली सतबरी छतरपुर में प्लॉट खरीदा था। इस प्लॉट के लिए भी छह करोड़ कैश प्रॉपर्टी डीलर को दिए गए थे। इस जमीन पर महलनुमा मकान भी बनाया गया है। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, सिर्फ दिल्ली में 30 करोड़ का कैश प्रॉपर्टी में निवेश किया गया है।

वीरेंद्र राम के करीबियों पर कसेगा शिकंजा : ईडी को अबतक जो साक्ष्य मिले हैं, उसके मुताबिक वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन, पत्नी राजकुमारी, पिता गेंदा राम को भी ईडी आने वाले दिनों में मनी लाउंड्रिंग का आरोपी बना सकती है। ईडी ने वीरेंद्र राम के कुछ अधीनस्थ इंजीनियरों की भूमिका की भी जांच शुरू कर दी है। विभाग के आधा दर्जन इंजीनियर वीरेंद्र राम प्रकरण में ईडी की रडार पर हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्र की अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसे राष्ट्रीय हित में और यह सुनिश्चित करने के लिए पेश किया गया है कि सशस्त्र बल अच्छी तरह से सुसज्जित हों। योजना, इसकी भर्ती प्रक्रिया और उम्मीदवारों की नियुक्ति को चुनौती देती हुई याचिकाएं दायर की गई थी।

### हरियाणा से जब्त वाहन में मिली अस्थियां

**जयपुर।** हरियाणा में जलाकर मार डाले गए जुनैद और नसीर की हत्या के मामले में राजस्थान पुलिस ने खुलासा किया है कि हरियाणा में जली हुई बोलेरो में मिली हड्डियां मृतकों की ही हैं। रविवार को आई रिपोर्ट से साबित हो गया कि स्कॉर्पियो में मिले खून के धब्बे नसीर और जुनैद के हैं। भरतपुर रेंज के आईजी गौरव श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि हरियाणा के भिवानी जिले में जुनैद और नसीर को उनकी ही बोलेरो जीप में जलाकर मार डाला गया।

### पीड़ितों के लिए सिखों ने शुरू की लंगर सेवा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में गैब्रिएल चक्रवात के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत और हजारों लोगों के विस्थापित होने के कुछ सप्ताह बाद सिख समुदाय ने जरूरतमंद लोगों के लिए अब तक 7,000 से अधिक लोगों के लिए खाना बनाया और वितरित किया है। गैब्रियल ने 12 फरवरी को द्वीप के उत्तरी क्षेत्र पर हमला किया, और बिजली चली गई, तो हेस्टिंग्स में सिख समुदाय यह जानकर हरकत में आ गया कि बहुत सारे लोग बिना भोजन के रहने वाले हैं। एक स्वयंसेवक सुखदीप सिंह ने एनजेड हेराल्ड को बताया, मेरा पहला विचार था कि लोगों को भोजन की आवश्यकता है तो क्यों न बड़ी मात्रा में खाना बनाया जाए। इसके बाद वह हेस्टिंग्स में ईस्टबोर्न सेंट गुरुद्वारे गए, जहां उन्होंने युवा स्वयंसेवकों और पुजारियों की एक टीम के साथ खाना बनाया।

'रीचिंग द लास्ट माइल' पर बजट के बाद वेबिनार में बोले पीएम

# केंद्रीय बजट में अंतिम छोर तक सुविधाएं प्रदान करने पर ध्यान

**पहली बार देश में बड़े पैमाने पर आदिवासी समाज की क्षमता को परखकर किया जा रहा है उपयोग**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट 2023-24 में आदिवासियों और ग्रामीणों के इलाकों में अंतिम छोर तक सुविधाएं मुहैया कराने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने यह बात 'रीचिंग द लास्ट माइल' पर बजट के बाद के वेबिनार के संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि पहली बार देश में बड़े पैमाने पर आदिवासी समाज की क्षमता को परखकर उपयोग किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा अंतिम मील तक पहुंचने का दृष्टिकोण और संतृप्ति की नीति एक-दूसरे के पूरक हैं। जब हमारा उद्देश्य सभी तक पहुंचना है, तो भेदभाव और भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं होगी। उन्होंने ने संसद में बजट पर बहस के महत्व को स्वीकार करते हुए कहा कि हमारी सरकार बजट पर चर्चा को एक कदम आगे लेकर गई है। कुछ वर्षों से बजट बनाने से पहले और बाद में हितधारकों के साथ मंथन की नई परंपरा शुरू की गई है। यह कार्यान्वयन और समयबद्ध वितरण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह करदाताओं की पाई-पाई का समुचित उपयोग भी सुनिश्चित करता है।

उन्होंने कहा कि विकास के लिए धन के साथ-साथ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। जितना अधिक हम सुशासन पर जोर देंगे, उतनी ही आसानी से अंतिम मील तक पहुंचने का हमारा लक्ष्य पूरा हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचने में सुशासन की शक्ति को दशार्ने के लिए मिशन इंद्रधनुष और कोरोना महामारी में टीकाकरण और वैक्सीन कवरेज में नए दृष्टिकोण का उदाहरण दिया। साथ ही संतृप्ति की नीति के पीछे की सोच पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतिम मील तक पहुंचने का दृष्टिकोण और संतृप्ति नीति एक-दूसरे के पूरक हैं। पहले बुनियादी सुविधाओं के लिए गरीब सरकार के पास चक्कर लगाता था। अब सरकार गरीबों के दरवाजे पर सुविधाएं दे रही है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हम यह तय कर लेंगे कि हर क्षेत्र में हर नागरिक को हर बुनियादी सुविधा मुहैया कराई जाएगी, तब हम देखेंगे कि स्थानीय स्तर पर कार्य संस्कृति में कितना बड़ा बदलाव आएगा। संतृप्ति की नीति के पीछे यही भावना है।

### प्रधानमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना का दिया हवाला

प्रधानमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना का हवाला दिया। उन्होंने कहा स्ट्रीट वेंडर्स को औपचारिक रूप से बैंकिंग से जोड़ा गया है। डी-नोटिफाइड, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के लिए विकास और कल्याण बोर्ड, गांवों में 5 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर्स और टेलीमेडिसीन के 10 करोड़ केसेस पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के बजट में आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों पर जोर दिया गया है। इसके लिए जल जीवन मिशन को हजारों करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 60 हजार से अधिक अमृत सरोवर पर काम शुरू हो चुका है। 30 हजार सरोवर बन भी चुके हैं। ये अभियान दूर-सुदूर रहने वाले उन भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार कर रहे हैं, जो दशकों से ऐसी सुविधाओं की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हमें यहीं रुकना नहीं है। हमें नए पानी के कनेक्शन और पानी की खपत के पैटर्न के लिए एक तंत्र बनाना होगा।



**तुरा :** मेघालय विधानसभा चुनाव के लिए मेघालय के तुरा में सोमवार, 27 फरवरी, 2023 को एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए कतार में खड़े मतदाता।

(फोटो: आईएएनएस)

### जनता को भड़काने के आरोप में पूर्व पाक जनरल गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अमजद शोएब को इस्लामाबाद पुलिस ने राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ जनता को भड़काने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। जियो न्यूज ने बताया कि रमना थाने के पुलिसकर्मियों ने पूर्व सैन्य अधिकारी को इस्लामाबाद में उनके आवास से गिरफ्तार किया।

## नेपाल : सरकार से यूएमएल का समर्थन वापस लेने का ऐलान



**एजेंसी। काठमांडू**

सीपीएन-यूएमएल ने नेपाल में पुष्प कमल दहल के नेतृत्व वाली सरकार छोड़ने का फैसला किया है। सोमवार सुबह हुई पार्टी की सचिवालय बैठक में समर्थन वापस लेने के बाद सरकार छोड़ने का फैसला किया गया। यह फैसला 9 मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले बदले हुए राजनीतिक समीकरण के मद्देनजर आया है। दहल द्वारा नेपाली कांग्रेस, सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) और जनता समाजवादी पार्टी के साथ हाथ मिलाने के बाद भी पार्टी का फैसला आगामी राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व में गठित तत्कालीन सत्तारूढ़ गठबंधन को पुनर्जीवित करने के लिए आया है।

यूएमएल और सीपीएन (माओवादी सेंटर) के बीच संबंधों में खटास तब आ गई जब माओवादी सेंटर के अध्यक्ष प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया। नेपाली कांग्रेस पहले विपक्ष में थी लेकिन यूएमएल के ओली और प्रचंड के बीच संबंधों में खटास के कारण, माओवादी केंद्र ने यूएमएल के साथ अपने संबंधों को तोड़ने का फैसला किया और 24 फरवरी को यूएमएल के साथ हाथ मिला लिया।

## चीन में आया 5.1 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी। बीजिंग**

सोमवार को चीन के झिंजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने कहा कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 41.87 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 79.85 डिग्री पूर्वी देशांतर पर महसूस किया गया।

भूकंप का केंद्र अक्सू शहर से 84 किमी दूर और क्षेत्रीय राजधानी उरुमकी से 670 किमी दूर था। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप के बाद, स्थानीय अग्निशमन विभाग ने दो वाहनों को आपदा क्षेत्र में भेजा स्थानीय पावर ग्रिड संचालन, तेल और गैस उत्पादन और प्रमुख पेट्रोकेमिकल उद्यम भूकंप से प्रभावित नहीं हुए और उनका उत्पादन और संचालन सामान्य रूप से जारी रहा।

### ब्राजील में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या हुई 65

**एजेंसी। ब्राजीलिया**

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी साओ पाउलो राज्य के तट पर पिछले सप्ताह भारी बारिश के कारण घातक बाढ़ और भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 65 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में 19 नाबालिग हैं। सेना के जवान, अग्निशामक, स्वयंसेवक और बचावकर्मी अभी भी शवों को बरामद करने के लिए खुदाई कर रहे हैं और लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। अधिकांश मृतक साओ सेबस्टियाओ में एक समुद्र तट, बारा डो सही के पास, सिएरा डे मार पर्वत श्रृंखला की ढलानों पर उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में गरीब इलाकों में रहते थे। बेघर हुए लगभग 2,440 लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। भूस्खलन और तूफान से हुई क्षति के कारण बंद किए गए तटीय सड़कों को रविवार को फिर से खोल दिया गया।

## एनआईए ने मुंबई पुलिस को किया अलर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान, चीन और हांगकांग में प्रशिक्षित एक खतरनाक आदमी के मुंबई में घुसने पर मुंबई पुलिस को सतर्क कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुंबई पुलिस को कुछ दिनों पहले एनआईए से एक ईमेल प्राप्त हुआ था, इसमें केंद्रीय जांच एजेंसी ने दावा किया था कि सरफराज मेमन नामक शख्स कानून और व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। एनआईए ने ईमेल में कहा, अब वह मुंबई पहुंच गया है। आपको और सतर्क रहने की जरूरत है। वह खतरनाक है। मूल रूप से वह इंदौर का रहने वाला है।

राजनीति | भारतीय-अमेरिकी समुदाय की नेता ने की घोषणा

# कैलिफोर्निया असेंबली का लड़ेंगी चुनाव

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय-अमेरिकी समुदाय की नेता और डेमोक्रेट दर्शना पटेल ने 2024 में कैलिफोर्निया स्टेट असेंबली डिस्ट्रिक्ट 76 से चुनाव लड़ने की घोषणा की। 48 वर्षीय पटेल ने कहा कि वह कैलिफोर्निया के पावे यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड अध्यक्ष के रूप में तीसरी बार चुनाव नहीं लड़ेंगी। सैन डिएगो निवासी के अभियान को भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी रो खन्ना से शुरूआती समर्थन मिला है।



दर्शना ने कहा, अमेरिकन ड्रीम को साकार करने के लिए संघर्ष करने वाले अप्रवासियों की बेटी के रूप में, मैं उन चुनौतियों को जानती हूं, जो कठिन समय के दौरान परिवारों का सामना कर सकती हैं। यदि महान पब्लिक स्कूल शिक्षकों और कॉलेज छात्रवृत्ति के लिए नहीं होता तो मैं वह नहीं होती जहां मैं आज हूं। उन्होंने कहा, मैं राज्य विधानसभा के लिए दौड़ रही हूं क्योंकि मैं यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि प्रत्येक व्यक्ति को सफल होने और बढ़ने का अवसर मिले, और क्योंकि मैं एक वैज्ञानिक, निर्वाचित स्कूल बोर्ड सदस्य और एक नागरिक नेता के रूप में अपने अनुभव का उपयोग कर सकती हूं, ताकि उनके जीवन में अंतर आ सके।

पटेल ने अपने अभियान की घोषणा में कहा कि वह समुदायों को सुरक्षित रखना चाहती हैं, सार्वजनिक शिक्षा में निवेश करना चाहती हैं, पर्यावरण की रक्षा करना चाहती हैं और कैलिफोर्निया वासियों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा में सुधार और विस्तार करना चाहती हैं। कैलिफोर्निया के असेंबली डिस्ट्रिक्ट 76 में एस्कोन्डिडो और सैन मार्कोस के शहर, सैन डिएगो के कुछ हिस्से और सैन डिएगो काउंटी में कई अनिगमित समुदाय शामिल हैं। पटेल ने कोविड-19 महामारी के दौरान स्थानीय स्कूलों का मार्गदर्शन करते हुए पावे यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट को प्रभावी शासन और वित्तीय जिम्मेदारी बहाल करने में मदद की है। वह एशियन एंड पैसिफिक आइलैंडर अमेरिकन अफेयर्स पर कैलिफोर्निया कमीशन में भी काम करती हैं, और सैन डिएगो काउंटी डेमोक्रेटिक पार्टी सेंट्रल कमेटी की सदस्य हैं। पटेल ओसीडेंटल कॉलेज में बायोकैमिस्ट्री में बी.ए. और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, इरविन से बायोफिजिक्स में पीएचडी हैं।

### हेट क्राइम रोकने के लिए सिखों ने की चर्चा

**न्यूयॉर्क।** नफरत व घृणा के बढ़ते मामलों के समाधान के लिए उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट शहर के सिख समुदाय के प्रतिनिधियों ने अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की। चार्लोट में गुरुद्वारा खालसा दरबार में आयोजित बैठक, न्याय विभाग की यूनाइटेड अगेंस्ट हेट (यूएएच) पहल के हिस्से के रूप में आयोजित की जाने वाली कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहली थी। यूएस अटॉर्नी देना जे किंग ने कहा, पश्चिमी जिले के समुदायों में लोगों को भय, हिंसा और डराने-धमकाने से मुक्त जीवन जीने का अधिकार है। यह मौलिक अधिकार संविधान द्वारा गारंटीकृत और संरक्षित है। दुर्भाग्य से, कुछ समूहों को घृणा और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। किंग ने एक न्याय विभाग में कहा, इस पहल का उद्देश्य हमारे समुदायों की रक्षा करना, घृणित अपराधों और घृणा की घटनाओं की रिपोर्टिंग के लिए एक अवसर प्रदान करना और हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में विश्वास बढ़ाना है।




### 'कन्ना विच बालियां' सॉन्ग रिलीज यो यो हनी सिंह का दिखा अलग स्वैग

यो यो हनी सिंह ने अपने नए ट्रैक 'कन्ना विच बालियां' के लिए सिंगर होमी दिल्लीवाला और मॉडल व एक्ट्रेस अपर्णा नायर के साथ सहयोग किया है। रैपर ने इस रोमांटिक गाने के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इसमें 'चार्टबस्टर' बनने की पूरी क्षमता है। यो यो हनी सिंह 'बेगानी नार', 'अचको मचको', 'हाई हील्स', 'ब्रेक अप पार्टी' जैसे हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। हनी सिंह ने कहा: हम आपकी दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं, 'कन्ना विच बालियां' के साथ आगे बढ़ें और थिरकें। मैं अपने म्यूजिक से ऑडियंस को एंटरटेन करना चाहता हूं। मैं जो भी करूं, वह अलग होना चाहिए। मेरा माइंडसेट हिट सिंगल को लेकर नहीं होता है, मैं चाहता हूं, मैं जो भी करुं, वह हटकर होना चाहिए। होमी ने यह भी कहा: एक अपबीट सॉन्ग है। 'कन्ना विच वालियान' में यो यो हनी सिंह का स्वैग है, यह एक ऐसे साउंडस्केप से जुड़ा हुआ है, जो नए युग की धुन को उजागर करता है।

### आखिरकार रणदीप राय को 'बड़े अच्छे लगते हैं 2' में मिला लीड रोल

**'बड़े** अच्छे लगते हैं' के पहले सीजन का हिस्सा बनने में विफल रहने के बाद एक्टर रणदीप राय दूसरे सीजन का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। वह शो में राघव की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा एक एक्टर बनना चाहता हूं और मैंने पीहू के लवर की भूमिका के लिए 'बड़े अच्छे लगते हैं सीजन 1' के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन दुर्भाग्य से मेरा सलेक्शन नहीं हुआ। लेकिन मैंने हार नहीं मानी। मुझे राम और प्रिया की बेटियों में से एक के लवर के रोल में बुलाया गया। मेरी मेहनत रंग लायी, अब मैं शो के दूसरे सीजन में मुख्य भूमिका निभा रहा हूं। 'ये उन दिनों की बात है' के एक्टर ने अपने रोल के बारे में आगे बताया कि कैसे वह इतने प्रयास करने के बाद आखिरकार शो में भूमिका निभाने में सफल हो गए। उन्होंने कहा: मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं कि 9 साल बाद चीजें काम कर रही हैं और मैं इस तरह के शो का हिस्सा हूं। राघव एक ऐसा किरदार है जो सभी परिस्थितियों से शांत रहता है। उसके अंदर खुद को साबित करने की ललक है। मेरा मानना है कि राघव का किरदार निभाना मेरी किस्मत में था। शो ने 20 साल का लीप ले लिया है और प्रमुख कलाकार दिशा परमार, जिन्हें प्रिया के रूप में देखा गया था, और नकुल मेहता, जो राम की भूमिका निभा रहे थे, ने शो छोड़ दिया है और यह नहीं दिखाया गया है कि राम और प्रिया के बच्चे बड़े हो गए हैं और वे कैसे अपने जीवन को आकार दे रहे हैं।



### अरिजीत सिंह का 'बैड बॉय' का गाना 'तेरा हुआ' रिलीज

**आने** वाली फिल्म 'बैड बॉय' का पहला गाना 'तेरा हुआ' रिलीज किया गया। अरिजीत सिंह और ज्योतिका टांगरी द्वारा गाया गया गाने के वीडियो में नमाशी चक्रवर्ती और अमरीन हैं। नमाशी, अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बेटे हैं। गाने को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग मेंकुछ खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, और इसमें रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण के गाने 'खुदा जाने' जैसा ही वाइब है। 'तेरा हुआ' में मुख्य जोड़ी की शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है। गीत को हिमेश रेशमिया ने धुन दिया है। इसके बोल सोनिया कपूर रेशमिया द्वारा लिखे गए हैं।

### 'आशिकाना 3' में जैन के नए लुक का खुलासा




**डायरेक्टर** और प्रोड्यूसर गुल खान अपने शो 'आशिकाना' के तीसरे सीजन को लेकर काफी चर्चाओं में है। यह शो एक रोमांटिक थ्रिलर है, जिसमें जैन इबाद खान और खुशी दुबे लीड रोल में हैं। गुल खान वेब सीरीज में जैन के लुक को डिकोड करती हैं और बताती हैं कि वह शो में पूरी तरह से फिट क्यों है? गुल को 'गीत', 'कुबूल है', 'इस प्यार को क्या नाम दूं?', 'इश्कबाज', 'कुल्फी कुमार बाजेवाला', 'नजर', 'इमली' जैसे टीवी शो और वेब सीरीज बनाने के लिए जाना जाता है। वह जैन के ऑन-स्क्रीन करेक्टर यश के लुक के बारे में बताते हुए कहती है कि यह स्क्रिप्ट की डिमांड थी और उन्हें तीसरे सीजन में इस तरह पेश करने की जरुरत है। जैन और खुशी तीसरे सीजन में यश और चिक्की की अपनी भूमिकाओं को दोहरा रहे हैं।